kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-227 ❐ शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



श्री गांधी का चुनाव आयोग पर ताजा आरोप ''हाइड्रोजन बम की जगह फुलझड़ी'' साबित हुआ है 90 चुनाव हारने में बाद कांग्रेस और उनके प्रमुख नेता हताश हैं जिसके चलते निराधार आरोप लगाना श्री गांधी की अब आदत बन गयी है। अनुराग ठाकुर

मुठभेड़ में पांच लाख की इनामी महिला नक्सली बुस्की ढेर 11

दिल्ली में 502 पालनाघर आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्रों का शुभारंभ 12

## संक्षेप

### सीतापुर में बच्ची के साथ दुराचार और हत्या के आरोपी को फांसी की सजा

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले की एडीजे कोर्ट पोक्सो एक्ट ने एक सात वर्षीय बच्ची की दुराचार के बाद हत्या के मामले में गुरुवार को एक अभियुक्त को फांसी की सजा सुनाई है। अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर वापस कारागार भेज दिया है। मामले की पैरवी कर रहे एडीसी अभियोजन गोविंद मिश्रा एडवोकेट ने बताया कि थाना इमलिया सुल्तानपुर के एक गांव में 13 जनवरी 2019 को एक सात वर्षीय बालिका गायब हुई थी। बाद में उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान नीलू को गिरफ्तार करके पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया था। पुलिस ने साक्ष्यों के साथ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। सशक्त अभियोजन पक्ष की दलीलों एवं सबूत के आधार पर पास्को एक्ट न्यायालय के न्यायाधीश भागीरथ वर्मा ने उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई। बच्ची के परिजनो ने फैसले के बाद कहा कि उन्हे व उनकी मृत बच्ची को न्याय मिला है।

### अडानी समूह को सेबी ने दी क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गौतम अडानी समूह को बड़ी राहत दी है। सेबी ने अडानी समूह पर अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए स्टॉक हेरफ़ेर के आरोपों को खारिज कर दिया है। सेबी ने बताया कि अडानी समूह से जुड़े आरोपों की जांच पूरी हो चुकी है और आरोप साबित नहीं हुए। सेबी के मुताबिक न तो नियमों का उल्लंघन हुआ, न ही मार्केट मैन्युपलेशन या इनसाइडर ट्रेडिंग के सबूत मिले हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि नियामक ने मामले में कोई उल्लंघन नहीं पाया। उसने कहा कि यह देखते हुए कि उस समय असंबंधित पक्षों के साथ इस तरह के लेन-देन संबंधित पक्ष सौदे के रूप में पात्र नहीं थे। इसका कारण 2021 के संशोधन के बाद ही परिभाषा का विस्तार किया गया था। सेबी ने कहा कि कर्ज ब्याज सहित चुकाए गए थे, कोई धनराशि नहीं निकाली गई थी और इसलिए कोई धोखाधड़ी या अनुचित व्यापार व्यवहार नहीं हुआ था। इसको देखते हुए अडानी समूह के खिलाफ सभी कार्यवाही रद्द कर दी गई है।

### क्वालिटी बार मामले में आजम खान को जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से सपा नेता आजम खां को रामपुर के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जा करने के मामले में जमानत मिल गई है। इससे उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने आजम खां की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। आजम खां पर विभिन्न आरोपों में लगभग 96 मुकदमे दर्ज हैं। आजम के अधिवक्ता मोहम्मद खालिद के मुताबिक उन्हें सभी मामलों में जमानत मिल चुकी है। अगर इस बीच कुछ और नहीं होता है तो जल्द वह जेल से बाहर आ जाएंगे। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में एक-दो दिन का समय लग सकता है।

# नेपाल में शांति और स्थिरता के प्रयासों का समर्थन : मोदी

एजेंसी



❐ अपने नेपाली समकक्ष से मोदी ने बात की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से बात की और नेपाल में शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों में भारत के समर्थन को दोहराया।

श्री मोदी ने नेपाल की प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री कार्की और वहां की जनता को नेपाल के राष्ट्रीय दिवस की हार्दिक बधाई भी दी। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में लिखा , '' नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री श्रीमती सुशीला कार्की से गर्मजोशी के साथ बातचीत हुयी। वहां हाल ही में हुई दुखद मौतों पर गहन संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के अटूट समर्थन की पुष्टि की। इसके अलावा मैंने कल नेपाल के राष्ट्रीय दिवस पर उन्हें और नेपाल की जनता को हार्दिक बधाई दी। दोनों नेताओं की बातचीत से पहले नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मंगलवार को प्रधानमंत्री कार्की से शिष्टाचार भेंट की थी। मुलाकात के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने नेपाल की प्रगति और समृद्धि में सहयोग के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि यह सहयोग आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। उन्होंने नेपाल के विकास और पुनर्निर्माण में भारत की ओर से सहायता दिये जाने की पुष्टि करते हुये कहा कि भारत नेपाल में शांति, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में है। 'नेपाल खबर' की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री कार्की ने भारतीय राजदूत से कहा था कि वह गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष के साथ आपसी हितों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगी। इससे पहले ● शेष पेज 11 पर

# 'मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं'

एजेंसी



❐ भगवान विष्णु की मूर्ति पर टिप्पणी को लेकर हुआ विवाद तो मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने दी सफाई

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण से जुड़े एक मामले में की गई टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर बवाल हो गया है। अब सीजेआई ने कहा है कि वो सभी धर्मों को सम्मान करते हैं।

उन्होंने कहा, ''किसी ने मुझे कल बताया कि मेरी ओर से की गई टिप्पणियों को सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं।'' मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने 16 मई को मध्य प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर परिसर के एक हिस्से, जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फीट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। इस याचिका को ''प्रचार हित याचिका'' करार देते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''यह विशुद्ध रूप से प्रचार हित याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहो।

यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं, तो आप प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान करें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था, ''इस बीच, यदि आप शैव धर्म के विरोधी नहीं हैं तो आप वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां शिव का एक बहुत बड़ा लिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़ा है। पीठ ने राकेश दलाल की ओर दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर कई आलोचनात्मक पोस्ट प्रकाशित हुईं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''मैं पिछले 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं, यह भी गंभीर है, हम न्यूटन के नियम को जानते थे कि प्रत्येक क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है... अब प्रत्येक क्रिया पर सोशल मीडिया पर असमानुपातिक प्रतिक्रिया होती है।'' विधि अधिकारी ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश ने सभी धार्मिक स्थलों का दौरा किया है।

# जीएसटी दरों में कमी पीएम का दीवाली गिफ्ट

## 22 सितंबर से लागू हो रही नई जीएसटी दरों को लेकर सीएम योगी ने की प्रेस वार्ता, मोदी और निर्मला सीतारमण का जताया आभार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के निर्णय को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला बताया

❐ बोले- जीएसटी रिफॉर्म्स रोजगार सृजन की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा

❐ स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने की टैक्स रिफॉर्म की घोषणा और 20 दिनों में आ गए उसके परिणाम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी दरों में कमी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के लिए एक बड़ा दीवाली गिफ्ट करार दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय देशवासियों को महंगाई से राहत और व्यापार को गति देने वाला है। यह केवल टैक्स सुधार नहीं बल्कि हर नागरिक के जीवन को सरल बनाने वाला दीपावली का उपहार है। उपभोक्ताओं, किसानों, कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले इन सुधारों का लाभ 22 सितम्बर से, यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। घोषणा के 20 दिनों के अंदर सामने आए परिणाम मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने जिस टैक्स रिफॉर्म की घोषणा की थी, उसके परिणाम महज 20 दिनों में सामने आ गए। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में तीन सितम्बर को लिए गए फैसले अब लागू हो रहे हैं। यह केवल एक टैक्स सुधार नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देने वाला व्यापक अभियान है। जीएसटी में अब तक का सबसे बड़ा रिफॉर्म मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले देश में अलग-अलग कर लागू थे, जिनमें वैट, सेल टैक्स, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, एंट्री टैक्स और मनोरंजन कर जैसे जटिल कर उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भारी पड़ते थे। जीएसटी ने इन्हें समाहित कर देश को वन नेशन, वन टैक्स की व्यवस्था दी। अब जीएसटी में सबसे बड़ा सुधार किया गया है। पहले जीएसटी की चार दरें 5, 12, 18 और 28 फीसदी लागू थी लेकिन अब सिर्फ दो दरें 5 और 18 को रखा गया है। 12 और 28 की दरें समाप्त कर दी गई हैं। कुछ विलासिता की वस्तुओं पर 40 फीसदी टैक्स यथावत रहेगा। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार, हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5% या 0% टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोज़मर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में तेजी आएगी। किसानों और ग्रामीण भारत को फायदा मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुधार किसानों और ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक है। ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर टैक्स घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। यह कदम न केवल किसानों को राहत देगा बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। बीमा और इलाज होगा सस्ता मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है। इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है। पहले कार और बाइक पर 28 फीसदी जीएसटी लगता था, अब इसे घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है यानी सीधे 10 फीसदी की कटौती। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से न ● शेष पेज 11 पर

### दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटर एनकाउंटर में ढेर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश बुधवार को गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए।

पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में इस एनकाउंटर को अंजाम दिया। एसटीएफ के अनुसार मारे गए बदमाशों की पहचान रोहतक निवासी रविंद्र और सोनीपत निवासी अरुण के रूप में हुई है। दोनों पर हत्या, रंगदारी व अन्य गंभीर अपराधों के मामले दर्ज थे और इनके तार हरियाणा के कुख्यात रोहित गोदारा व गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े हुए पाए गए। मौके से पुलिस ने एक ग्लॉक पिस्टल, जिगाना पिस्टल और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा एक सफ़ेद अपाचे बाइक भी मिली है, जिस पर दोनों आरोपी वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। गौरतलब है कि पिछली 12 सितंबर की सुबह लगभग 3:45 पर बरेली के सिविल लाइंस क्षेत्र में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर के बाहर बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस दौरान करीब 8 से 10 राउंड गोलियां चलाई गईं। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। ● शेष पेज 11 पर

# मुख्य सचिव के पास से सभी विभाग हटे

## प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में बड़ा बदलाव

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




लखनऊ। यूपी में आईएएस अफसरों को ताबड़तोड़ तबादले जारी हैं। तीन दिन में दूसरी बार वरिष्ठ आईएएस अफसरों का ट्रांसफर किया गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने अपने सभी विभाग अपर मुख्य सचिवों और प्रमुख सचिवों में बांट दिया है। इसके साथ ही कई प्रमुख सचिवों के विभागों में फ़ेरबदल किया गया है। 13 आईएएस अफसरों की जिम्मेदारियां बदली हैं। गुरुवार के तबादले को बहुत बड़ा बदलाव माना जाना चाहिए। विभागों के प्रमुख सचिव कई साल में एक बार ही बदले जाते रहे हैं। गुरुवार को भी कई ऐसे प्रमुख सचिव बदले हैं जो तीन से चार साल तक अपने पद पर थे।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने खुद को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी उपशा, अपर मुख्य सचिव समन्वय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा परियोजना निदेशक, यूपीडास्प के पद से अवमुक्त कर लिया है।

दीपक कुमार को अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पद से अवमुक्त कर उन्हें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष, पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, अपर मुख्य सचिव, नागरिक उड्डयन एवं समन्वय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा परियोजना निदेशक, यूपीडास्प के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पार्थसारथी सेन शर्मा को प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ अब वह प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग भी रहेंगे।

अमित कुमार घोष के पास मौजूद प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य विभाग का प्रभार अब मुकेश कुमार मेश्राम को सौंप दिया गया है। मुकेश कुमार मेश्राम अभी तक प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग था। अमृत अभिजात के पास प्रमुख सचिव, ● शेष पेज 11 पर

# 10 जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस अफसरों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ देवरिया, कुशीनगर और आजमगढ़ के एसपी को हटाकर डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया

❐ उन्नाव, अलीगढ़, हरदोई, सोनभद्र, प्रतापगढ़, अम्बेडकरनगर, औरैया के एसपी भी बदले गए

❐ लगातार दूसरे दिन पुलिस अफसरों को इधर से उधर किया गया

लखनऊ। शासन ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार को 10 जिलों के पुलिस अधीक्षक समेत 16 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। इस फ़ेरबदल में उन्नाव, देवरिया, अलीगढ़, हरदोई, सोनभद्र, प्रतापगढ़, आजमगढ़ अम्बेडकरनगर, कुशीनगर और औरैया के एसपी बदले गए हैं। इसमें आजमगढ़, कुशीनगर और देवरिया के एसपी को हटाकर डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। बुधवार को भी सात आईपीएस और 57 पीपीएस अफसरों की तैनाती में फ़ेरबदल किया गया था।

गुरुवार को हुए तबादलों में लखनऊ सुरक्षा मुख्यालय में तैनात जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी, अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया, हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को अलीगढ़, सोनभद्र के एसपी अशोक कुमार मीना को हरदोई, एसपी रेलवे आगरा अभिषेक वर्मा को सोनभद्र उन्नाव के एसपी दीपक भूकर को प्रतापगढ़, प्रतापगढ़ के एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वितीय को आजमगढ़ का एसएसपी, अम्बेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर, औरैया के एसपी अभिजीत आर शंकर को अम्बेडकरनगर, प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। इनके अलावा आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना, कुशीनगर के एसपी संतोष कुमार मिश्र, देवरिया के एसपी विक्रांत वीर को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं प्रयागराज चौथी वाहिनी पीएसी के सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को ● शेष पेज 11 पर

# दो साल पहले ही दे दी गईं थीं सारी सूचनाएं : आयोग

एजेंसी




नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सभी आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि उन्हें आलंद विधानसभा क्षेत्र के बारे में जो जानकारी चाहिए थी वह कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक को दो साल पहले ही उपलब्ध करा दी थी।

आयोग ने गुरुवार को आलंद को लेकर श्री गांधी के सवाल पर कहा कि यह प्रकरण 2023 का है और इस बारे में प्राथमिकी 21 फरवरी 2023 को दर्ज की गई थी और इससे संबंधित सारी जानकारी आयोग 6 सितंबर 2023 को कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक को साझा कर चुका है। चुनाव आयोग ने इस प्रकरण पर यह भी कहा कि निर्वाचन कार्यालय को फॉर्म-7 में कुल 6,018 आवेदन प्राप्त हुए, जो कि एनवीएसपी, वीएचए, गरुड़ ऐप्स आदि के माध्यम से दिसंबर 2022 में ऑनलाइन जमा किए गए थे। आयोग को जब लगा कि आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम इतने बड़े पैमाने पर ऑनलाइन आवेदन आ रहे हैं तो उसे मामला संदेहास्पद लगा तो प्रत्येक आवेदन का सत्यापन कराया ● शेष पेज 11 पर

# वोट चोरी एक संगठित साजिश का हिस्सा : राहुल गांधी

एजेंसी

### 'सीआईडी ने 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र भेजे'

कर्नाटक में चल रही जांच का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि सीआईडी ने 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र भेजे हैं और कुछ बहुत ही सरल तथ्य मांगे हैं, जैसे कि वह गंतव्य आईपी पता, जहां से ये आवेदन भरे गए थे और ओटीपी ट्रेल्स। उन्होंने दावा किया कि वे इसे इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि इससे हमें पता चल जाएगा कि यह ऑपरेशन कहां चलाया जा रहा है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार पर ऐसा करने वालों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कोई व्यक्ति पूरे भारत में लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए व्यवस्थित रूप से निशाना बना रहा है। मैं विपक्ष का नेता हूं और मैं ऐसा कुछ नहीं कहूंगा जिसके 100 प्रतिशत प्रमाण न हों। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अलंद में किसी ने 6,018 वोट हटाने की कोशिश की और संयोगवश पकड़ा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मतदाताओं के नाम व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे। राहुल ने कहा, 'चुनाव आयोग जानता है कि यह कौन कर रहा है। मैं चाहता हूं कि भारत का हर युवा यह जाने कि वे आपके भविष्य के साथ ऐसा कर रहे हैं। जब वे यह जानकारी नहीं दे रहे हैं, तो वे लोकतंत्र के हत्यारों का बचाव कर रहे हैं।'



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि देश में 'वोट चोरी' की जा रही है और सोची समझी रणनीति के तहत अत्यंत व्यवस्थित तरीके से विपक्षी दलों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाये जा रहे हैं तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार यह काम करने वालों को बचा रहे हैं।

श्री गांधी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने का काम व्यवस्थित तथा केन्द्रीयकृत रूप से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और उनके खिलाफ की जा रही जांच में कोई मदद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6018 मतदाताओं के नाम काटे गये जिसके उनके पास सबूत हैं। यह काम सिर्फ आलंद में ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में भी उसी तरीके से हुआ है और वहां 6,850 मतदाताओं के नाम जोड़े गये हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात आदि राज्यों में इसी तरह से 'वोट चोरी' का काम किया जा रहा है। उनका कहना था कि यह चोरी केंद्रीकृत रूप में हो रही है ओर इसके मास्टरमाइंड का पकड़ा जाना जरूरी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि जिनके वोट काटे जा रहे हैं उन्हें इसका पता ही नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'वोट चोरी' एक बीएलओ के जरिए पकड़ी गयी, जिसके रिश्तेदार का वोट काट दिया गया था। बीएलओ ने पता किया तो पता चला कि उनके रिश्तेदार का वोट उसी के पड़ोसी ने कटवाया है। बीएलओ ने जब पड़ोसी से पूछा तो उसने बताया कि हमने वोट नहीं कटवाया। जब शक बढ़ा तो बीएलओ ने जांच शुरू की तो पता चला कि किसी तीसरे व्यक्ति ने आलंद में केंद्रीकृत तरीके से नाम हटवाये हैं। इसमें ये भी पता चला कि नाम हटाने के लिए 'फाइलिंग ऑनलाइन ऑटोमेटेड' तरीके से हुई और जो मोबाइल नंबर इस्तेमाल हुए, वो कर्नाटक के बाहर के नंबर थे। उन्होंने कहा कि आलंद में मतदाताओं के नाम काटे जाने की संख्या 6018 पता चली है लेकिन यह और भी अधिक हो सकती है। इस पूरी जांच में ये भी पता चला कि कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाकर, उनके नाम काटे गये हैं। श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस को निशाना ● शेष पेज 11 पर

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

## योजनाओं के क्रियान्वयन में नवाचार को दे बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम, सीओ व विद्युत विभाग के अधिकारी प्रत्येक माह जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान कराएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री द्वारा सीएमओ को निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर समस्त सीएचसी व पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाय। स्वच्छता के प्रति लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये साथ ही मासिक रूप से सभी कार्यालयों में एक दिन स्वच्छता अभियान संचालित किया जाये जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल हों। उप मुख्यमंत्री ने डीएम को निर्देश दिया कि बैठक से अनुपस्थित रहने वाले जिम्मेदार अधिकारियों का एक दिन का वेतन बाधित किये जाने की कार्यवाही की जाय। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि सभी कार्डधारकों को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने निर्देश दिया कि मेडिकल कालेज में मानक के अनुसार सभी संसाधन मुहैय्या कराये जाएं ताकि मेडिकल कालेज आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। बिजली आपूर्ति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि स्थानीय फाल्ट व ट्रांसफार्मर की मरम्मत इत्यादि का कार्य समय से पूर्ण करते हुए शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति में यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में लाते हुए उनका सहयोग भी प्राप्त किया जाय। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि जो भी कार्य कराये जायें उसमें मानक व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। लाईन लास को कम करने के लिए अभियान संचालित करें तथा आमजन के फोन को अनिवार्य रूप से उठाया जाय। उन्होंने चिकित्सालय के निकट स्थापित बिलिंग काउण्टर तथा पानी टंकी चौराहा के निकट स्थापित ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के लिए बिजनेस प्लान में शामिल करने के निर्देश दिये गये। वन्य जीव प्रभावित क्षेत्रों में चौबिसो घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम को निर्देश दिया कि अभियान संचालित कर बकाया वरासत की कार्यवाही की जाय ताकि आश्रितों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने में असुविधा न हो। रबी सीजन को देखते हुए जनपद में पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाय तथा जमाखोरी व ओवररेटिंग करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय।

## श्वेतिमा माधव प्रिया ने सप्तम दिवस पर सुनाया सुदामा चरित्र और कृष्ण का निजधाम गमन, श्रद्धालु हुए भाव विह्वल

गोरखपुर । बहार क्लस्टर, सहारा स्टेट, गोरखपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस (विश्राम दिवस) पर विश्व की सबसे कम आयु की अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने सुदामा चरित्र और भगवान श्रीकृष्ण के निजधाम गमन का भावपूर्ण और अलौकिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति-रस से सराबोर कर दिया।उन्होंने सुदामा चरित्र सुनाते हुए कहा कि सच्ची मित्रता और भक्ति का अर्थ केवल सांसारिक सहयोग नहीं, बल्कि हृदय का सच्चा समर्पण है। भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा के तिनके चावलों को प्रेमपूर्वक स्वीकार कर यह सिद्ध किया कि भक्ति ही ईश्वर के लिए सर्वोच्च धन है।इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के निजधाम गमन का हृदयस्पर्शी प्रसंग सुनाया। जब झांकी में कृष्ण के स्वधाम गमन का दृश्य प्रस्तुत हुआ, तो पंडाल करुणा और भक्ति से भर गया। श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं और पूरा वातावरण ञ्जजय श्रीकृष्णङ्क के जयकारों से गूंज उठा।कथा के समापन पर भागवत विश्राम हवन सम्पन्न हुआ।

## दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी में मंत्री नरेन्द्र कश्यप हुए शामिल, ट्राइसाइकिल व उपकरण वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग श्री नरेन्द्र कश्यप गुरुवार को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित ''दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी'' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।मंत्री ने प्रदर्शनी के प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन कर दिव्यांगजनों के उत्पादों की सराहना की और कहा कि उनकी कला और हुनर किसी भी सामान्य व्यक्ति से कम नहीं है। उन्होंने दिव्यांगजनों को 5 मोटराइज्ड साइकिल, 20 ट्राइसाइकिल, एमआर किट, ब्रेल किट और स्मार्ट केन का वितरण किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।अपने संबोधन में मंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार दिव्यांगजनों की शिक्षा, आजीविका और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लगभग 1100 करोड़ रुपये के बजट से वार्षिक भरण-पोषण राशि, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, कृत्रिम अंग व उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।प्रदर्शनी में 50 से अधिक स्टॉल लगे, जिनमें दिव्यांगजनों द्वारा बनायी गयी साड़ियां, कपड़े, मिट्टी के बर्तन, मोमबत्तियां और घरेलू सामान आकर्षण का केंद्र रहे। विशेष बच्चों ने नृत्य, योग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना पाई।इस अवसर पर फाफामऊ विधायक गुरू प्रसाद मौर्य, उप निदेशक दिव्यांगजन अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला दिव्यांगजन अधिकारी अशोक कुमार गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने नवरात्रि, दुर्गापूजा व दशहरा की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

**प्रयागराज**। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को नवरात्रि, दुर्गापूजा एवं दशहरा उत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कल्याणी देवी, ललिता देवी मंदिर, पजावा-अतरसुईया, पथरचट्टी, रामबाग समेत विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दल वाले मार्गों पर जर्जर विद्युत तारों को व्यवस्थित करने, सड़कों व नालियों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व साफ-सफाई कार्य समय से पूर्ण करने को कहा।पीडब्ल्यूडी को गड्ढों की मरम्मत और पेड़ों की छंटाई कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, फायर ब्रिगेड विभाग को सभी पंडालों में फायर सेफ्टी उपकरण, बालू की उपलब्धता और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के आदेश दिए।इस अवसर पर एडीएम सिटी सत्यम मिश्र, अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज में अवैध रूप से संचालित तीन क्लीनिक और एक अस्पताल सील

**प्रयागराज**। आईजीआरएस पोर्टल पर लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार अवैध चिकित्सा संस्थानों को सील कर दिया।ग्राम खानपुरडांडी, ब्लॉक प्रतापपुर, थाना सरांय ममरेज स्थित रणजीत पटेल क्लीनिक को सील किया गया। वहीं, खानपुरडांडी के पास अंबेडकर चौराहे पर अवैध रूप से संचालित दो अन्य क्लीनिकों को भी बंद कराया गया।शिकायत के आधार पर कटहरा स्थित राहुल हास्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नवीनीकरण न होने, योग्य चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की अनुपस्थिति पाए जाने पर अस्पताल को सील कर दिया गया।यह कार्रवाई मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में की गई।

## सड़क हादसे में तीन लोगो की हुई मौत

**प्रयागराज** । जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शिवकुटी थाना क्षेत्र के मजार चौराहा की है, जहां एक ही बाइक पर सवार चार लोग बिजली के खंभे से टकरा गए। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर शिवकुटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिविल लाइंस के पॉश इलाके में बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद

**प्रयागराज**। सिविल लाइंस क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महात्मा गांधी मार्ग स्थित रोबोट चौराहे के पास अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक चुरा ली। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चोर बड़ी आसानी से बाइक को लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी सिविल लाइंस थाने को दी और तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फुटेज खंगालते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## ड्रोन की अफवाह पर युवक की पिटाई, पुलिस ने लिया हिरासत में

**प्रयागराज**। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गंगानगर जोन अंतर्गत बागी पनपट्टी चौराहे पर अफवाह ने बड़ी घटना को जन्म दे दिया। जानकारी के अनुसार एक युवक अपनी बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों ने ड्रोन उड़ाने की अफवाह फैलते ही युवक को संदेह के आधार पर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि पुलिस से करें।

## फर्जी पत्रकारों की वसूली से जनता परेशान, कार्रवाई की मांग तेज

**प्रयागराज**। यमुनापार इलाके में फर्जी पत्रकारों की बढ़ती संख्या से आमजन परेशान हैं। आरोप है कि ये कथित पत्रकार लगातार वसूली कर रहे हैं और कई बार पुलिस के शिकंजे से बचने के लिए अपने आप को पत्रकार बताकर दबाव बनाते हैं। इनके खिलाफ पूर्व में भी वसूली को लेकर कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, यहां तक कि 386 जैसे गंभीर मामलों में कुछ पर आरोप हैं, लेकिन न्यायालय में चार्जशीट न जाने से वे खुलेआम घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने और अन्य कथित पत्रकारों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

## सीडीओ ने जल जीवन मिशन की समीक्षा में कार्यदायी संस्थाओं को दिए सख्त निर्देश

**प्रयागराज**। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बजट की प्रतीक्षा में कार्य की गति किसी भी दशा में धीमी नहीं होनी चाहिए। सीडीओ ने एल एंड टी, गजा इंजीनियरिंग तथा वीपीआरपीएल को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सीडीओ ने सख्त लहजे में एल एंड टी को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, वहां किसी भी स्थिति में जलापूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं पर पाइपलाइन लीकेज की समस्या उत्पन्न होती है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ब्लॉकवार नोडल अधिकारी प्रत्येक 15 दिन में विस्तृत आख्या प्रस्तुत करेंगे, ताकि प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सके। साथ ही रोड रेस्टोरेशन कार्य हर हाल में शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, जिसकी जांच टीपीआई के माध्यम से कराई जाएगी।इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे, जल निगम के कार्यपालक अभियंता एवं डीसीडी पीएमयू के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुकदमे से आहत युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज** । जिले के थाना शाहगंज क्षेत्र में आकिब नामक युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि शाहगंज पुलिस द्वारा पूरे परिवार पर मुकदमा दर्ज किए जाने से आकिब मानसिक रूप से आहत हो गया था। इसी दबाव और घबराहट के चलते उसने यह कदम उठाया। घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात काबू करने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एससी/एसटी आयोग सदस्य ने की योजनाओं व उत्पीड़न मामलों की समीक्षा

**प्रयागराज** । अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री रमेश चन्द्र कुण्डे ने संगम सभागार में बैठक कर एससी/एसटी से जुड़ी योजनाओं व उत्पीड़न मामलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की सभी संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर मिले और कोई वंचित न रहे। छात्रवृत्ति, पेंशन, सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। मा0 सदस्य ने लंबित उत्पीड़न प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर पीड़ितों को अनुमन्य धनराशि उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। बैठक के उपरांत श्री कुण्डे ने आईईआरटी परिसर स्थित एससी/एसटी छात्रावास का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने हेतु संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।बैठक में ई-रिक्शा संचालन के लिए डेटा तैयार कर कलर कोडिंग के आधार पर रूट तय करने, राष्ट्रीय राजमार्गों के नजदीक ट्रामा सेंटरों व अस्पतालों की मैपिंग कर उन्हें क्रियाशील रखने, सड़क सुरक्षा मित्रों के कार्यक्रम को प्रभावी बनाने तथा विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था सुधारने, अव्यवस्थित कटों को बंद कराने, क्षतिग्रस्त सड़कों, सीवर लाइन व ढक्कनों की मरम्मत कराने तथा प्राइवेट बसों व वाहनों के लिए निर्धारित स्थल चिन्हित करने को कहा।सड़क सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, परिवहन विभाग, सीएमओ, टैक्सी-टेम्पो यूनियन पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में नीट छात्र हत्याकांड : आरोपी रहीम पुलिस एनकाउंटर में घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। नीटछात्र दीपक की हत्या के आरोपी पशु तस्कर रहीम को पुलिस ने बुधवार दोपहर कुशीनगर में एनकाउंटर में घायल कर दबोच लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल भेजा है।सोमवार रात गोरखपुर के पिपराइच क्षेत्र के मऊआचापी गांव में पशु तस्करों और ग्रामीणों के बीच भिड़ंत के दौरान 19 वर्षीय छात्र दीपक की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने पीट-पीटकर उसका सिर कुचल दिया और शव को चार किलोमीटर दूर फेंक दिया था। घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।घटना के करीब 23 घंटे बाद मंगलवार रात एसएसपी राज करन नय्यर ने लापरवाही बरतने पर जंगल धूषण चौकी इंचार्ज ज्योति नारायण तिवारी समेत चार कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया और पूरी चौकी के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी। देर रात एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश भी गोरखपुर पहुंचे और मामले की समीक्षा की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की तैनाती कर दी गई है।दरअसल, सोमवार रात करीब 11.30 बजे 10S12 पशु तस्कर दो पिकअप गाड़ियों से गांव पहुंचे थे। गांव के प्रवेश द्वार पर स्थित दुर्गेश गुप्ता की फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। आवाज सुनकर दुकान के ऊपर स्थित ट्रैवल ऑफिस में सो रहा युवक सतर्क हो गया और तुरंत दीपक को सूचना दी। शोर सुनकर दीपक स्कूटी से मौके पर पहुंचा। इसी दौरान ग्रामीण भी वहां जमा हो गए।ग्रामीणों का सामना होने पर पशु तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी और भगदड़ के बीच दीपक को जबरन गाड़ी में खींच लिया। बाद में उसकी हत्या कर शव को दूर फेंक दिया गया।

# गोरखपुर सांसद रवि किशन की पहल पर सड़क परियोजनाओं को मिली हरी झंडी

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लिया सज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वांचल में सड़क और यातायात सुविधाओं के विस्तार को लेकर गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ला की पहल एक बार फिर रंग लाई है। सांसद द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे गए प्रस्तावों पर मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।सांसद रवि किशन शुक्ला ने एनएच-27 (गोरखपुर-लखनऊ राजमार्ग) और एनएच-24 (वाराणसी-गोरखपुर राजमार्ग) पर बाईपास रोड, सिक्स लेन और वैकल्पिक लिंक-रोड निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि इन मार्गों पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे जाम और दुर्घटनाएं आम हो चुकी हैं। गोरखपुर महानगर और उससे सटे कस्बों-गाँवों को राहत देने के लिए सड़क विस्तार समय की जरूरत है।सांसद की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तुरंत सज्ञान लिया और पत्र भेजकर आश्वस्त किया कि प्रस्तावित मार्गों के विकास के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।इस उपलब्धि पर सांसद रवि किशन शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा-*''प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' का जो सपना साकार हो रहा है, उसका सीधा लाभ गोरखपुर सहित पूरे पूर्वांचल को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदृष्टि और मार्गदर्शन में आज उत्तर प्रदेश तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में जो क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है, वह इसी नेतृत्व की देन है।''*उन्होंने आगे कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि व्यापार, उद्योग और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। खासकर गोरखपुर-लखनऊ और वाराणसी-गोरखपुर मार्ग धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। इनके विकास से गोरखपुर की पहचान और मजबूत होगी तथा लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

## नवरात्रि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विन्ध्याचल स्टेशन पर 22 ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा क्वार नवरात्रि मेले के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 22 सितंबर 2025 से 01 अक्टूबर 2025 एवं 06 अक्टूबर 2025 तक कुल 22 ट्रेनों को विन्ध्याचल स्टेशन पर दो मिनट का अस्थाई ठहराव प्रदान किया जाएगा। इनमें हावड़ा-जोधपुर (12307), हावड़ा-बीकानेर (22307), जोधपुर-हावड़ा (12308), बीकानेर-हावड़ा (22308), पुरी-आनंद विहार टर्मिनल (12801), आनंद विहार टर्मिनल-पुरी (12802), लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पाटलिपुत्र (12141), पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक टर्मिनल (12142), जोगबनी-आनंद विहार टर्मिनल (12487), आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी (12488), दिल्ली-कामख्या (15657), कामख्या-दिल्ली (15658), लोकमान्य तिलक टर्मिनल-डिब्रूगढ़ (15945), डिब्रूगढ़-लोकमान्य तिलक टर्मिनल (15946), लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गुवाहाटी (15647), गुवाहाटी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल (15648), भागलपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल (12335) समेत अन्य ट्रेने शामिल है।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

**संदर्भः— निविदा सूचना सं. 106—सिग—टेन्डर—26—2025—26 दिनांकः 09.09.2025 के लिये शुद्धिपत्र।**

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाये।

IREPS पर कार्य का नाम ''इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ डी.एस.टी./एल.के.ओ., डी.इस.टी./I/एल.के.ओ. एण्ड ए.डी.इस.टी./एल.के.ओ. ऑफ लखनऊ डिवीजन के स्थान पर **''इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ डी.एस.टी./एल.के.ओ., डी.इस.टी./I/एल.के.ओ. एण्ड ए.डी.इस.टी./एल.के.ओ. ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवेज''** पढ़ा जाए।

अन्य शर्ते पूर्ववत् ही रहेंगी।

नं. 106—सिग—टेन्डर—26—2025—26 शुद्धिपत्र दिनांकः 15.09.2025 2876/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा नोटिस**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप. मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा संख्या 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी https://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 13.10.2025 समय (11.30Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई—टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| |
|---|
| **NIT संख्या:** 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 18.09.2025 |
| **निविदा संख्या:** 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 |
| **कार्य का नामः** उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण से संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। |
| **निविदा प्रपत्र लागतः** कुछ नहीं। |
| **लगभग निविदा मूल्यः** रु.1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैंतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) |
| **बोली सुरक्षाः** रु.2,20,800/- (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| **समापन की अवधिः** 12 (बारह) माह |
| **ऑफर की वैधताः** 60 दिन |
| **IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांकः** 18.09.2025 |
| **जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है:** 29.09.2025 |
| **निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समयः** 13.10.2025 (11.30Hrs.) |
| **पात्रता मापदंडः** निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

**ध्यान दें: (i)** ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। **(ii)** सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। **यहां तक कि निविदाओं के सू—मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"**

**टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।**

**No. 143R2-DyCEE-C-LKO-2025-26 दिनांकः 18.09.2025 2871/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गोरखपुर विश्वविद्यालय में चुनाव रोके, दिल्ली में अपील

## छात्र नेता ने सांसद रवि किशन से पूछा सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रनेता आदित्य शुक्ला के नेतृत्व में छात्रों ने गुरुवार को गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला के खिलाफ प्रदर्शन किया। आदित्य शुक्ला का आरोप है कि सांसद जी दिल्ली में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं, जबकि गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव पर लगी रोक को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं।*पुलिस ने रोका और थाने ले गई*प्रदर्शनकारी छात्र जब सांसद के गोरखपुर आवास पर प्रदर्शन करने के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें बीच में रोक लिया और रामगढ़ ताल थाने ले गई। छात्रों को करीब 3 घंटे तक थाने में बैठाया गया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।*लोकतंत्र में प्रदर्शन करना है अधिकार*आदित्य शुक्ला का कहना है कि लोकतंत्र में प्रदर्शन करना उनका अधिकार है और वे अपने सांसद से गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की बहाली की मांग कर रहे हैं। छात्रों ने सवाल उठाया कि अगर सांसद गोरखपुर के छात्रों की मांगों को नहीं सुन सकते हैं, तो वे दिल्ली में किस प्रकार से विद्यार्थी परिषद के पक्ष में वोट देने की अपील कर सकते हैं।*छात्रों ने की मांग*छात्रों ने मांग की है कि गोरखपुर विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की बहाली की जाए और सांसद जी अपने दोहरे चरित्र को त्यागकर गोरखपुर के छात्रों के हितों की रक्षा करें।इस दौरान ऋषभ सिंह, प्रशांत पाण्डेय, राजवीर सिंह, अरमान पाठन, रिशु दूबे, नवनीत, शेखर, देवेंद्र आदि छात्र मौजूद रहें।

# अंजु प्रजापति चौथी बार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नियुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय और महिलाओं की आवाज़ को बुलंद करने वाली अंजु प्रजापति को एक बार फिर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य नियुक्त किया है। यह उनका चौथा कार्यकाल होगा।

अंजु प्रजापति ने वर्ष 2020 से 2022 तक राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में कार्य किया। इसके बाद 2024 से सितम्बर 2025 तक उन्हें दोबारा इस दायित्व का अवसर मिला। अब 2025 से 2026 तक लगातार चौथी बार सदस्य नियुक्त होकर वे एक बार फिर महिला हितों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएँगी।

अपने कार्यकाल के दौरान अंजु प्रजापति ने महिला हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण और उत्पीड़न से जुड़े सैकड़ों मामलों का



**अंजु प्रजापति ने वर्ष 2020 से 2022 तक राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में कार्य किया**

निस्तारण किया है। उन्होंने पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए कई मामलों में त्वरित न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता के कारण महिला आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ी है।

महिला सशक्तिकरण और समाजसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। वे लगातार समाज में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान की दिशा में कार्य करती रही हैं। अंजु प्रजापति का कहना है कि महिला आयोग केवल शिकायत निवारण का मंच नहीं बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का माध्यम भी है।

उनकी पुनर्नियुक्ति पर महिला आयोग से जुड़े अधिकारियों, समाजसेवियों और महिला संगठनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि वे अपने अनुभव और सक्रियता से महिलाओं के हित में और भी बेहतर काम करेंगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पंचायत काकोरी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय काम्प्लेक्स के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर लगाए गए छाया चित्रों को देखने के बाद प्रदर्शनी देखने आए पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन जन सेवा के लिए समर्पित है उन्होंने अपने जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने तथा अंतिम व्यक्ति के जीवन में उजाला लाने



का काम करने के लिए कहा है

परिवारवाद पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आज ऐसे कई उदाहरण देख जा सकते हैं जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने अपने सुख सुविधा के लिए देश के संसाधनों का दोहन किया है भारतीय जनता पार्टी ने देश में राजनीति की परिभाषा को बदलने का काम किया है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता राजनीति सेवा करने के लिए करते हैं आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कृषि ,हर घर जल ,महिला सम्मान, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने का काम कर रहे हैं

आत्मनिर्भर भारत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी भारतवासियों को स्वदेश में बनी हुई वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए और हम सभी को गरीबों की सेवा करने में संकोच नहीं करना चाहिए

प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर, एक पेड़ मां के नाम, अंतरिक्ष अन्वेषण और तकनीकी नेतृत्व, डिजिटल इंडिया ,कौशल विकास मातृत्व वंदना योजना आदि शीर्षक से लगे पोस्ट आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे

प्रदर्शनी में जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख काकोरी नीतू यादव, चेयरमैन काकोरी रोहित साहू, सेवा पखवाड़ा अभियान के संयोजक अरविंद यादव, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरू पांडे, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा,अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत समेत जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बीकेटी में लाखन आर्मी ने एआईएमआईएम नेता के विवादित बयान को लेकर फूंका पुतला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के द्वारा दी गई अभ्रद टिप्पणी को लेकर गुरुवार को राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब में लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यालय सीतापुर रोड़ भोलापुरवा बीकेटी लखनऊ से विरोध प्रदर्शन करते हुए पद यात्रा कर बीकेटी बड़ी बाजार में सैकड़ों साथियों के साथ एआईएमआईएम नेता शौकत अली का पुतला जलाकर अपना आक्रोश जाहिर किया।इस मौक़े पर लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने बताया कि एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के द्वारा राष्ट्र रक्षक,धर्म रक्षक चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव पासी जी को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित बयान दिया गया है,उसने महान वीर सनातनी योद्धा महाराजा सुहेलदेव पासी जी पर अभद्र



टिप्पणी व सैय्यद सालार मसूद गाजी को अच्छा बता रहा है।जिससे हम लोगों की भावनाएं आहत हुई है,पूरा हिंदू समाज इससे आक्रोशित है।उन्होंने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बख्शी का तालाब साहिल कुमार को देते हुए शौकत अली की भारत से नागरिकता खत्म करके इस पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर भारत से तत्काल प्रभाव से बाहर किए जाने व इसकी पार्टी एआईएमआईएम की मान्यता भी भारत से रद्द किए जाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि अगर इस आरोपी पर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्यवाही नही हुई तो ऐसे ही विरोध प्रदर्शन होते रहेंगे और मजबूरन लाखों कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा की ओर कुछ करना पड़ेगा।

# लखनऊ में गरमाई सियासत: AIMIM प्रदेश अध्यक्ष को धमकी, सुहेलदेव पर बयान से बढ़ा विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर गरमाहट देखने को मिल रही है। इऋख्रऋख्र प्रदेश अध्यक्ष शौक़त अली को गोली मारने और जीभ काटने की धमकियों ने माहौल को और ज्यादा तनावपूर्ण बना दिया है। वहीं, कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर और इऋख्रऋख्र नेताओं के बीच ऐतिहासिक शख्सियतों को लेकर बयानबाज़ी ने आग में घी डालने का काम किया है।

धमकियों पर पुलिस को ज्ञापन

AIMIM उत्तर प्रदेश सेंट्रल अध्यक्ष शेख़ ताहिर सिद्दीक़ी ने आज 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पुलिस आयुक्त लखनऊ के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं डीजीपी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि सोशल मीडिया पर शौक़त अली को गोली मारने और जीभ काटने पर इनाम घोषित करने वाले चंदन राजभर समेत अन्य लोगों पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए।

सहायक पुलिस आयुक्त ने साइबर क्राइम विभाग को जांच के आदेश दिए और पार्टी पदाधिकारियों को भरोसा दिलाया कि तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।

राजभर बनाम AIMIM समर्थक

विवाद की जड़ में मंत्री ओमप्रकाश राजभर का हालिया बयान है, जिसमें उन्होंने सैयद सालार मसूद गाज़ी को ल्लचोर और लुटेरा बताया। इसके जवाब में AIMIM प्रदेश अध्यक्ष शौक़त अली ने महाराजा सुहेलदेव को लुटेरा कहकर पलटवार किया। इस पर राजभर समाज के लोग भड़क उठे और सोशल मीडिया पर AIMIM नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा और धमकी भरे संदेश वायरल होने लगे।

AIMIM का पलटवार

AIMIM नेताओं का आरोप है कि ओमप्रकाश राजभर के उकसाने पर उनके समर्थक समाज में नफ़रत फैलाने और साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि शौक़त अली या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी जिम्मेदारी धमकी देने वालों और उन्हें उकसाने वालों की होगी।

बढ़ता तनाव, राजनीतिक मायने

AIMIM के शेख ताहिर सिद्दीकी, निजाम गाजी, डॉक्टर रिजवान, हबीब पठान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने चौक स्थित एसीपी कार्यालय पहुंचकर भी ज्ञापन सौंपा और मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह विवाद अब केवल बयानबाज़ी तक सीमित नहीं है, बल्कि धमकियों और सियासी टकराव का रूप ले चुका है। आने वाले दिनों में AIMIM और राजभर समाज के बीच यह तनातनी उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन सकती है।

# इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए निजी ऑपरेटरों को सुअवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी परिवहन को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और हरित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश की दो प्रमुख नगर निगम इकाइयों-कानपुर नगर और लखनऊ नगर-में निजी संचालकों एवं संस्थाओं के माध्यम से इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इस पहल के तहत नेट कॉन्ट्रेक्ट मोड पर निजी कंपनियों को संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी, ताकि आम नागरिकों को बेहतर, किफायती और आरामदायक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सके।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत कानपुर नगर और लखनऊ नगर में 10-10 मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, संचालन और रख-रखाव हेतु निविदाएं आमंत्रित

**हर शहर में 10 विशेष मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें**

की गई हैं। प्रत्येक मार्ग पर न्यूनतम 10 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन अनिवार्य होगा। कोई भी संचालक एक या एक से अधिक मार्गों के लिए निविदा में भाग ले सकता है, किंतु एक ही मार्ग पर दो बस संचालकों का संचालन मान्य नहीं होगा। कानपुर में चुने गए मार्गों में रामादेवी जाजमऊ, फलजोड़ऽरूपा, गोविंद नगर अनवरगंज, कानपुर सेंट्रल स्टेशनऽनवीन मार्केट, कानपुर रेलवे स्टेशन बर्रा वर्ल्ड बैंक, कानपुर रेलवे स्टेशन किदवई नगर, कानपुर सेंट्रल स्टेशन रावतपुर, कानपुर शहर सुजाता नगर और कानपुर शहर चकेरी जैसे महत्वपूर्ण रूट शामिल हैं। लखनऊ में चारबागऽबाराबंकी, कानपुर एयरपोर्ट, आलमबाग मोहनलालगंज, चौक इंदिरानगर, हजरतगंज मोहान रोड, चारबाग माल एवेन्यू, चारबागऽदुर्गा मंदिर, हजरतगंज अमौसी, इटौंजा मलिहाबाद और चारबागऽकाकौरी जैसे प्रमुख मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी।

ई-टेंडर प्रक्रिया पूरी निविदा प्रक्रिया ई-टेंडर के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए विस्तृत जानकारी पर उपलब्ध है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2025 अपराह्न 2:00 बजे तक निर्धारित की गई है। शहरी परिवहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश का यह प्रयास न केवल आमजन की यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि प्रदेश में हरित गतिशीलता को भी बढ़ावा देगा। इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन प्रदूषण कम करने, स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन देने और शहरी क्षेत्रों में सुगम यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बीकेटी थाना अंतर्गत सीतपुर रोड़ पर शव रखकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत बुधवार शाम को लगभग सात बजे सीतापुर रोड़ हाईवे पर बाईक से ससुराल जा रहे युवक को तेज़ रफ़्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया,जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया था,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को ईलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया था जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई थी।मृतक की पत्नी के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत बाबापुरवा निवासी उसका पति ललित( 32 )पुत्र विनोद कुमार कई वर्षो से मडियांव थाना अंतर्गत मुतक्कीपुर में पत्नी रानी व अपने दो बेटे मयंक( 10 ),अहम (6)बेटी वर्षा( 1 ) के साथ रहकर पेंटिंग का कार्य कर परिवार चलाता था,बुधवार शाम को ललित बाईक से अपनी ससुराल जा रहा था तभी बीकेटी क्षेत्र के नंदना कट के पास चार पहिया वाहन ने



टक्कर मार दिया था और मौक़े से गाड़ी सहित फरार हो गया था,वही मौक़े पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने ललित को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था,जिसके बाद पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था,वही गुरुवार दोपहर को मृतक ललित का शव पोस्टमार्टम के बाद वापस बाबा पुरवा लाया जा रहा था तभी मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सीतापुर रोड़ हाईवे पर शव को रखकर हाईवे जाम कर दिया और तत्काल एफआईआर व आरोपी कार चालक की गिरफ़्तारी तथा मुआवजे को लेकर प्रदर्शन करने लगे।वही हाईवे पर शव रखकर जाम की सूचना मिलते ही बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह अपने दलबल के साथ पहुंचे और मृतक के परिजनों को काफ़ी समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़े रहें।लगभग एक घंटा चले प्रदर्शन से सीतापुर रोड़ के दोनों तरफ लगभग दो किलो मीटर तक गाड़ियों की लाईन लग गई और राहगीरों को समस्याओं से दो चार होना पड़ा।थाना प्रभारी के काफ़ी मान मन्नौवल के बाद परिजनों को तत्काल आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने व शासन द्वारा उचित मुआवजे दिलवाने के आश्वासन के बाद परिजन माने जिसके बाद शव को ले जाकर अंतिम संस्कार किया।वही प्रदर्शन समाप्त होने के बाद सीतापुर रोड़ हाईवे पर आवागमन चालू हुआ और लगभग एक घंटे तक जाम जैसी स्थिति उत्पन्न रही उसके बाद यातायात बहाल हुआ।वही थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि कल देर शाम को एक्सीडेंट में बाबापुरवा निवासी ललित की मौत हो गई थी,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस जांच में जुटी हुई थी,तहरीर का इंतजार किया जा रहा था,गुरुवार दोपहर को तहरीर मिलने के बाद एफआईआर दर्ज़कर संबंधित अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आरएसएम चिकित्सालय के डाक्टरों ने हाइडेटिड सिस्ट से पीड़ित का सफ़ल ऑपरेशन कर दिया जीवनदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ ।रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय साढ़ामऊ बीकेटी लखनऊ में लिवर की बीमारी का सफल ऑपरेशन कर रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय नीत गुणवत्तापूर्ण एवं सफल चिकित्सकीय कार्यो की उपलब्धि प्राप्त कर रहा है,जहाँ विगत कुछ माह में कई बड़े शल्य क्रिया सफलतापूर्वक किये गए उसी क्रम में दिनांक १५-०९-२०२५ को पुनः एक जटिल शल्यक्रिया की गई, जिसमें लक्ष्मी,उम्र लगभग ३५ वर्ष,निवासी बाबरपुर थाना सन्दना,जनपद सीतापुर को कुछ दिन पूर्व पेट दर्द और जी मालिश की शिकायत लेकर उपचार हेतु उनके परिजन चिकित्सालय लेकर आएद्यसर्जन डॉ अजीत सिंह ने जांचोपरांत पाया गया की उक्त मरीज़ के लिवर में तीन बड़ी बड़ी हाइडेटिड सिस्ट है द्यसर्जन) डॉ अजीत सिंह हाइडैटिड सिस्ट या डॉग टेपवार्म पैरास्टिटिक इंफ़ेक्शन इकनोकोकस ग्रैनुलोसस के कारण होता है,जो पालतू जानवरों से इंसानों में फैलता है।''दूषित भोजन/पानी और हाथों की खराब स्वच्छता के माध्यम से परजीवी के अंडे निगलने से होता है द्यभारत में प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 1-200 में हो सकता है,यह शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है,लेकिन सबसे आम लिवर (60 से 70%) है,उसके बाद फ़ेफड़े (20 से 30%)में होता है द्यरोगी के पेट दर्द और शरीर में गांठ होता है द्यसिस्ट का आकार छोटे सिस्ट से लेकर बड़े आकार तक हो सकता है।सिस्ट शरीर में फट



सकता है जो जीवन के लिए घातक हो सकता है और एनाफिलेक्टिक शॉक का कारण बन सकता है।जिसके लिए शल्यक्रिया की नितांत आवश्यकता थी एवं उसकी सलाह मरीज़ और उनके घरवालों की दी गई,उनके द्वारा किसी अन्य उच्च चिकित्सा संस्थान में जाने में असमर्थता व्यक्त करने पर रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में कार्यरत कुशल शल्यक (सर्जन) डॉ अजीत सिंह ने ख़ुद शल्यक्रिया करने की हामी भरी एवं तत्काल चिकित्सालय में कार्यरत निश्चेतकों (एनेस्थेटिस्ट)डॉ यूएस लाल एवं डॉ सुमित कुमार महाराज ने जांच किया,निश्चेतकों की सहमति से उन्होंने उक्त मरीज़ की जटिल शल्यक्रिया को सम्पादित करने का निर्णय लिया।उक्त जटिल शल्यक्रिया किसी भी जिला अस्पताल में कारित होना एक गौरव की बात है एवं प्रदेश सरकार की ग़रीब एवं समाज के आख़िरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाने की ओर एक सार्थक कदम है।उक्त मरीज़ शल्यक्रिया पश्चात पूर्णतः स्वस्थ है।रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वीके शर्मा ने बताया की चिकित्सालय में कार्यरत नौजवान सर्जन एवं एनेस्थेटिस्टों ने उक्त जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक सम्पादित कर अतिउत्तम कार्य किया है एवं भविष्य में भी जनहित में ऐसे कार्य किया जाते रहेंगे जिससे आम जनमानस को शासन की मंशानुरूप स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो।सर्जन डॉ अजीत सिंह ने बताया की यह एक जटिल शल्यक्रिया थी जिसे उक्त मरीज के स्वास्थ्यलाभ हेतु पूरी टीम के सहयोग से सम्पादित किया गया।खासकर निश्चेतकों डॉ उमाशंकर लाल एवं डॉ सुमित कुमार महाराज के कुशल निश्चेतना कार्य की सराहना की ,कि उनके सक्रिय सहयोग के बिना यह सम्पादित कर पाना संभव नहीं हो पाता ।

# रोड सेफ्टी तथा ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यशाला का किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पुराने लखनऊ के थाना चौक क्षेत्र के अंतर्गत शिया पीजी कॉलेज नखत लखनऊ में एक रोड सेफ्टी तथा ट्रेफिक अवेयरनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों को यातायात संबंधित नियमों तथा रोड सेफ्टी के संबंध में जागरूक किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य , प्रवक्तागण , यातायात उपनिरीक्षक साकिर हुसैन तथा ट्रैफिक पार्क से सुमित मिश्रा उपस्थित रहे आपको बता दें की ट्रैफ़िक एसीपी विपिन पाण्डेय के निर्देशन में ट्रैफिक इंस्पेक्टर चौक जमानत अब्बास द्वारा ट्रेफिक अवेयरनेस की जागरूकता हेतु शिया पीजी कॉलेज में बच्चों को जागरूक करना व एन सी सी कैडरों को भी जागरूक किया गया।

# सभी विभागों के बेहतर समन्वय से कार्य द्वारा ही पंचायतों का सतत एवं सर्वांगीण विकास सम्भव : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत एडवांसमेंट इण्डेक्स के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला भूमिजा बहुउद्देशीय हॉल में सम्पन्न**

**सतत विकास लक्ष्यों के सभी विषयों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु किया निर्देशित।**

सीतापुर । पंचायत एडवांसमेंट इण्डेक्स (पी0ए0आई0) के प्रसार एवं ग्राम पंचायतों द्वारा प्राप्त पी0ए0आई0 के विषयगत अंकों पर प्रभावी विचार-विमर्श के लिए जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में भूमिजा बहुउद्देशीय हॉल, खैराबाद में किया गया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित सभी अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षकों ने राष्ट्रीय पंचायत विकास सूचकांक के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्यों (एल0एस0डी0जी0) की प्राप्ति के संबंध में चर्चा की गयी। एल0एस0डी0जी0 के 09 विषयों गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, पर्याप्त जल युक्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाली पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण संगत पंचायत, सुशासन वाली पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा गयी तथा पंचायत उन्नति सूचकांक के विषय में भी बताया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि सभी विभागों के बेहतर समन्वय से कार्य करने से ही ग्राम पंचायतों का सतत विकास सम्भव है। उन्होंने सभी को प्रेरित किया कि कार्यशाला में पूर्णमनोयोग से प्रतिभाग कर शासन की अपेक्षा के अनुरूप सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दें। सभी विभागों द्वारा बेहतर समन्वय स्थापित कर जनता को लाभान्वित किये जाने का प्रयास करना चाहिये। सभी अपनी पूरी क्षमता से योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योगदान दें तथा अपनी ग्राम पंचायत को गरीबी मुक्त, स्वस्थ्य, हरित, जलयुक्त, आत्मनिर्भर तथा आदर्श ग्राम पंचायत बनाये जाने की दिशा में कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि एल0एस0डी0जी0 के लक्ष्य में सभी वही विषय शामिल हैं जो पंचायत के सतत एवं सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक हैं, इसलिये सभी इन लक्ष्यों को समय से प्राप्त करते हुये पंचायत एडवांसमेंट इण्डेक्स में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने कहा कि पंचायत एडवांसमेंट इण्डेक्स (पी0ए0आई0) 2.0 में बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। समयबद्ध रूप से सूचकांकों पर कार्य किया जाये, जिससे जनपद का प्रदर्शन उत्कृष्ट हो सके।

# 'सेवा पर्व अवसर पर नगर उप वन में वृक्षारोपण जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर वन प्रभाग के सीतापुर रेंज अन्तर्गत सेवा पर्व के अवसर पर खैराबाद ग्राम भगवतीपुर में नगर उप वन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं भा0ज0पा0 जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला जी रहे तथा इनके द्वारा शोभाकार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सीतापुर वन प्रभाग के सीतापुर रेंज अन्तर्गत खैराबाद ग्राम भगवतीपुर में नगर उप वन बनाया जा रहा है। इसमें नगर पालिका चिल्ड्रेंस पार्क बना रही है तथा इसमें वन विभाग द्वारा मियावाकी फॉरेस्ट की स्थापना का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, सीतापुर द्वारा उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अधिक से अधिक पौध लगाने हेतु प्रेरित करते हुये सीतापुर को शहरी प्रदूषण से बचाने एवं आम जनमानस को वृक्षारोपण जैसे पुनीत कार्य में सहभागिता हेतु आवाहन किया गया।

# अपने पर उतारू खाकी अब कौन रहेगा बाकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पैर तोड़ा, पत्नी संग की अभद्रता, अब फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी**

सकरन (सीतापुर)। वर्दी पर लगा कलंक३ पुलिस की दबंगई का ऐसा चेहरा सामने आया है जिसने कानून-व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना सकरन पुलिस पर आधी रात ग्रामीण के घर में घुसकर बेरहमी से पिटाई करने तथा पत्नी से अभद्रता करने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है।

गांव ताजपुर सलौली निवासी कुलदीप यादव ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के जरिए गुहार लगाई है कि 11 सितंबर की रात करीब 1 बजे हल्का प्रभारी एसआई राजकुमार पांच हमराहियों के साथ उसके घर आ धमका। घर में गाली-गलौज, मारपीट और तोड़फोड़ हुई। कुलदीप की बेरहमी से पिटाई की गई जिससे उसका बायां पैर टूट गया। कुलदीप ने बताया कि पिता के इलाज के लिए उसने पेड़ बेचे थे। कटान के दौरान वन विभाग और ठेकेदारों से विवाद हुआ, जिसके बाद वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ। लेकिन जांच की जगह पुलिस ने रात के अंधेरे में न्याय दिलाने के बजाय खुद न्यायाधीश और जल्लाद बनने की भूमिका निभाई। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस अब रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उल्टा फर्जी केस लादने की धमकी दे रही है। थक-हारकर उसने मुख्यमंत्री से दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की है।

# भारतीय दलित पेंथर ने विशाल धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बीते दिन 8/9/2025 को जेबीगंज थाना पसगवां जनपद खीरी में एक दलित व्यक्ति संजय नामक व्यक्ति हत्या कर दी गई थी जिनके परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को सड़क के किनारे रखकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे और मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। मुकदमे को लेकर पुलिस प्रशासन भारी संख्या में मौजूद रहा जहां मोहम्मदी थाने के इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह ने अपनी असभ्य कार्यशैली को दिखाते हुए पीड़ित परिवार को मारने पीटने लगे, पीड़ित परिवार की महिला को जिसके ऊपर थप्पड़ लगाए और उसके 14 साल के बच्चे को लाठी डंडों से जूते से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। इंद्रजीत सिंह के द्वारा एक 9 साल की नाबालिक बच्ची एक 12 साल की नाबालिक बच्ची जिसको भी पीटा गया और जाति सूचक गाली देते हुए वहां से खदेडा गया, भारतीय दलित पैंथर संगठन ने 9 सितंबर 2025 जेबीगंज चौकी पर क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह मौजूद थे जहां भारतीय दलित पैंथर संगठन ने इंद्रजीत सिंह कोतवाल के विरुद्ध मुकदमे की बात की गई और गिरफ्तारी की मांग की गई।

**क्या बोले क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह....**

क्षेत्राधिकार अरुण सिंह ने बताया की ''विभागीय जांच होने के बाद कोई भी कार्रवाई होगी'' और दो दिन का समय मांगा। इसके बाद कार्रवाई न होते हुए भारतीय दलित पैंथर के लोगों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर जाकर क्षेत्राधिकारी कार्यालय का घेराव किया जहां पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा और क्षेत्राधिकार मितौली भी मौजूद रहे।

क्षेत्राधिकार अरुण सिंह दोनों लोगों से बोला कि मुझको 15 सितंबर 2025 तक का समय और दे दो उसके बाद इंद्रजीत सिंह कोतवाल के खिलाफ मुकदमा लिखकर के उनके ऊपर कारवाई करके उनको सस्पेंड कर जेल भेजा जाएगा। क्षेत्राधिकारी को समय देने के वावजूद भी अभी तक इंद्रजीत सिंह के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है और पीड़ित परिवार को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है, जिसको लेकर भारतीय दलित पैंथर संगठन ने 20 सितंबर 2025 को एक बड़े आंदोलन की तैयारी के साथ मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी और मोहम्मदी कस्बे को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा,उन्होंने कहा कि मोहम्मदी क़स्बा तब बंद रहेगा जब तक इंद्रजीत सिंह कोतवाल के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं होती है तब तक धरना जारी रहेगा और आंदोलन जारी रहेगा।

भारतीय दलित पैंथर संगठन के लोग अब शांत बैठने वाले नहीं है उन्होंने नारा लगाया कि ''बहुत हुआ है अत्याचार अब नहीं सहेंगे यह व्यवहार''

साथ ही उन्होंने कहा इस आंदोलन मे पुलिस की गुंडागर्दी नहीं चलेगी।

मौके पर भारतीय दलित पैंथर के राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार भारती, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, मंडल प्रभारी लखनऊ मनोज कुमार बौद्ध, जिला महासचिव शिवम कनौजिया, जिला प्रभारी श्रीपालभातु, जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार बौद्ध, जिला महासचिव शिवम सम्राट, प्रदेश प्रवक्ता अमरजीत सम्राट एवं जिले की समस्त टीम व बहुजन समाज भारी संख्या में मौजूद रहेगा जो की मोहम्मदी बंद करने का काम करेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिला कर ही दम लेंगे।

# योगी सरकार के खीरी में जनसहभागिता की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**5 हजार सीएसआर स्पेशल किट बनीं बाढ़ पीड़ितों का संबल**

**सीएम योगी के मार्गदर्शन में लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमी और स्वयंसेवी संस्थाएं**

लखीमपुर खीरी । कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों। ये पंक्तियां योगी सरकार के लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन पर पूरी तरह से चरितार्थ होती हैं। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आपदा में जनसहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां पर जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी द्वारा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। यह किट योगी सरकार द्वारा सरकारी वित्तीय सहायता, मुआवजा और राहत किट के अतिरिक्त वितरित की जा रही है। इस किट को जिलाधिकारी की पहल पर 45 लाख रुपये की लागत से कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया। इसी के साथ खीरी पूरे प्रदेश में ऐसा पहला जिला हैं, जहां पर बाढ़ पीड़ितों के लिए सीएसआर स्पेशल किट वितरित की जा रही है। एक किट की लागत करीब 900 रुपये है। बता दें कि पिछले वर्ष भी आपदा की घड़ी में सीएम योगी के मार्गदर्शन में सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया गया था। जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा आपदा के समय प्रदेशवासियों के साथ खड़े रहते हैं। उनके द्वारा न केवल आपदा की घड़ी में पीड़ितों को हर संभव मदद उपलब्ध करायी जाती है बल्कि वह खुद पीड़ितों पर दर्द साझा करने के लिए उनसे मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछते रहते हैं। इसी क्रम में सीएम योगी की दूरदर्शी सोच को आत्मसात करते हुए सरकारी सहायता के साथ बाढ़ प्रभावित इलाकों में 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किट को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए जिले की पांच बाढ़ प्रभावित तहसीलों के सभी बाढ़ प्रभावित गांव में निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और 70 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को चिन्हित किया गया है। इसके साथ ही हर जरूरतमंद को स्पेशल किट का वितरण किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को सदर तहसील में विधायक सदर योगेश वर्मा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ जरूरतमंदों को सीएसआर स्पेशल किट वितरित की। वही तहसील पलिया में विधायक रोमी साहनी के साथ एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार,धौरहरा में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, एडीएम (न्यायिक) अनिल रस्तोगी और एसडीएम शशिकांत मणि जबकि गोला में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने एट्ट स्पेशल किट वितरित की। बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जरूरत पड़ने पर और भी स्पेशल किट करायी जाएगी तैयार डीएम ने बताया कि गुरुवार को जिले की निघासन, धौरहरा, गोला गोकर्णनाथ और पलिया तहसीलों में चिन्हित दिव्यांगजन, निराश्रित महिला एवं 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धजनों को स्पेशल सीएसआर किट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि फिलहाल बाढ़ पीड़ितों को पांच हजार स्पेशल किट उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं जरूरत पड़ने पर और भी सीएसआर स्पेशल किट को बनवाया जाएगा। किट में मच्छरदानी, छाता, बैटरी सहित टॉर्च, सेनेटरी पैड (2 पैकेट) और गर्म पानी रखने के लिए 2 लीटर की थर्मस शामिल है।

# हो बाबासाहेब के मान पर चर्चा, अब घर-घर पहुंचेगा पीडीए पर्चा

## बाढ़ प्रभावित गांवों में इंडी अलायन्स की चौपालें, जनता से सीधे जुड़ा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर)। इंडी अलायन्स ने ग्रामीण इलाकों में जनजागरूकता अभियान तेज कर दिया है। ''हो बाबासाहेब के मान पर चर्चा, अब घर-घर पहुंचे पीडीए पर्चा'' कार्यक्रम के तहत विधानसभा बिसवां से सपा उम्मीदवार रहे अफजाल कौसर ने ब्लॉक अध्यक्ष समाजवादी पार्टी सुशील राज की अगुआई में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चौपालें लगाईं। मुर्थना, बेलवा बसहिया, नकईला, कुचलैया, रउवापुर नेवादा, ताजपुर सहित कई गांवों में हुई बैठकों में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, किसानों, बेरोजगारों और नौजवानों को एकजुट कर पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) को मजबूत करने की अपील की गई। इस मौके पर अफजाल कौसर ने कहा कि इंडी अलायन्स की लड़ाई सामाजिक न्याय और बराबरी की है। जनता के असली मुद्दों पर चर्चा कर बदलाव का बिगुल बजाया जा रहा है। चौपालों के माध्यम से सीधे जनता की बात सुनी जा रही है और पीड़ितों से जुड़कर उनके हक की लड़ाई को मजबूती दी जाएगी। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मूर्तिजा अली अंसारी, मो. इकबाल, मो. गुड्डू, जोनल प्रभारी डॉ. शाहिद, मो. शौकत, सेक्टर प्रभारी राम मिलन यादव, लवकुश राज, जाबिर, सलीम, सरोज सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवरात्रि से पहले नैमिषारण्य में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ततरोई नैमिषारण्य । आगमी नवरात्रि पर्व को देखने हुए जिलाधिकारी अभिषेक आंनद और पुलिस अधीक्षक अंकुल अग्रवाल ने आज नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर और चक्र तीर्थ का दौरा कर वहा की व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया इसके बाद उन्होने अधिकारियो के साथ एक समीक्षा बैठक भी की और सुरक्षा व सुविधाओ को लेकर कई कडे निर्देश दिए इस मौके पर मां ललिता देवी मन्दिर पहुंचे डीएम तथा एस पी समेत विधायक रामकृष्ण भार्गव को पुजारी गोपाल शास्त्री ने पूजा अर्चना कराई मां ललिता देवी मंदिर मे विशेष इन्तजाम जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओ की सुविधा को प्रथमिकता दी जाए । इसके लिए मंदिर और आस पास के इलाको मे सीसी टी वी कैमरे लगाए जाए और एक कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जाए महिलाओ की सुरक्षा के लिए सादी वर्दी मे भी पुलिस बल तैनात किया जाए आपातकालीन स्थित त्वरित सहयता के लिए आवागमन का रास्ता साफ रख्खा जाए मंदिर के पास जलभराव की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए और पर्याप्त संख्या मे सफाई कर्मी तैनात किए जाए मंदिर परिसर और पार्किंग स्थलो के पास चिकित्सक कैम्प लगाए जाए प्रवेश निकास के लिए उचित बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए उन्होनो मंदिर प्रबन्धक से भी सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन हर संभव मदद करेगा

चक्रतीर्थ का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने जल निकासी और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होनो कहा कि यहा भी सीसीटीवी कैमरे चालू रखे जाए और प्रकाश की उचित व्यव्स्था हो इसके बाद समीक्षा बैठक मे जिलाधिकारी ने त्योहारो से जुड़ी तैयारिया की जाए उन्होनो जिलाधिकारी से कहा कि सभी आयोजन स्थलो पर बिजली की सुनिश्चित की जाए ढीले और जर्जर तारो को तुरंत ठीक किया जाय नालो की सफाई और उन्हो ढकने की व्यवस्था की जाए सभी स्थलो पर पेयजल की उचित प्रबन्ध हो और सर्वाजनिक शौचालय चालू रखे जाए आवारा पशुओ को गौशलाओ मे भेजा जाए सडके को जल्द से जल्द गड्ड्मुक्त किया जाए ।

# धौरहरा के विकास में गोविंद शुगर मिल बना आधारस्तंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। गन्ना प्रधान धौरहरा क्षेत्र के सतत विकास में गोविंद शुगर मिल ऐरा की भूमिका को सराहते हुए क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि मिल प्रबंधन द्वारा किसानों को समय पर भुगतान और तकनीकी सहयोग से खेती में बड़ा बदलाव आ रहा है। वह बृहस्पतिवार को ऐरा (खीरी) स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में दस दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। यह मेला 18 से 27 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सर्किलवार काउंटरों के माध्यम से किसानों की समस्याएं सुनी जा रही हैं और उन्हें तत्काल निस्तारित किया जा रहा है।

विधायक अवस्थी ने मेले का निरीक्षण करते हुए गन्ना किसानों से मशीनों के माध्यम से बुवाई करने का आग्रह किया ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि धौरहरा क्षेत्र दोआब क्षेत्र में होने के कारण बाढ़ प्रभावित रहता है, ऐसे में गन्ना एकमात्र टिकाऊ फसल के रूप में उभर कर सामने आई है, और इसमें तकनीकी सहयोग से किसान आत्मनिर्भर हो सकते हैं। उन्होंने गोविंद शुगर मिल के स्टाफ की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में मिल की अहम भूमिका है। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

गोविंद शुगर मिल ऐरा के विभागाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने कहा कि किसानों की पेड़ी समस्या, बेसिक कोटा, शरदकालीन गन्ना बुवाई और मिट्टी जांच जैसे मुद्दों पर चर्चा कर समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और समय पर भुगतान की उपलब्धि को साझा किया। इस मौके पर समिति की वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुश्री विजय लक्ष्मी, सचिव आनंद प्रकाश दूबे, वाईपी राव सिंह, धीरज सिंह, अजेंद्र सिंह चौहान, पप्पू कश्यप, अनुज सिंह, विनय राठौर, सत्यम तिवारी, अंकितधर, जोनल इंचार्ज दिनेश सिंह, रंजीत सिंह, अनिल दीक्षित, कुंवर सिंह, महेश सिधौलिया, सोहित गिल सहित कई अधिकारी और गन्ना कृषक उपस्थित रहे।

## नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल योजनान्तर्गत क्लस्टर प्रदर्शनों हेतु आवेदन आमंत्रित

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक एस0के0 सिंह ने बताया कि कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश (तिलहन अनुभाग) कृषि भवन लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल सीड्स) योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2025-26 में भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार क्लस्टर प्रदर्शनों का आयोजन एफ0पी0ओ0/वैल्यू चौन पार्टनर के माध्यम कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। अतः जनपद के समस्त एफ0पी0ओ0 को सूचित किया जाता है कि वह नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल सीड्स) योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2025-26 में क्लस्टर प्रदर्शनों के आयोजन हेतु अपना आवेदन/प्रार्थना पत्र वैल्यू चौन पार्टनर (वी0सी0पी0) चयन हेतु दिनांक 22.09.2025 तक कार्यालय उप कृषि निदेशक खैराबाद सीतापुर में उपलब्ध कराये उक्त अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। वैल्यू चौन पार्टनर (वी0सी0पी0) के चयन की कार्यवाही गाइडलाइन में दिशा निर्देशों तथा मापदंडो के अनुसार जनपद स्तरीय कमेटी के माध्यम से किया जायेगा। चयनित एफ0पी0ओ0 को वैल्यू चौन पार्टनर (वी0सी0पी0) के रूप में क्लस्टर प्रदर्शनों हेतु कृषकों का चयन कर कृषि मैपर एप पर पंजीकरण करना, कृषकों को बीज वितरण कराने के साथ-साथ पालीगन क्रिएट करना तथा क्लस्टर प्रदर्शनों में चयनित कृषकों के प्रक्षेत्र का मृदा नमूना एकत्रीकरण कर मृदा नमूना सूची व मृदा नमूना जनपदीय प्रयोगशाला में जमा करना तथा कृषक प्रशिक्षण व फॉर्म स्कूल आयोजन की गतिविधि की कृषि मैपर एप पर दर्ज कराना आदि कार्य कृषि विभाग से समन्वय करते हुए कराने होंगे, जिसके लिए सम्बंधित वी0सी0पी0 को योजना की गाइडलाइन के अनुसार कार्य संतोषजनक किये जाने पर धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

## आखिर किसका है संरक्षण? बहोरनपुर में मनरेगा भ्रष्टाचार बेलगाम

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बहोरनपुर में मनरेगा योजना पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ मजदूरों की फर्जी हाजिरी चढ़ाई जा रही है। इतना ही नहीं, महिलाओं के नाम से उपस्थिति दर्ज कर ली जाती है, लेकिन अपलोड की गई तस्वीरों में महिलाएं कहीं नजर नहीं आतीं। यह गोरखधंधा किसी छुपे कोने में नहीं, बल्कि ब्लॉक स्तर पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की आँखों के सामने चल रहा है।

# वरनवाल वैश्य सेवा समिति तत्वाधान में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी। वरनवाल वैश्य सेवा समिति के तत्वावधान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी जी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उत्तर प्रदेश बरनवाल वैश्य सभा से जिला अध्यक्ष श्री आलोक गोयल एवं ज़िला महामंत्री श्री उमेश सौली विशिष्ट अतिथि रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्री सचिन गुप्ता (सी.ए.) ने की।समारोह का संचालन प्रख्यात शिक्षाविद् एवं कवयित्री डॉ. दुर्गा टंडन ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ प्रान्या गुप्ता के द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात शिक्षकों को शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर

**कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही**

सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत हो चुके शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव जी ने कहा शिक्षक समाज का आधार स्तंभ हैं, जो विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार और जीवन मूल्यों की शिक्षा देकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करते हैं।इस अवसर पर विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी जीवन का उल्लेख करते हुए उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी जी ने कहा शिक्षा और संस्कार ही भारत को 'विश्वगुरु' बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, पत्रकार बंधु एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए इस पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, सौरभ गुप्ता,अवनीश गुप्ता,प्रवीण गुप्ता,आशुतोष गुप्ता,नवीन टापू,उपेन्द्र गुप्ता,नितिन गुप्ता,अंकुर गोयल,आशीष गुप्ता,ईशांक गोयल, विकास गोयल,सुमित गुप्ता,अमित कन्हैया,सुनैना गुप्ता,,नीलिमा गुप्ता ,वैशाली गोयल,दिव्या गोयल,दीप्ति बरनवाल,निधि गोयल, रीनू बंसल का विशेष सहयोग रहा।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव हेतु विचार गोष्ठी कार्यक्रम

संभल। वन नेशन वन इलेक्शन जिला संभल के तत्वाधान में विचार गोष्ठी का आयोजन रोटरी इंस्टिट्यूट कॉलेज में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, कार्यक्रम अध्यक्ष रोटरी इंस्टिट्यूट कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर उपेंद्र कुमार,मुख्य वक्ता के रूप में आकाश कुमार जिला संयोजक वन नेशन वन इलेक्शन संभल, विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, नगर अध्यक्ष-चंदौसी भाजपा अंकुर अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष-संभल भाजपा अंकित जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा सुधीर मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहें, विचार गोष्ठी का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन किया ।विचार गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) उत्तर प्रदेश सरकार गुलाब देवी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे सभी को फायदा होगा, क्योंकि बार बार चुनाव होने से अचार संहिता लगती हैं, जिससे बार बार विकास कार्य प्रभावित होते हैं और इससे संसाधनों की भी बहुत अधिकता होती है जिसमें राष्ट्रीय खर्च में वृद्धि होगी, अगर यह एक राष्ट्र, एक चुनाव लागूं हो जाता है तो भारत की जीडीपी में 1% से 2% वृद्धि होगी जिसका फायदा आम जनता को होगा।विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता आकाश कुमार जिला संयोजक संभल वन नेशन, वन इलेक्शन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वन नेशन, वन इलेक्शन एक गेम चेंजर साबित होगा, यह भारत को विकासशील देश से विकसित देश की और अग्रसर करेगा क्योंकि इसके माध्यम से चुनाव में होना वाला व्यय आधा हो जायेगा।

## बबराला में कैंसर जागरूकता शिविर, 23 मरीजों की जांच

बबराला। जॉयंट्स ग्रुप ऑफ बबराला ने परोपकार सप्ताह के दूसरे दिन भानु मेमोरियल आई चेरिटेबल ट्रस्ट परिसर में एक दिवसीय कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में मेरठ के बेलेन्टिस कैंसर हॉस्पिटल के डॉ. नीलेश बी. पाटिल ने 23 मरीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम से कैंसर का खतरा 15 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। साथ ही संतुलित आहार, नशे से दूरी और एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. पाटिल ने मुख कैंसर के शुरुआती लक्षण और उससे बचाव के उपाय भी बताए। शिविर में प्रतिभागियों को जागरूकता पुस्तिकाएं वितरित की गईं। विशेषज्ञों ने कहा कि कैंसर की शीघ्र पहचान ही इसके सफल उपचार में सबसे अहम है। पैप स्मीयर, मैमोग्राफी, ओरल और ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग जैसे परीक्षणों तथा एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, उमेश यादव, ममता राजपूत, कौशलेश शर्मा, अरुण कुमार डिंपल सहित कई लोग मौजूद रहे। जॉयंट्स ग्रुप अध्यक्ष डॉ. राहुल यादव ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कैंसर के कारणों, जोखिमों और निवारक उपायों के प्रति जागरूक करना था।

## दहेज लोभियों ने विवाहिता पर चाकू से किया प्रहार

अनूपशहर। दहेज लोभियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर सिर में चाकू से प्रहार कर जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया है कि महेंद्र कौर उर्फ सरोज पुत्री तिलक सिंह निवासी गांव शेखपुरा सटकना, थाना दादौ जनपद अलीगढ़ ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 13 वर्ष पूर्व उसकी शादी गुरमुख सिंह पुत्र रामेश्वर निवासी गांव रूढ़ बांगर, थाना अनूपशहर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। उसके पिता ने शादी में 7 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के बाद 2 लाख की मांग करते हुए ससुराल वाले उसका शारीरिक एवं मानसिक शोषण करते रहे। मांग पूरी न होने पर 29 जुलाई 25 की सुबह पति गुरमुख सिंह, सास केला देवी, ससुर राजेश्वर, नंद गुड़िया उसके साथ मारपीट करने लगे तभी नंद गुड़िया ने उसके सिर पर चाकू से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। डायल 112 की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अनूपशहर सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

## तीन घरों से नकदी समेत जेवरात चोरी, खाली बक्सा खेत में फेंका

बदायूँ। थाना उझानी क्षेत्र के संजरपुर बालजीत गांव के तीन घरों को चोरों ने खंगाल लिया। नकदी समेत जेवरात समेट कर चोरों ने एक ग्रामीण का बक्सा खेत में फेंक दिया। घटना के बाद पुलिस ने जानकारी करने के बाद तहकीकात शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात तीन घरों में चोरी की घटनाएं हुईं। चोर किसी के घर में दीवार फांदकर तो कहीं पीछे से घुसे। चोरों ने कमरों में अलमारियों और बक्सों को खंगाल लिया। गांव के सत्येंद्र के घर से चांदी की दो हसली, दो बिछुआ, चार पाजेब, सोने के कुंडल, टीका, बेसर, आठ किलो देशी घी और 40 हजार रुपये चोर ले गए। ब्रजेश के घर से सोने की चेन, कुंडल, चांदी की पाजेब और सात हजार रुपये निकाल ले गए। इसके अलावा विपनेश के घर से चोरों ने सोने के कुंडल, चांदी की दो जोड़ी पाजेब खडुआ और दो सौ रुपये चोरी हुए हैं। विपनेश ने बताया कि चोरों ने जेवरात और नकदी के अलावा कोई सामान नहीं चुराया है। जाग होने पर खोजबीन के दौरान एक बक्सा खेत में पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी की। पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए कोशिश शुरू कर दी है।

## पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सम्राट अशोक नगर निवासी योगेश (30) का शव सोमवार की शाम को घर के कमरे में फंदे से लटका मिला था। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।मोहल्ला सम्राट अशोक नगर निवासी योगेश की पत्नी तीन साल से अपने मायके कछला में रह रही है। युवक कई बार उसको बुलाने गया लेकिन वह नहीं आई। कई बार उसके भाइयों ने योगेश के साथ मारपीट भी की। योगेश की मां ने बताया कि बेटे की पत्नी ने उसके साथ न रहने की बात कह दी थी। उसने कहा था कि वह दूसरी शादी करेगी। सोमवार को वह उसको बुलाने गया लेकिन वह नहीं आई तो बेटे ने घर आकर कमरे में लगे पंखा में फंदा लगाकर फांसी लगा ली। कोतवाल प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी ममता, ससुर महेश व साले नीरज और राकेश के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## चाकू से हमला करने वाली युवती पर एफआईआर

बदायूँ। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में मंगलवार की दोपहर एक वृद्ध महिला पर चाकू से एक युवती ने हमला कर दिया था। पुलिस ने गांव की युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। गांव की मुन्नी देवी पत्नी रामेश्वर पुरी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की दोपहर वह अपने घर पर सो रही थी, तभी गांव की एक युवती उनके घर पर आयी और उनसे कहने लगी कि तुमने अपना नाती आकाश को घर से क्यों भगा दिया है। उनके नाती और उक्त युवती के बीच संबंध हो गए थे। इसी वजह से नाती को उसकी मां के पास भेज दिया। इसी बात को लेकर युवती ने रंजिश मानकर उन पर चाकू से हमला कर दिया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित मुन्नीदेवी का मेडिकल कराया गया है। साथ ही आरोपी युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतत्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

बदायूँ। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व व कृतत्व पर आधारित विकसित उत्तर प्रदेश नामक प्रदर्शनी का उद्घाटन आज गुरूवार 18 सितम्बर को अपरान्ह 03:30 बजे भारत सरकार के राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बी0एल0 वर्मा, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता तथा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया जाएगा। विकसित उत्तर प्रदेश नामक प्रदर्शनी स्थानीय बदायूँ क्लब बदायूँ में लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक जनता के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेगी।

## थाना अलापुर क्षेत्र में चल रहा है अवैध खनन



बदायूं। थाना अलापुर क्षेत्र में रात होते ही अवैध खनन में गरजती जेसीबी बता दें कि थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में अवैध खनन को लेकर रात-रात भर गरजतीजेसीबी मशीन और धरराटे भरते ट्रैक्टर, वहीं जिम्मेदारों के कान के नीचे जू-तक नहीं रेंगती ऐसा ही मामला थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम बिलहरी से सामने आया है जहां ककराला मार्ग गांव से महेज सौ मीटर की दूरी से ही अवैध खनन जोर-सोर से चल रहा है। रातों-रात दौड़ते हैं। ओवरलोड ट्रैक्टर वही ग्रामीणों की माने तो उन्होंने दबी जुबान से बताया की रात-रात भर चलते हैं दर्जन भर ट्रैक्टर कोई अधिकारी देखने को नहीं आता हमारा जीना मुहाल हो गया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कुछ जिम्मेदार अधिकारियों ने जेसीबी को मौके पर जाकर पकड़ लिया फिर आर्थिक साथ-गांठ कर छोड़ दिया। वहीं अलापुर एसओ से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं लगा।

## श्री रामलीला सेवा समिति ने निकाली शिव की भव्य रथ यात्रा

अनूपशहर। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान शिव डोला निकालकर रामलीला का आगाज किया।गुरुवार को श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में शिव चौराहे से भगवान शिव की रथ यात्रा निकाली गयी। रथयात्रा में भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया गया। रथयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शिव की रथयात्रा मुख्य बाजार से गांधी मंडी स्थित रामलीला स्थल पहुंची। श्री रामलीला सेवा समिति के अध्यक्ष अभय गर्ग ने बताया कि झंडा शोभायात्रा के साथ श्री रामलीला का आगाज किया जाता है। जिसमें 18 सितंबर को भगवान शिवयात्रा, 19 सितंबर को रावण की सवारी, 20 सितंबर को रामलीला मंचन का शुभारंभ, 23 सितंबर को श्री राम बारात, 30 सितंबर श्री काली मेला, 2 अक्टूबर को रावण दहन, 3 अक्टूबर को भरत मिलाप व 5 अक्टूबर को राजगद्दी दी जाएगी।

# शाकिर की मौत के मामले की मजिस्ट्रेटी जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बिनावर क्षेत्र में पुलिस दबिश के दौरान शाकिर की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में पूर्व मंत्री आबिद रजा ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मजिस्ट्रेट से जांच व 25 लाख रुपये की मदद शासन से दिलाने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि ग्राम व्योर मजरा सेमरमई में 15 सितंबर को गांव में पुलिस दबिश देने गई थी।

इस दौरान गांव के किसान शाकिर पुत्र मोहम्मद अली को गांव वालों ने कहा, पुलिस तुम्हें पकड़ने आ रही है। शाकिर बिना सोचे समझे पुलिस के भय से भागा और आगे जाकर खेत में गिर गया। इससे शाकिर की मौत हो गई। गांव वालों का कहना है कि पुलिस के डंडा लगने से शाकिर खेत में गिर गया, लेकिन यह जांच का विषय है, लेकिन यह सच है कि शाकिर के खिलाफ पुलिस में न कोई शिकायत थी। न ही उसका कोई अपराधिक इतिहास है। पुलिस की दबिश के कारण ही परिस्थितिवश शाकिर की मृत्यु हो गई। पूर्व मंत्री ने पत्र में लिखा है कि शाकिर गरीब किसान है, अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए इकलौता शाकिर ही था। उनके परिवार में तीन बच्चे हैं। अब शाकिर के परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा है। जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि उपरोक्त प्रकरण की मजिस्ट्रेटी जांच कराकर दोषियों पर कानूनी कार्यवाही करने का कष्ट करें। इसके अलावा शासन से मृतक शाकिर के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद दिलाएं, ताकि उसके बच्चों का पालन-पोषण हो सके। गांव के कब्रिस्तान में शाकिर को किया गया सुपर्दे खाक शाकिर के शव मिलने के बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व एसपी सिटी की जांच में साफ हो गया कि शाकिर पुलिस की गाड़ी का साइरन सुनकर ही खेतों की ओर चले गए थे। वहां उसकी हार्टअटैक से उनकी मौत हो गई।

बुधवार को गांव के ही कब्रिस्तान में उनको सुपर्दे खाक कर दिया।अनाथ हो गए शाकिर के तीन बच्चे शाकिर की मौत के बाद तीन बच्चे अनाथ हो गए। शाकिर की पत्नी करीब पांच साल पहले तीन बच्चों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई थी। तब से वह नहीं लौटी। शाकिर की बड़ी बेटी 12 साल की अमरीन है। उससे छोटा बेटा इमरान व दूसरा बेटा छोटे है। शाकिर ही बच्चों का पालन पोषण कर रहा था। करीब एक साल से उन्हें दिल का दौरा पड़ा लेकिन जान बच गई। परिवार के लोगों ने बताया कि वह पुलिस से बहुत डरते थे। पुलिस की मौजूदगी में बुधवार को शव परिजनों के सुपर्दे खाक कर दिया है। उनकी हार्टअटैक से मौत होना पाया गया है। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने जांच की है। पुलिस उनके पास तक नहीं गई थी। साइरन की आवाज सुनकर वह खेतों की ओर चले गए थे। दिल के मरीज थे। -डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

# पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पात्रों का छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। दिलीप कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष, शैक्षिक सत्र 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग हेतु पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति , शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) तथा सामान्य वर्ग, अन्य पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु समय सारिणी निर्गत की जा चुकी है, जिसका विवरण इस प्रकार है जिसमे पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10), दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं के स्तर से आवेदन किये जाने की तिथि 30 अक्टूबर, 2025 तक है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति , शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु छात्र/छात्राओं के स्तर से आवेदन किये जाने की तिथि 20 दिसम्बर, 2025 तक है । इच्छुक छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति की वेवसाइट https://scholarship.up.gov.in पर आवेदन किये जा सकते हैं। वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) छात्रवृत्ति एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) तथा अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के समस्त पात्र छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति बैंक खाते में आधार सीडिंग व गघ्एक्रसे मैपिंग एवं ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु अपने विद्यालय में सूचना पट, दैनिक समाचार पत्रों कक्षाध्यापक एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रसार-प्रचार कराते हुए शासन द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार समयान्तर्गत समस्त कार्यवही पूर्ण करा ली जाए ताकि कोई भी पात्र छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति आवेदन करने से वंचित न रहे।

# 122 लाभार्थियों को 13.73 लाख के 626 सहायक उपकरण वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत पूर्व से चयनित 122 लाभार्थियों को 13 लाख 73 हजार रूपए के 626 सहायक उपकरण वितरित किए गए।बुधवार को राजकीय मेडिकल कालेज स्थित प्रधानमंत्री दिव्यांश केन्द्र में 75वें सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजित हुआ। भारत सरकार के राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बी0एल0 वर्मा तथा उत्तर प्रदेश की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरित किए। राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा ने कहा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक इसी प्रकार सेवा पखवाड़ा चलता रहेगा और सेवा भाव से सेवा में लगे रहेंगे। प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। कन्याओं तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि जरूरत मंदों की सहायता करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कराना भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने अपने सम्बोधन में राज्यमंत्री बी0एल0 वर्मा से मांग की कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर की भांति जनपद में भी एक संस्था कायम कराने का प्रयास किया जाए तो यहां के दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत सुविधाजनक होगा। कार्यक्रम में 05 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 72 फोल्डिंग व्हील चेयर, 93 वाकिंग स्टिक (छड़ी), 08 वॉकर, 08 कान की मशीन, 58 सिलिकॉन फोम कुशन, 17 सर्वाइकल कॉलर, 18 चेयर कमोड सहित, 21 व्हील चेयर कमोड सहित, 08 टेट्रापॉड/ट्राईपॉड, 212 नी ब्रेस एवं 106 एल0एस0 बेल्ट सहित कुल 626 उपकरण वितरित किए गए।

# 12 लाभार्थियों को 60 लाख का ऋण तथा 180 टूलकिट वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर 12 लाभार्थियों को 60 लाख रूपए ऋण के चेक की डमी वितरित किए जाने के साथ ही 06 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रूपए के ऋण के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। 180 लाभार्थियों को टूल किट वितरित किए गए। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभाकक्ष में विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। भारत सरकार के राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बी0एल0 वर्मा तथा उत्तर प्रदेश की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा जनपद प्रभारी मंत्री गुलाब देवी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने चेक तथा टूलकिट वितरित किए। इस योजनान्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर परियोजना लागत का शतप्रतिशत ब्याज उपादान वित्त पोषण की तिथि से अगले चार वर्षों के लिए दिया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए निश्चित बेवसाईट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरूण कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी तथा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारती, जिला उपाध्यक्ष शादेन्दु पाठक तथा पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

संभल। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय आह्वान व प्रदेश आह्वान पर जनपद संभल व चंदौसी में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में स्वदेशी सामान का इस्तेमाल करने एक राष्ट्र एक चुनाव राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित करने व भ्रष्टाचार पर पूर्णता लगाम लगाने अंग्रेजों के समय के कानून को समाप्त करने शिक्षक स्नातक की तरह पंजीकृत व्यापारियों को विधानसभा भेजने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की निम्न बिंदुओं पर कंधे से कंधा मिलाकर चलने व साथ देने पर व्यापारियों को प्रेरित किया इस मौके जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा कि यह अभियान आगामी 10 दिनों तक विभिन्न बाजारों में चलाया जाएगा विदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा की निम्न बिंदुओं पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल काफी समय से सरकार से मांग कर रहा है और शीघ्र ही राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी से मिलकर इन मांगों को उठाएंगे इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय सुशील अग्रवाल उमेश चंदवास ने उमर शमसी मेहताब शमसी मोहम्मद रिजवान सदस्य व्यापार मंडल के अलावा काफी संख्या में व्यापारी मौजूद थे

# गैर–पंजीकृत अस्पतालों से अवैध वसूली का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिले में गैर-पंजीकृत अस्पतालों और निजी क्लीनिकों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा हुआ है। प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस गिरोह से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि यह गिरोह अस्पताल संचालकों से मुकदमा दर्ज कराने और अस्पताल बंद कराने की धमकी देकर हर साल लाखों रुपये की उगाही करता था।

मंगलवार को सम्भल, चन्दौसी और गुन्नौर क्षेत्र में प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने 31 संदिग्ध अस्पतालों और क्लीनिकों पर छापेमारी की थी। जांच में 19 अस्पतालों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। मामले की गहन जांच के बाद गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बहजोई थाना क्षेत्र के गांव सादातबाड़ी निवासी जगतपाल

**मंगलवार को सम्भल, चन्दौसी और गुन्नौर क्षेत्र में प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों ने 31 संदिग्ध अस्पतालों और क्लीनिकों पर छापेमारी की थी। जांच में 19 अस्पतालों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं**

पुत्र जवाहरलाल, जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अहरौला नवाजी निवासी प्रेम सिंह पुत्र गंगा सिंह, रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव बहटकरन निवासी बबलू गिरि पुत्र आनंद गिरि और बुलंदशहर जनपद के नरोरा निवासी संगम पुत्र नंदकिशोर के रूप में हुई है। इनके अलावा चंदौसी निवासी नितिन उर्फ नितेंद्र नाथ गुप्ता, सरायतरीन निवासी राजीव कौशिक और चंदौसी निवासी गौरव बंसल के नाम भी सामने आए हैं। जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह गैर-पंजीकृत अस्पतालों और निजी क्लीनिकों से सालाना 1 लाख से 10 लाख रुपये तक की वसूली करता था। अस्पताल संचालकों को डराया-धमकाया जाता था कि यदि रकम नहीं दी गई तो अस्पताल बंद करा दिया जाएगा या मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा। इतना ही नहीं, किसी अस्पताल में घटना घटने पर गिरोह के सदस्य अतिरिक्त रकम ''टॉप-अप'' के नाम पर वसूलते थे। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह में शामिल कुछ लोग सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं। इनमें नितिन उर्फ नितेंद्र नाथ गुप्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एचौली में वार्ड ब्वॉय है, जबकि गौरव बंसल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में फिजियोथेरेपिस्ट के पद पर तैनात है। इसी प्रकार प्रेम सिंह की पत्नी वर्ष 2016 से एएनएम के पद पर कार्यरत है और बबलू गिरि की पत्नी वर्ष 2019 से वार्ड आया के रूप में काम कर रही है। गिरोह द्वारा वसूले गए धन की क्षेत्रवार बंटवारा प्रणाली भी पुलिस की जांच में सामने आई है। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में प्रेम सिंह, बबलू गिरि और संगम अस्पताल संचालकों से 1 से 5 लाख रुपये सालाना वसूली करते थे।

सम्भल और चंदौसी क्षेत्र में जगतपाल, नितिन, राजीव कौशिक और गौरव बंसल द्वारा 1 से 5 लाख रुपये सालाना ''रिन्यूअल फीस'' के नाम पर वसूले जाने की शिकायतें मिली हैं। गौरव बंसल पर तो 5 से 10 लाख रुपये तक वसूलने के गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।गुरुवार को थाना गुन्नौर की पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक अपर्णा बंसल, संदीप कुमार और विशांत कुमार शामिल थे, ने गुन्नौर चौराहे के पास से जगतपाल, प्रेम सिंह, बबलू गिरि और संगम को दबोच लिया। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एसपी सिटी ने देखी शहर की सुरक्षा व्यवस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। एसपी सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार के दृष्टिगत एसपी सिटी, विजयेन्द्र द्विवेदी द्वारा मय पुलिस बल के साथ शांति/सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र के कचहरी तिराहा,पुलिस लाइन चौराहा व आदि जगहों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । पैदल गश्त के दौरान सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय, सीओ उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार तथा इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनोज कुमार सिंह एवं इंस्पेक्टर कोतवाली प्रवीण कुमार व अन्य अधि0गण/कर्म0गण मौजूद रहे।

## अधिकारियों से वार्ता के बाद किसान यूनियन का धरना समाप्त

अनूपशहर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू द्वारा तहसील परिसर में चल रहा धरना दूसरे दिन अधिकारियों से वार्ता के बाद समाप्त किया गया। बुधवार की देर शाम तहसील परिसर में चले रहे किसान यूनियन के धरने पर पहुंचीं एसडीएम प्रियंका गोयल, सीओ रामकरण सिंह, मंडी सचिव नरेंद्र शर्मा, एसडीओ विद्युत शैलेंद्र सारस्वत ने किसानों से समस्याओं को लेकर वार्ता की। किसान नेता गुड्डू प्रधान ने सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं का किसानों को पूर्ण लाभ दिलाने, पुलिस द्वारा किसानों के साथ अच्छा आचरण करने, तहसील व चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने, अवैध खनन पर रोक लगाने, अनाज मंडी में 700 ग्राम की बोरी के बदले डेढ़ किलो अनाज काटने पर रोक, विद्युत विभाग द्वारा झूठे मुकदमों पर रोक लगाने, विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाने, सहकारी समिति पर डीएपी व यूरिया की काला बाजारी पर रोक लगाने जैसी मांग की। अधिकारियों ने किसानों की सभी मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर डीएम व एसपी ने संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ की बैठक

**बैठक में जनपद के समस्त पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ-साथ विभिन्न वर्गों के संभ्रांत व्यक्ति एवं धर्मगुरु सम्मिलित हुए**



गोण्डा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा,दशहरा वं अन्य पर्वों के दृष्टिगत जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जनपद के समस्त पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ-साथ विभिन्न वर्गों के संभ्रांत व्यक्ति एवं धर्मगुरु सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों की तैयारियों,सुरक्षा व्य वस्था एवं आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं से संवाद स्थापित कर सुझाव प्राप्त किए गए एवं उनके अनुरूप संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शासन द्वारा जारी गाइ डलाइनों से सभी को अवगत कराया गया।

**पुलिस अधिकारियों की लोगों से अपील**

त्यौहारों को पारंपरिक रूप से शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए, किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न करें।त्यौहारों में सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।धार्मिक स्थलों व आयोजनों में लाउडस्पीकर,पीए सिस्टम की ध्वनि माननीय उच्चतम न्यायालय के गाइडलाइंस के अनुसार रखी जाएगी।दुर्गा पूजा पंडाल एवं दशहरा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएँगे।दुर्गा प्रतिमा की ऊंचाई मामले के अनुरू प रखी जाएगी।इस दौरान अभिसूचना इकाई एवं अन्य तंत्रों को सक्रिय किया गया है।संवेदन शील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी वं सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाट्सएप आदि) पर विशेष नजर रखी जा रही है।आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया गया कि पुलिस एवं प्रशासन त्योहा रों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सज ग एवं कटिबद्ध है।सभी से अपील की जाती है कि वे त्यौहारों को शान्तिपूर्ण,पारंपरिक व आ पसी भाईचारे के साथ मनाएँ और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी व पश्चिमी) जनपद के विभिन्न पुलिस,प्रशासनिक अधिकारीगण सहित संभ्रांत व्यक्ति,धर्मगुरु उप स्थित रहे।

# जिले में बढ़ रही चोरी की रोकथाम को एसपी सड़क पर उतरे,किया गस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में चोरी की बढ़ रही घटनाओं से दहशत का माहौल है।ड्रोन को लेकर भी अफ वाहों का बाजार गर्म है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से डरे लोग शहर से लेकर गांव तक पहरा दे रहे हैं।लोगों में चोरी को लेकर छा ई दहशत कम करने व अफवाहों पर ध्यान न देने को लेकर एसपी विनीत जायसवाल रात खुद सड़क पर उतरे।कई गांवों का दौरा कर चोरी की रोकथाम के लिए पुलिस क्या कर रही है यह ग्रामीणों को बताने के साथ ड्रोन की अफ वाहों से सावधान रहने की अपील की।उन्होंने कहा कि किसी निर्दोष की पिटाई नहीं होनी चा हिए। ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होगी। संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु दिखने पर पुलिस को सूचना दें।कानून अपने हाथ में न लें। एसपी ने जिले केथाना क्षेत्रो में रोड पर व गाँव रात में पुलिस बल के साथ गश्त किया। गांवों मे पहरा दे रहे आम लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें जागरुक कि या,उन्होंने बताया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधियां दिखाई दे तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों से कहा कि शांति एवं संयम बनाए रखें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने व ग्रामीणों की सुर क्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।कानून को अपने हाथ में न लें क्योकि अफवाहों के आ धार पर किसी निर्दोष व्यक्ति से मारपीट करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। किसी संदि ग्ध व्यक्ति,वस्तु कि सूचना तत्काल नजदीकी थानों व आपातकालीन नंबर डायल 112 पर साझा करें।पुलिस आपकी सेवा में तत्काल हाजिर होगी।अफवाहों से सावधान रहे।

# कृषि वानिकी से खुलेगा आय का द्वार: कीर्तिवर्धन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। उत्तर प्रदेश में देश की कुल जनसंख्या का लगभग 16.4% आबादी निवास करती है। अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए यहां के निवासी मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर हैं, लेकिन राज्य में वन और वृक्ष आच्छादन केवल 9.32 % है जो एक गंभीर चुनौती है।वही जय महल में प्रेस वार्ता के दौरान सह-समन्वयक डॉक्टरअनीता तोमर (वैज्ञानिक एफ) ने बताया कि सागौन(टेक्टोना ग्रैंडिस)को इमारती लकड़ी का राजा कहा जा ता है।इसका उपयोग भवन नि र्माण से लेकर फर्नीचर बनाने तक में होता है।एक अनुमान के मुताबिक,दुनिया के 95 प्रति शत से ज्यादा सागौन एशिया में हैं।खास बात ये है कि इनमें से 35 प्रतिशत सागौन के बाग (प्लांटेड फॉरेस्ट) अकेले भारत में हैं।संयोजक डॉ.संजय सिंह (वैज्ञानिक तथा प्रमुख )ने बता या कि इमारती लकड़ी के मामले में प्रचुर संसा धन होने के बावजूद अभी भारत को इमारती लकड़ी का आयात ज्यादा करना पड़ता है।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत का विजन है।वही समन्वयक आलोक यादव वैज्ञानिक एफ ने बताया कि कृषि वानिकी के जरिए टिंबर यानी इमारती लकड़ी के क्षेत्र में भी भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।केंद्रीय पर्यावरण,वन एवं जल वायु परिवर्तन राज्यमंत्री गोंडा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह 'राजा भैया' ने पीएम मोदी के विजन को साकार करने के लिए पहल की है,देवीपाटन मंडल के किसानों को कृषि वानिकी के बारे में जागरूक करने की कोशिशों के तहत वृक्ष उ त्पादक मेला आयोजित किया जा रहा है।इसी क्रम में आज जिला पंचायत सभागार में वृक्ष उत्पादक मेला आयोजित किया जा रहा है।इस एक दिवसीय मेले में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम होंगे। वृक्ष उत्पादक मेले में उत्तर प्रदेश के अलग अलग जिलों के 16 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा।इसमें देवीपाटन मंडल के 11 प्रगतिशील किसान भी शामिल हैं।

## स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और जनभागीदारी को बढ़ाना है

गोरखपुर। स्वच्छोत्सव कार्यक्रम के तहत स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) 2.0 के अंतर्गत ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का आज नगर निगम गोरखपुर द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, नगर निगम अधिकारियों, एन.डी.आर.एफ के जवानों, नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर, स्वच्छता चैम्पियन, डी.पी.एम सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत राम रामगढ़ (नौका विहार) से हुई जिसमें स्वच्छता शपथ, साफ सफाई एवं प्लॉग रन इत्यादि गतिविधि करायी गयी/ उक्त कार्यक्रम में सभी ने गंदगी न फैलाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके पश्चात शहर के सभी वार्डो, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों एवं संस्थागत परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।नगर निगम के अधिकारियों ने ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और जनभागीदारी को बढ़ाना है।

# जल स्रोतों पर अवैध अतिक्रमण रोकने की मांग

**रूल ऑफ लॉ सोसाइटी ने दिया ज्ञापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। रूल ऑफ लॉ सोसाइटी बहराईच (अवध) पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बहराइच आगमन पर उन्हें सामूहिक ज्ञापन देकर जनपद में जल स्रोतों पर बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने की मांग की।रूल ऑफ लॉ सोसाइटी (अवध क्षेत्र) संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने उप मुख्यमंत्री को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन देकर अवगत कराया कि जनपद के अधिकंश ग्राम समाज व सरकारी जमीन में स्थित तालाब, पोखरा, जलाशय व झीलों पर अतिक्रमण कर भू माफियायों द्वारा अवैध निर्माण लगातार कराया जा रहा है या फिर खेती किसानी की जा रही है जिसके चलते तराई का जल स्तर घट रहा है और खेती किसानी में भी बाधा पहुच रही है । सोसाइटी से जुड़े पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जलाशयो पर हो रहे लगातार अतिक्रमण में राजस्व विभाग व प्रशासनिक कर्मियों, अधिकारियों की भी मिलीभगत रहती है ऐसे में यदि अतिक्रमण रोकने हेतु प्रभावी कदम न उठाया गया तो हालात भयावह होंगे और कृषि उत्पादकता पर भी इसका असर पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने वाले लोगो मे प्रमुख रूप से किसान परिषद संयोजक महेंद्र प्रताप सिंह सेंगर, सोसाइटी उपाध्यक्ष डॉ पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट, संविधान विशेषयज्ञ अनिल त्रिपाठी, संयोजक प्रमोद सिंह चौहान, मंत्री आलोक शुक्ल, पर्यावरणविद संजय श्रीवास्तव, शशांक सिन्हा, जयचंद सोनी ,समाज सेवी सौरभ तिवारी,पर्यावरणविद शिव पूजन सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को जल स्रोतों को अवैध कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त कराए जाने हेतु प्रभावी प्रशासनिक कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया।

# बाट माप विभाग की बड़ी कार्रवाई, अप्रैल से अब तक 120 चालान,1.62 लाख वसूले

**नानपारा, मिहिपुरवा सर्किल निरीक्षक अमित सिंह ने जानकारी दी कि अब तक कुल 120 चालान किए गए हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। बाट-माप से जुड़े मामलों में विधिक माप विज्ञान विभाग ने इस साल अप्रैल से अब तक कड़ी कार्रवाई की है। विभाग के नानपारा/मिहिपुरवा सर्किल निरीक्षक अमित सिंह ने जानकारी दी कि अब तक कुल 120 चालान किए गए हैं, जिनसे न्यायालयों के माध्यम से 1.62 लाख रुपये समन शुल्क के रूप में जमा कराए गए।

उन्होंने बताया कि विभाग ने कंाटाऽबाट पंजीकरण और नवीनीकरण की सुविधा अब ऑनलाइन शुरू कर दी है। व्यापारी यूपी लीगल मेट्रोलॉजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं और शुल्क भी स्वयं ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन के बाद विभागीय सत्यापन कर लाइसेंस अथवा नवीनीकरण जारी कर दिया जाएगा। इस अवसर पर नानपारा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सोहेल अहमद भी मौजूद रहे। निरीक्षक अमित सिंह ने व्यापारियों से अपील की कि वे समय पर अपने कंाटे का नवीनीकरण कराएं और उपभोक्ताओं के साथ नापऽतौल में पूरी ईमानदारी बरतें। किसी भी समस्या के लिए विभागीय कार्यालय, इमामगंज रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास संपर्क किया जा सकता है।

# अफवाह फैलाने के उद्देश्य से उड़ाया जा रहा खिलौना ड्रोन पुलिस के कब्जे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में प्रतिदिन जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में चलाए जा रहे पैदल गश्त एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान 17 सितंबर को कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक के द्वारा पुलिस बल के साथ सकरौरा पश्चिम में पैदल गश्त की जा रही थी,तभी पुलिस बल ने देखा कि वहां एक संदिग्ध व्यक्ति ड्रोन उड़ा रहा है।पुलिस बल जब मौके पर पहुंची तो ड्रोन उड़ा रहा व्यक्ति पुलिस को देखकर मौके से भाग ग या,रिमोट की रेंज से बाहर होने पर ड्रोन नीचे गिर गया जिसकी जांच करने पर पाया गया कि यह खिलौना ड्रोन था,जिसे अफवाह फैलाने के उद्देश्य से उड़ाया जा रहा था,पुलिस द्वारा ड्रोन को कब्जे में ले लिया गया है तथा इस प्रकार माहौल ख़राब करने के उद्देश्य से ड्रोन उड़ाने वाले व्यक्ति की तलाश की जा रही है,प्रकरण में अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जार ही है।

# शवों की गुत्थी नहीं सुलझा पा रही पुलिस,कई घटनाएं बन रहीं नजीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए योगी सरकार आदेश तो दे रही है,जिले के थाना क्षेत्रों में तीन वर्ष के भीतर हत्या की कई वारदा तें हो चुकी हैं कई आरोपित पुलिस की पकड़ से अभी दूर हैं।वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बन गई हैं।हत्या की वरदातों का अब तक राज फाश नहीं हो सका है।पुलिस का एक ही रटा - रटाया जवाब मिलता है कि जांच की जा रही है।

**केस नंबर एक :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव के मजरे चौहान पुरवा में सात सितंबर 20 22 बुधवार की देर रात किराए के मड़हे में क्लीनिक चला रहे झोलाछाप डॉक्टर की सोते समय मढ़हे में ही धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई।इसके बाद हत्यारे शव को ले जाने लगे तो आहट पाकर मकान माल किन जाग गई और शोर मचाने लगी।शोर सुन कर शव को सड़क पर छोड़कर हत्यारे फरार हो गए थे।पुलिस तीन वर्ष बीतने के बाद घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

**केस नंबर दो:** मोतीगंज थाना क्षेत्र के गरिबाजोत कपिसा गांव की शर्मावती पत्नी बलराम वर्मा की 13 सितंबर 2023 को उस समय हत्या कर दी गयी थी,जब वह अपने गन्ने के खेत में घास काटने गयी थी।उसी दिन मृतका शर्मावती का पति भी घर से रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था।इस घटना को 24 महीने बीत गए लेकिन आज तक न तो पुलिस और एसओजी की टीमें हत्या का राजफाश कर स कीं और न बलराम वर्मा को ही बरामद कर सकीं है।हालां कि, इस बहुचर्चित हत्याकांड के खुलासे और बलराम वर्मा की बरामदी के लिए तत्का लीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के द्वारा मोती गंज व धानेपुर थाने की पुलिस के साथ गोण्डा बलरामपुर व बहराइच की एस ओजी टीमें भी लगाई गयी थीं।ऐसे में जहां मृतका के बच्चों में निराशा है,चौबीस महीने बीतने के बाद भी पुलिस इस प्रकरण में किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।वहीं लोगों द्वारा पुलिस की कार्य शैली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

**केस नंबर तीन :** इटियाथोक थाना क्षेत्र में आंगन बाड़ी कार्यकत्री प्रमिला तिवारी की 25 जुलाई 2024 को हत्या की गई थी।उनका शव घर से चार सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने पुष्टि हुई।हत्या के राजफाश के लिए पुलि स लग भग सैकड़ो से अधिक लोगों को उठाया और उनसे पूछताछ की लेकिन पूछताछ करने के बाद लोगों को छोड़ दिया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गलादबाकर हत्या किए जाने पुष्टि हुई मृतका के पति देव प्रकाश तिवारी ने गांव के ही तीन लोगों पर कोटेदारी की रंजिश को लेकर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था,लेकिनएक वर्ष दो महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपियों को जेल नहीं भेजा सका है।

**केस नंबर चार :** जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के मंशापुरवा के निकट अज्ञात युवती की गला काटकर हत्या माम ले में पुलिस अब तक खुलासा करना तो दूर घटना के 11 माह बाद तक शिनाख्त तक नहीं करा सकी है।बीते छह अक्टूबर 2024 को एक बीस वर्षीय युवती की बोरे में भरी लाश मिली थी।युवती की धारदार हथियार से गला काटकर की गई इस निर्मम हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी थी।इस ब्लाइंड मर्डर को लेकर अब इलाके में तरह तरह चर्चाए जोर पकड़ रही है वहीं पुलिस की नाकामी से थाने के जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।इस मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई के चलते तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता को एसपी विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था।उनकी जगह पांच नवंबर को एसपी विनीत जायसवाल के काफी भरोसेमंद और तेज तर्रार माने जाने वाले इंस्पेक्टर राजेश सिंह को कटरा बाजार थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी,लेकिन थाने का प्रभार संभालने के दस महीने बाद भी कटरा बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिं ह को भी कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।इस असफलता से न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे क़र रहे हैं,बल्कि एसपी के फैस ले पर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

**केस नंबर पांच :** जिले की कौड़िया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत छितौनी के बन बाबा पुरवा के पास सात फरवरी 2025 शुक्रवार को एक युव क का अधजला शव मिला था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक की हत्या कर शव को नहर पटरी के किनारे फेंक कर कोई ज्वलनशील प दार्थ डालकर आग लगा दी गई ताकि युवक की पहचान ना हो सके।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था।आठ महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।

**केस नंबर छः** धानेपुर थाना क्षेत्र में गाँव ख्वाजा जोत पांडेयपुर देवरहना निवासी आरएसएस कार्यकर्ता अविनाश मिश्र (23)9 जुलाई 20 25 को हत्या करके बाग में फेंक दिया था।आरएसएस कार्यकर्ता के हत्याकांड का खुला सा न होने से लोगों में आक्रोश पनप रहा है।अविनाश मिश्रा हत्याकांड का दो महीने बाद भी खुलासा नहीं किया गया।ऐसे में लोगों में दहशत है।जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हो चुकी है।अविनाश के पिता कमला प्रसाद मिश्र ने आरोपियों के खि लाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। लेकिनपुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं की गई है। सिर्फ पुलिस का एक रटा-रटा या बयान आता है कि इस मामले के बेहद करीब पहुंच चुके है।आरो पियों की गिरफ्तारी के लिए जरूरी साक्ष्य जुटा ए जा रहे हैं।जल्द ही मामले में गिरफ्तारी कर कार्रवाई की जाएगी।

**केस नंबर सातः** जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मनकापुर नवाबगंज मार्ग स्थित टि करी जंगल में रुदापुर सम्मय मंदिर से दक्षिण सड़क के किनारे 27 जून 2025 को 30 वर्षीय महिला का शवं पड़ा देखकर राहगीरों में सनस नी फैल गई थी,उसके दोनों हाथ में लाल रंग की एक-एक चूड़ियां,माथे की बिंदी,नाक में पीले रंग की कील,और दाहिने पैर में काले रंग का धागा बंधा हुआ है।युवती काले रंग की लेगी और हल्का आसमानी बटर कढ़ाई की कुर्ती पह ने हुए थी।51 दिन बीत जाने के भी मन कापुर पुलिस ने 30 वर्षीय महिला के हत्यारो का पता नहीं लगा पाई है।

**केस नंबर आठः** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में इसी तरह एक वर्ष पहले भी एक वर्ष पहले 24 मई को मनकापुर के रामगढ़ टिकरी जंगल में सागौन के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकते हुए 25 वर्षीय युवती का शव मिला था,जिसके हाथ में लाल रंग की मौली बंधी हुई थी,और टैटू से खुशबू लिखा हुआ था। इसके बारे में आज तक भी पुलिस पता नहीं लगा पाई है।

**केस नंबर नवः** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के उमरिया गांव में हुई एक हृदय विदारक घटना का सच आज भी अंधकार में है। 45 वर्षीय ई-रिक्शा चालक संगम उर्फ भोला शुक्ला की 27 अगस्त 2025 को उमरिया पावर हाउस के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। घटना को आज 22 दिन बीत चुके हैं,लेकिन नवाबगंज थाने की पुलिस अब तक अपराधी का खुलासा नहीं कर सकी है। कई मामलों में न ही शव की शिनाख्त हो पा रही है,और न ही घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो पा रही है। खुलासा न कर पाना पुलिस की कार्यशैली को सवालों के घेरे में रखे हुए है। खुफिया तंत्र से लेकर तमाम प्रबंध पुलिस के काम नहीं आ पा रहे। मौत की गुत्थी न सुलझना अपराध मामलों के लिए पुलिसिंग व्यवस्था की बदहाल तस्वीर बयां करती है।जिले में कई घट नाएं सामने आ चुकी है। जिनमें पुलिस खाली हाथ है।खुलासा तो दूर की बात है।

# गोण्डा पुलिस का बड़ा एक्शन, अवैध अंग्रेजी शराब बरामद,एक तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में,अपर पुलिस अधी क्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण तब था क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृ त्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब तस्कर विश्वनाथ चौपाल पुत्र राम वृक्ष चौपाल उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं.एक हरिपुर, पोस्ट सिसो,थाना मबी,जनपद दरभंगा,बिहार को गिरफ्तार किया गया है।गिर फ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से अवैध शराब 24 कैन बीयर, 40 शीशी 8 पीएम अंग्रे जी शराब 180 एमएल व पांच शीशी 8 पीएम अंग्रेजी शराब 375 एमएल बरामद की गई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।18 सितंबर को उपनिरीक्षक विपुल कुमार पाण्डेय मय फोर्स रात्रि गश्त हेतु क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे।इस दौरान मुखबिर के द्वारासूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर ट्रेन से बिहार जा रहा है।सूचना पर कार्य वाही करते हुए पुलिस टीम रेलवे स्टेशन पहुँची और टिकट काउंटर के सामने सड़क पर संदि ग्ध व्यक्ति विश्वनाथ चौपाल को रोककर तला शी ली गई तलाशी के दौरान उसके पास अवैध शराब बरामद की गई है।

## चर्चित एसीपी अनुज चौधरी का स्थानान्तण

संभल। यूपी सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए संभल के चर्चित एसीपी अनुज चौधरी का ट्रांसफर कर दिया है। चंदौसी एसीपी के पद से हटाए गए अनुज चौधरी को फिरोजाबाद के एसीपी ग्रामीण के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुज चौधरी के हुए तबादले से सबसे ज्यादा संभल के समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर्रहमान बर्क खुश हुए है। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की है। बोले बर्क जिस तरीके से संभल में हालात खराब किए गए थे। बर्क ने इसे जिले के लिए सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि इससे कानून-व्यवस्था सुधरेगी और लोगों का भरोसा बढ़ेगा।

## सूचना

मैं शपथी संजय कुमार पुत्र रमेश्वर प्रसाद, निवासी ग्राम खिराभा, परगना, तहसील व जिला गोण्डा, सशपथ बयान करता हूं कि शपथी के आधार कार्ड, पेन कार्ड, हाईस्कूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र में शपथी का नाम संजय कुमार दर्ज है और शपथी के पासपोर्ट में संजय कुमार गुप्ता दर्ज है, जबकि संजय कुमार व संजय कुमार गुप्ता एक ही व्यक्ति (शपथी) का नाम है। शपथी के पासपोर्ट में संजय कुमार दर्ज कराया जाना आवश्यक है।

**शपथी संजय कुमार पुत्र रमेश्वर प्रसाद, निवासी ग्राम खिराभा, परगना, तहसील व जिला गोण्डा**

# महिला हिंसा रोकथाम पर जनचेतना रैली निकाली गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में ‘सेवा पखवाड़ा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार’ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को महिला कल्याण विभाग की ओर से महिला एवं बालिका सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को रैली के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया गया। ‘महिला हिंसा रोकथाम’ पर जनचेतना रैली का आयोजन हुआ। रैली को उपजिलाधिकारी,प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज की छात्राओं द्वारा विद्यालय से निकलकर तहसील गौरीगंज मोड़ तक निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्राओं ने ‘न दहेज लेंगे, न दहेज देंगे’ तथा महिला हिंसा रोकथाम से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाया। इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों द्वारा यह शपथ ली गई कि वे बालिकाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार और आचरण करेंगे। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अमेठी, पुलिस विभाग की टीम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या व शिक्षकगण, मिशन वात्सल्य योजना की टीम, वन स्टॉप सेंटर अमेठी की टीम, चाइल्ड हेल्पलाइन अमेठी की टीम तथा हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन योजना की टीम मौजूद रही।

## नहीं थम रहा प्रसूताओं के मौत का सिलसिला,सीएमओ के निर्देश पर निजी अस्पताल की ओटी सील

पूरनपुर। पूरनपुर देहात क्षेत्र मोहल्ला खानकाह रजिस्ट्री ऑफिस रोड स्थित एस के मजहर हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में प्रसूता की हालत बिगड़ने के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया गया वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई मंगलवार को गर्भवती महिला को परिजनों ने एस के मजहर अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था अस्पताल में महिला का उपचार करने के बाद प्रसव कराया गया प्रसव के बाद ब्लीडिंग शुरू हो गया आरोप है कि लापरवाही के चलते महिला की हालत बिगड़ी अस्पताल के डॉक्टर ने महिला की हालत बिगड़ने पर उसे रेफर कर दिया महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने सीएमओ से एसके मजहर के डॉक्टर पर प्रसव में लापरवाही बरतने की शिकायत की थी परिजनों ने प्रसूता की मौत के लिए अस्पताल के डॉक्टर को जिम्मेदार बताया मुख्य चिकित्साधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्साधिकारी डा मनीष राज शर्मा को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए बुधवार मनीष राज शर्मा एसके मजहर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर नहीं थे स्टाफ ने कुछ देर में आने के बारे में बताया लेकिन डॉक्टर नहीं पहुंच सके दस्तावेजों की जांच करने के बाद एमओआईसी ने अस्पताल में संचालित ऑपरेशन थियेटर को सील कर दिया अस्पताल में छापेमारी की सूचना लगते ही लोगों की भीड़ जुट गई पहले भी अस्पताल सील किया जा चुका है ।

## प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवादादाता

सुल्तानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को कैबिनेट मंत्री पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग तथा प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत उषा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सुभासपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने मंत्री का स्वागत किया तथा विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अगस्त में विकास कार्यों की प्रगति में जनपद की 35वीं रैंकिंग की जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश समाप्त होने के बाद सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने का अभियान चलाया जाए। साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क बहाली कार्य में तेजी लाने का आदेश दिया। विद्युत आपूर्ति को लेकर विधायक सदर व एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। इस पर मंत्री ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि विधानसभा वार बिजली आपूर्ति का शेड्यूल सार्वजनिक किया जाए और शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित हो। कुसुम योजना के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक किसानों को सोलर पंप का लाभ दिलाने के लिए विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए। वहीं, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज : युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन संचालित मेरा युवा भारत ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। इस पहल के अंतर्गत 1 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025 तक विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए रखी गई है। प्रतिभागियों को 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 10 मिनट का समय मिलेगा। पूरी तरह निशुल्क यह क्विज देश की 12 प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध होगी, ताकि हर क्षेत्र का युवा इसमें आसानी से भाग ले सके।मंत्रालय का मानना है कि जिस प्रकार युवा ऊर्जा देश की प्रगति का आधार है, उसी प्रकार ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान से भारत का भविष्य मजबूत दिशा पाएगा। प्रतियोगिता की खास बात यह है कि प्रत्येक प्रतिभागी को डिजिटल भागीदारी प्रमाणपत्र मिलेगा। वहीं 10,000 विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार एवं गुडीज दिए जाएंगे। इसके अलावा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रत्यक्ष संवाद करने का अवसर भी मिलेगा। विजेताओं का चयन पूरी तरह कंप्यूटर आधारित पारदर्शी प्रणाली से किया जाएगा।इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने युवाओं से व्यापक भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि यह केवल एक क्विज नहीं, बल्कि युवाओं की सोच और ऊर्जा को सही दिशा देने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना की नींव आज के युवा ही मजबूत करेंगे।उन्होंने जिले के प्रत्येक शिक्षण संस्थान, कॉलेज, युवा संगठनों और अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# राणा प्रताप पीजी कालेज में लगा रोजगार मेला

## नौ कम्पनियों ने 499 लोगों को नौकरी के लिए चुना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय के माडल कैरियर सेंटर और राणा प्रताप पीजी कालेज के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कालेज परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें नौ कम्पनियों ने विभिन्न पदों हेतु 499 लोगों को नौकरी के लिए चुना। यह जानकारी देते हुए कालेज के प्लेसमेंट सेल प्रभारी सुनील त्रिपाठी ने बताया कि इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से युवक युवतियों का अनंतिम चयन किया है । इन शार्ट लिस्ट लोगों में से कुछ दिनों में अंतिम चयन पूरा कर लिया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ दिनकर कुमार ने बताया कि ग्यारह बजे से शुरू हुये इस रोजगार मेला में 1250 छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया जिसमें से 499 लोग शार्ट लिस्ट हुए हैं। पंजीकरण, साक्षात्कार आदि चयन की पूरी प्रकिया निशुल्क सम्पन्न हुई। प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में चयनित विद्यार्थियों को निजी क्षेत्र की कंपनी ट्रस्ट पावर अर्थिंग प्राइवेट लिमिटेड, बजाज कैपिटल इंश्योरेंस, श्री राम लाइफ इंश्योरेंस, फ्लिपकार्ट, एम आर एफ टायर, टाटा मोटर्स, ब्राइट फ्यूचर व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नौकरी का मौका मिलेगा। सेल्स, मार्केटिंग, आपरेटिंग, पैकिंग व ट्रेनी आदि सेक्टर में यह कंपनियां अच्छी सैलरी के साथ-साथ अन्य सुविधा प्रदान करेंगी। रोजगार मेले के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के साथ कौशल विकसित करना जरूरी है। हुनरमंद को रोजगार की कमी नहीं है। महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने हेतु लगातार प्रयत्नशील है।

मीडिया प्रभारी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि दिनभर चले इस रोजगार मेले में श्रीराम फाइनेंस में 80 पुरुष 49 महिला, बजाज कैपिटल में 51 पुरुष 8 महिला, ट्रस्ट पावर में 30 पुरुष 30 महिला, ब्राइट फ्यूचर में 55 पुरुष 5 महिला चयनित हुए हैं। इसके साथ ही जर्मेनिया टेक्नोलॉजी कंपनी में 92 ,एनएसडीसी में 58, टाटा मोटर्स फ्लिपकार्ट व एम आर एफ में 120 छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। चयन के लिए सभी विद्यार्थियों को रोजगार संयम और एनसीएस पर पंजीकरण अनिवार्य था। साक्षात्कार के समय विद्यार्थियों से हाईस्कूल से लेकर स्नातक तक की मार्कशीट की फोटो कापी, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो कापी और पासपोर्ट साइज की फोटो जमा कराए गए। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ मंजू ठाकुर ने किया। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अमित तिवारी, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ नीतू सिंह, डॉ शांतिलता, डॉ.बृजेश कुमार सिंह, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी राम कुमार द्विवेदी, रोजगार कार्यालय के वरिष्ठ सहायक ओमप्रकाश, शम्भूनाथ, अजय कुमार व विभांकर प्रताप सिंह आदि सहित महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## बरेली–लखनऊ वाया पीलीभीत रेल खंड पर नियमित ट्रेनें चलाने को लेकर डीआरएम को सौंपा पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नेकी की दीवार सामाजिक संस्था ने रेल संचालन बहाली की मांग को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन डीआरएम वीना सिन्हा को सौंपा ज्ञापन मे कहा बरेली लखनऊ वाया पीलीभीत पूरनपुर बरेली दिल्ली रेलखंड पर वर्षों से ट्रेनें बंद होने से यात्रियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ट्रेनों की कमी के चलते स्थानीय व्यापार भी प्रभावित हो रहा है इस रूट पर अधिक सवारियां होने के बावजूद रेल विभाग इस क्षेत्र की उपेक्षा कर रहा है ज्ञापन में पूरनपुर से दिल्ली, लखनऊ, अमृतसर, कोलकाता, बनारस व मुंबई जैसे प्रमुख व्यापारिक व धार्मिक स्थलों के लिए नई ट्रेनों की मांग की इस अवसर पर संस्था के रिकी गुप्ता ,अदनान, कपिल कक्कड़, मोहम्मद महताब खान, राम नरेश शर्मा,अमनदीप सिंह खालसा ,अनुश्री भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

## काफी लंबे समय से बदहाली के आंसू वहां रहा खटीमा मझोला मार्ग निर्माण शुरू जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिन के अवसर पर क्षतिग्रस्त खटीमा मझोला मार्ग का पुन:निर्माण कार्य का शुभारंभ निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या ने पूरे विधि विधान से किया है। काफी लंबे समय से चल रही थी। मझोला खटीमा राज्य मार्ग के निर्माण की मांग मझोला निवासी व्यापारी नेता कपिल अग्रवाल ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस सड़क निर्माण की मांग की थी। नेशनल हाईवे के अवर अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि इस सड़क नवीकरण के लिए 24.92 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। सड़क निर्माण हरियाणा की कार्यकारी संस्था एसकेएस वाणिज्य करेगी। सड़क शुभारंभ की सूचना मिलते ही सैकड़ो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मौजूद पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया सड़क शुभारंभ के समय मुख्य रूप से किसान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह रिंकू,विक्रम सिंह संधू, सदस्य किसान आयोग कारज सिंह गिल, अमरदीप सिंह,बलराज सिंह, गुरप्रीत सिंह,सोमनाथ मौर्य,जसवंत सिंह,अजय मौर्य,राहुल पटेल, गिरीश लोधी,निशान कांग,सर्वप्रीत सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे हैं।

## पीएम के जन्मदिन पर ब्लॉक प्रमुख ने मंदिर में की साफ सफाई

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने पौधारोपण कर उनके दीर्घायु की प्रार्थना की है।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी लियाकत अली, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा,महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, सुवर्णा, क्षेत्र पंचायत सदस्य शांति स्वरूप पाल, अमित वर्मा, एडीओ पंचायत मेहरबान राणा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

## ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने किया पौधारोपण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पीलीभीत के ब्लॉक मरौरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने पौधारोपण कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की प्रार्थना की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी लियाकत अली,ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा, महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर,क्षेत्र पंचायत सदस्य शांति स्वरूप पाल, एडीओ पंचायत मेहरबान राणा अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर साल 17 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन को भारतीय जनता पार्टी भाजपा ‘सेवा पर्व’ के रूप में मनाती है। जिसमें विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया जाता है।

## सिरसा चौराहे पर छीता पासी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग पासी समाज ने विद्यायक को सौंपा पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पासी समाज ने सिरसा चौराहा पर महान योद्धा छीता पासी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की माँग की है उन्होंने कहा कि वे 12 वीं सदी के एक शासक थे।जिन्होंने छितियापुर जो आज सीतापुर के रूप में जाना जाता है की स्थापना की थी।वे कन्नौज के राजा जयचंद, आल्हा–ऊदल और लखनऊ के महाराजा बिजली पासी के समकालीन थे वही पासी समाज ने जल्द से जल्द बनाने की माँग की है भाजपा विधायक बाबू राम पासवान को दिए गए ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के अनेक गांवों में पासी समाज की बड़ी संख्या निवास करती है समाज के लोगों का कहना है कि वीर योद्धा छीता पासी ने अपने अद्वितीय साहस, बलिदान और योगदान से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है।

## परिषदीय विद्यालय के छात्र छात्राओं को नदियों के प्रति किया गया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में जिला गंगा समिति एवं मां गोमती ट्रस्ट द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व राज्य मंत्री हेमराज वर्मा द्वारा झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली का शुभारंभ किया गया हेमराज वर्मा द्वारा बच्चों को स्वच्छता संबंधित जानकारी दी गई और अपने आसपास मां नदियों को कैसे साफ रखें इसके बारे में बच्चों को उन्होंने बताया और एक और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और उसका मूल्यांकन किया गयाए जिसके अंतर्गत कक्षा 6 से मोहित और साक्षी सोनकर वह कक्षा 7 से शिव वर्मा और क्रांति वह कक्षा 8 से सोनम वर्मा और प्रतिज्ञा को चयनित किया गया। कार्यक्रम के समापन के मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। अंत में सभी बच्चों और समस्त स्टाफ ने स्वच्छता संबंधित शपथ ली। इस मौके पर एएसपी ने छात्रों को नदियों की साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्राओ को डायल 112 के बारे में बताया और कहा किसी भी मुसीबत के समय डायल 112 की मदद ली जा सकती है। इस मौके पर डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार डी के ने सभी को धन्यवाद प्रस्ताब ज्ञापित किया कार्यक्रम में एसडीओ रामेश चैहाम, डीपीओ सौरभ प्रताप सिंह,जेआरफ डॉ आदर्श, वन दरोगा नवीन सिंह, वोहरा कुमार, प्रधानाध्यापक अजय कुमार,आशा, वंदना ,मीनाक्षी गौरव गुप्ता, मुनीश कुमार, सत्येंद्र कुमार ,विनीता व जितेंद्र कुमार और प्रगति आदि उपस्थित रहे।

# भारत सरकार की योजनओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के ‘मेरा युवा भारत’ संगठन सुलतानपुर के तत्वावधान में दूबेपुर ब्लाक अंतर्गत श्री हनुमत इंटर कॉलेज धम्मौर के परिसर में गुरुवार को भारत सरकार की जनहितकारी प्रमुख योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला/सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने किया। समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार अशोक सिंह के संचालन में चलने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड संघ चालक डा0 हृदय प्रकाश सिंह मुख्य अतिथि तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार उपाध्याय व मेरा युवा भारत संगठन के लेखाकार विनय मिश्र विशिष्ट थे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता भी करायी गयी। जिसमें प्रतिभागी युवक -युवतियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का चित्रण किया। इस प्रतियोगिता में सुभी को प्रथम,कीर्ति यादव को द्वितीय तथा चंदन कश्यप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें अतिथियों द्वारा अंगवस्त, मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ हुए कार्यक्रम में अतिथियों का अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ तथा मोमेंटो देकर मेरा युवा भारत संगठन के लेखाकार विनय कुमार मिश्र द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करते हुए, पर्यावरण संरक्षण, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, स्वदेशी और स्वावलंबन, नागरिक कर्तव्य बोध, कुटुम्ब प्रबोधन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# राज्यमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त कर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया और बीते दिनों हुई आकस्मिक मौत पर पीड़ित परिवारों के आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये ढांढस बंधाया है। बताते चलें कि विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत राजापुर के गांव हबेली निवासी महेश यादव के सुपुत्र दुर्गेश यादव का निधन हो गया था। तिलोई क्षेत्र के गांव भेलाई कला निवासी पत्रकार धर्मेन्द्र मौर्या की माता जी का निधन हो गया था। इसकी जानकारी मिलने पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने गुरुवार को इन पीड़ित परिवारों के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया और नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। राज्यमंत्री के साथ ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, धर्मेश मिश्रा,सत्य नारायण सिंह, मोहम्मद अशरफ,अनादि मिश्रा,कौशल चौरसिया,सचिन मिश्रा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे और शोक संतृप्त परिवार के साथ हर पल खड़े रहने की बात कही।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का भाजपा नेत्री ने फीता काटकर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भारत सरकार एवं राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलसण्डा में ‘स्वस्थ नारी सशक्त परिवार’ अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ शालिनी जायसवाल जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तद्उपरान्त शिविर में आये हुये लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुये स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार के महत्व के विषय में विस्तार से बताया एवं सभी जनमानस को अपनी अपनी जॉचे करवाते हुये अधिक अधिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी श्रीमती शालिनी जायसवाल, जनपद से आये विशेषज्ञ चिकित्सक डा0 आशा गंगवार, गायनेकोलॉजिस्ट, डा0 छत्रपाल बाल रोग विशेषज्ञ, डा0 पारूल मित्तल, छाती रोग विशेषज्ञ, डा0 शकील ई0एन0टी0, डा0 दानियाल अहमद दन्त शल्यक, डा0 शरीफ अहमद खान आयुष चिकित्सा अधिकारी, पल्लवी सक्सेना मानसिक रोग विशेषज्ञ, गौरव कुमार, नेत्र परीक्षक, सोमवीर एसटीएलएस, राजकुमार मलेरिया जांच अधिकारी, अवधेश शर्मा कुष्ठ अधिकारी, जयेश मिश्रा आयुष्मान मित्र, बाल विकास परियोजना अधिकारी रश्मि राठौर परिवार नियोजन सलाहकार, पलास शर्मा, योगा इन्सट्रक्टर, राजेश कनौजिया फीजियाथेरेपिस्ट, डा0 रामवचन पटेल एन0सी0डी0, डा0 संदीप होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा लगभग 513 मरीजों का उपचार किया गया हैं।

## सम्पादकीय

# संतुलनकारी हस्तक्षेप

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत द्वारा किए गए संशोधन में संविधान की मूल भावना का ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगायी है, जो जिलाधिकारी या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत का मानना था कि जिलाधिकारी कार्यपालिका का अंग ही होता है। अगर उसे यह शक्ति दी जाती है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ होगा। जिसके मूल में यह सोच रही है कि लोकतंत्र के तीन आधारभूत स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन कायम रह सके। जाहिर है कि एक स्तंभ को अधिक शक्तियां मिलने से उसके निरंकुश व्यवहार करने की आशंका बनी रह सकती है। इसके अलावा वक्फ करने के न्यूनतम पांच बरस तक इस्लाम के अनुयायी होने वाले प्रावधान के सत्यापन हेतु राज्य सरकारों से नियम बनाने की जरूरत भी बतायी और तब तक इस प्रावधान पर रोक की बात कही। इस दिशा में राज्य सरकारों को विषय की संवेदनशीलता के मद्देनजर कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। दरअसल, अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है।

# मोदी-ट्रंप के सार्थक संवाद से क्या राह बदलेगी?

**आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है।**

नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया। भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। इसी बात को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्वीकार करते हुए यह उम्मीद जताई थी कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, यही मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी एवं ट्रंप का ताजा संवाद इसी की निष्पत्ति बना है। यह संवाद मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हुआ और इसमें अतीत की कई कड़वाहटों को पीछे छोड़कर भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दरअसल, दोनों नेताओं की बातचीत का बड़ा कारण शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेताओं की गर्मजोशी भी बना, उससे ट्रंप की चिंताएं बढ़ी थी, इस बैठक के बाद ही पहली बार ट्रंप के रुख में नरमी के संकेत मिले थे। उसके बाद दस सितंबर को फिर ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं की बाधाओं को दूर करने पर बातचीत जारी है। ताजा वार्ता ने यह संदेश दिया कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी एक घटना या परिस्थिति पर निर्भर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीति और साझा हितों की नींव पर खड़े हैं। आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने भारत को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक उपलब्ध कराई है और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से सुरक्षा साझेदारी मजबूत हुई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत-अमेरिका का रक्षा सहयोग न केवल द्विपक्षीय है, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन के लिए अहम है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता बनी कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह ट्रंप की महत्वाकांक्षाओं एवं अतिश्योक्तिपूर्ण हरकतों से पिछले कुछ दिनों में बेकार होती हुई दिख रही थी। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत से अब अंधेरे छंटते हुए दिख रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन कायम रखने में और बड़ी भूमिका निभाए, वहीं भारत अपनी सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखते हुए सहयोग को और गहरा करना चाहता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अमेरिका एक अहम सहयोगी बन सकता है। अमेरिका से तरलीकृत प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल का आयात बढ़ रहा है। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। तकनीकी क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत है। सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग आने वाले दशकों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अमेरिका में बसे भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। चाहे राजनीति हो, शिक्षा, स्वास्थ्य या तकनीक-भारतीय-अमेरिकी समुदाय का योगदान उल्लेखनीय है। यह समुदाय भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को भावनात्मक और सांस्कृतिक आधार देता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत में भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा भी हुई, जिसने दोनों देशों के बीच विश्वास और निकटता को और बढ़ाया। भारत और अमेरिका दोनों आतंकवाद से प्रभावित रहे हैं। 9/11 की घटना ने अमेरिका को और 26/11 ने भारत को गहरे जख्म दिए। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों का दृष्टिकोण काफी हद तक समान है। हाल की बातचीत में आतंकवाद को समाप्त करने और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अफगानिस्तान और मध्य-एशिया की परिस्थितियों को देखते हुए भारत और अमेरिका का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए निर्णायक हो सकता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत ने यह साबित किया है कि अतीत के मतभेद रिश्तों का अंत नहीं, बल्कि नए संवाद का अवसर बन सकते हैं। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, तकनीक और आतंकवाद जैसे क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के लिए लाभकारी है। आज जब दुनिया वैश्विक महामारी, आर्थिक संकट, युद्ध की विभीषिका और भू-राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही है, भारत और अमेरिका की साझेदारी नई दिशा और स्थिरता का संकेत देती है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार-वार्ता में बेशक व्यवधान आए हों, पर भारत और यूरोपीय संघ के बीच जिस गति से वार्ता हो रही है, उससे वर्ष के अंत तक दोनों में व्यापार समझौता होने की पूरी उम्मीद है। असल में दोनों देशों के बीच पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है, लेकिन 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद छठे दौर की प्रस्तावित वार्ता रुक गई थी, जो बीते मंगलवार से फिर पटरी पर लौट आई है। दरअसल, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि भारत अपने कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह से खोले, लेकिन भारत के लिए यह संभव नहीं है, क्योंकि यह उसके किसानों व मछुआरों के हितों के खिलाफ है। भारत पहले ही कह चुका है कि वह किसानों, डेयरी उत्पादकों एवं एमएसएमई के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव था, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो और इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहने के लिए भारत दूसरे देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप पर अधिक भरोसा नहीं कर सकते, लेकिन सवाल यह है कि अब उनकी तरफ से दिखाई जा रही नरमी को क्या एक संकेत माना जाए कि इससे कोई नई राह निकलेगी। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत थी, अब अमेरिका भारत का नजरिया समझने को तत्पर हुआ है तो निश्चित ही इसके दूरगामी परिणाम आयेंगे। **–ललित गर्ग**

# मेरी मर्जी... हाथ मिलाऊँ या न मिलाऊँ

**सुधाकर आशावादी**

**कोई अपने कष्टों से दुखी नहीं है। उसे बस उस सेलिब्रिटी पर टीका टिप्पणी, छींटाकशी करनी है, जो उसे न जानता है न पहचानता है। मुझे क्या पसंद है, क्या नहीं, मुझसे किस से बात करनी है, किस से नहीं, यह मेरी मर्जी पर निर्भर होना चाहिए या किसी अन्य की मर्जी पर। सवाल मेरे स्वाभिमान और मेरी स्वतंत्रता से जुड़ा है।**

जब मैं किसी की ज़िंदगी में नही झाँकना चाहता, तो कोई मेरी क्यों झाँके ? ज़रा जरा सी बात पर बात का बतंगड़ बनाना लोगों की आदत बन चुकी है। जब से सोशल मीडिया का प्रादुर्भाव हुआ है, तब से तो जिसे देखो वही मान न मान मैं तेरा मेहमान बन कर कोई भी किसी की ज़िंदगी में दाखिल होने में देर नहीं लगाता। कभी शुभ चिंतक बन जाता है, कभी आलोचक। बहरहाल कोई अपने कष्टों से दुखी नहीं है। उसे बस उस सेलिब्रिटी पर टीका टिप्पणी, छींटाकशी करनी है, जो उसे न जानता है न पहचानता है। मुझे क्या पसंद है, क्या नहीं, मुझसे किस से बात करनी है, किस से नहीं, यह मेरी मर्जी पर निर्भर होना चाहिए या किसी अन्य की मर्जी पर। सवाल मेरे स्वाभिमान और मेरी स्वतंत्रता से जुड़ा है। न जाने क्यों लोग मुझसे अपेक्षा करते हैं, कि मैं उनकी मर्जी से ही जीवनचर्या अपनाऊं, वे जैसे कहें वैसे ही उनके इशारे पर कठपुतली का नाच दिखाऊं, वे कहें कि खड़ा हो जा तो खड़ा हो जाऊं, बैठ जा, तो बैठ जाऊं, चाय पी ले, तो चाय पी लूँ। पानी पी ले तो बिना प्यास के पानी पी लूँ। आखिर मेरी भी तो कोई अपनी इच्छा होगी, मेरा भी अपना नजरिया होगा, जिस नजरिये से मैं जीना चाहता हूँ, उस नजरिये से मेरी भी जीने की तमन्ना होगी। पर मेरे बारे में कोई सोचता ही नहीं, जिसे देखो वही मेरे आचरण के बाल की खाल निकालने में जुटा हुआ है। कल ही मैं मैदान में क्रिकेट खेल रहा था। टॉस हुआ, मैं टॉस हार गया। खेल में जीत हार नई बात नहीं है। चाहे टॉस जीतो या मैच, चाहे टॉस हारो या मैच, क्या फर्क पड़ता है। पर कुछ ऐसे लोग हैं, जो टॉस जीतने को मैच जीतने की प्रस्तावना मान लेते हैं। खेल के मैदान में खेल की शुरुआत ही खेल भावना के प्रदर्शन से होती है। कहा जाता है कि पहले प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी से हाथ मिलाओ, फिर खेल में अपना कौशल दिखाओ। मैं तर्कशील हूँ। हर परंपरा को तब तक निभाना नहीं चाहता, जब तक कि उस परंपरा को तर्क की कसौटी पर न तौल लूँ। मैंने टॉस हार कर विपक्षी टीम के मुखिया से हाथ नहीं मिलाया, मैच जीतकर भी विपक्षी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। लोग उसी की चर्चा करने लगे। हद है, लगता है कि कोई अपने दुःख से दुखी नहीं है। उन्हें केवल दूसरों के आचरण पर नजर रखनी है, कि कब किसने किस से हाथ मिलाया और कब हाथ पीछे कर लिए , कब किस को अपनत्व की नजर से निहारा और कब किसकी तरफ से निगाहें फ़ेर ली। कब किस का अपमान किया, कब किसका सम्मान किया। वैसे समय बलवान है, न जाने कब किस का अपमान करा दे और कब किस का सम्मान। पग पग पर ऐसे लोग खड़े मिलते हैं, जिनसे हमारे विचार नहीं मिलते। क्या सभी से हाथ मिलाना जरुरी है। क्या जरुरी है कि किसी से मन मिले या न मिले हाथ मिलाते रहिए। अपुन तो अपनी मर्जी के मालिक हैं। न किसी के प्रभाव में रहते हैं, न किसी को अपने प्रभाव में रखने का प्रयास करते हैं। अपुन का मूल मंत्र है खुद भी अपनी मर्जी से जियो और औरों को भी उनकी मर्जी से जीने दो। खेल का मैदान हो या ज़िन्दगी का, अपुन तो अपनी मर्जी से ही हाथ मिलाएंगे।

## सेहत मंत्र

# विटामिन डी की कमी से बच्चों को रिकेट्स का खतरा, ग्रोथ संग दिमाग भी हो सकता है कमजोर

विटामिन डी बच्चों के लिए बहुत जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। ऐसा इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि इस विटामिन की मदद से बच्चों की हड्डियां मजबूत होती हैं और उनकी लंबाई भी बेहतर होती है। हालांकि इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि कई सारे फैक्टर्स पर हाइट निर्भर करती है। इसमें बच्चों की फिजिकल एक्टिविटी और जेनेटिक्स भी मैटर करते हैं। अगर बच्चों की ग्रोथ की बात की जाए, तो कुछ लोगों का मानना है कि इसमें विटामिन डी अहम योगदान निभाता है। ऐसे में हर पेरेंट्स को इस बात का जवाब पता होना चाहिए। बता दें कि बच्चों की ग्रोथ के लिए विटामिन डी बहुत जरूरी पोषक तत्व है। लेकिन डाइट की सहायता से विटामिन डी की कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है। विटामिन डी के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को बाहर धूप में खेलने के लिए जरूर मोटिवेट करें। धूप विटामिन डी का एकमात्र स्त्रोत माना जाता है। जब बच्चे पर्याप्त विटामिन डी नहीं लेते हैं, तो इसके कारण बच्चे की ग्रोथ बाधित होती है। डॉक्टर इस बात की पुष्टि करते हुए बताते हैं कि विटामिन डी की कमी होने पर बच्चों को रिकेट्स हो जाता है। यह एक ऐसी कंडीशन है, जिसमें हड्डियां कमजोर और सॉफ्ट हो जाती हैं, जिस कारण पैर मुड़ सकते हैं और बच्चों को चलने में समस्या हो सकती है। विटामिन डी की कमी बच्चों की ग्रोथ पर निगेटिव असर दिखा सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो जब बच्चों को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिल पाता है, तो बच्चों में इंपेयर हाइट ग्रोथ का खतरा बढ़ जाता है। असल, में विटामिन डी की कमी होने पर बच्चे को शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाने की वजह से कैल्शियम का भी अवशोषण नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में बच्चों की हाइट ग्रोथ भी प्रभावित होती है। एक हेल्थ रिपोर्ट के मुताबिक जब बच्चों को ग्रोइंग एज में पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिलता है, तो ऐसे में उनका मोटर डेवेलपमेंट प्रभावित हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# मंगला गौरी व्रत कथा का पाठ करने से पूरी होती हैं हर मनोकामना

मंगला गौरी व्रत भगवान शिव और मां पार्वती को समर्पित होता है। यह व्रत वैवाहिक सुख और मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए रखा जाता है। बता दें कि मंगला गौरी व्रत के दौरान इसकी कथा का पाठ करना महत्वपूर्ण माना जाता है। माना जाता है कि यह व्रत करने वाले जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसे में जो भी लोग मंगला गौरी व्रत करते हैं, उन लोगों को इसकी व्रत कथा का पाठ जरूर करना चाहिए। वहीं इस व्रत को करने वाली महिलाओं को अखंड सौभाग्यवती का वरदान प्राप्त होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यहां पर मंगला गौरी व्रत कथा के बारे में बताने जा रहे हैं। एक समय की बात है कि शहर में धर्मपाल नामक एक व्यापारी रहा करता था। धर्मपाल की पत्नी बहुत ज्यादा खूबसूरत थी और उसके पास काफी ज्यादा संपत्ति थी। लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। जिस कारण वह काफी ज्यादा दुखी रहा करते थे। हालांकि भगवान की कृपा से उनको एक पुत्र की प्राप्ति हुई, जिसका नाम सोमप्रकाश रखा लेकिन वह अल्पायु था। क्योंकि उनके पुत्र को यह श्राप मिला था कि 16 साल की आयु में सांप काटने से बच्चें की मौत हो जाएगी। संयोगवश धर्मपाल के बेटे सोमप्रकाश की शादी 16 साल की उम्र से पहले सुमति नामक युवती से हुई। सुमति की मां मंगला गौरी व्रत करती थी और उसने अपनी बेटी सुमति को भी यह व्रत करना सिखाया। शादी के बाद सुमति ने पूरी श्रद्धा और विश्वास से मंगला गौरी का व्रत किया और मां पार्वती से अपने पति की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

## पर्यटन



# मनाली के पास 100 किमी में छुपे ये 3 हिल स्टेशन, जहां मिलेगा अद्भुत सुकून और शांति

जब भी लोग पहाड़ी जगहों पर घूमने जाने का प्लान करते हैं, तो वह आसपास की सभी जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान करते हैं। कई बार लोग ऐसी लोकेशन के बारे में सर्च करते हैं, जो आपकी लोकेशन के पास भी हो और साथ ही खूबसूरत भी हो। वहीं अपने शहर से दूर घूमने गए लोग हमेशा पूरी प्लानिंग करने के बाद जाते हैं। क्योंकि लंबे ट्रिप पर निकले लोग आसपास की जगहों को भी एक्सप्लोर करते हैं। ऐसे में अगर आप भी मनाली के आसपास 100 किमी के अंदर अच्छी जगहें ढूंढ रहे हैं, जहां पर जाने में अधिक समय नहीं लगे। बता दें कि मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 100 किमी के अंदर है। आप यहां पर 2:30 से 03:00 घंटे में पहुंच जाएंगे। मनाली घूमने गए लोगों को आसपास की जगहों को कवर करना चाहिए। इससे न तो ज्यादा खर्च आएगा और न ही आपको लोकेशन तक पहुंचने पर अधिक समय लगेगा। मनाली से मणिकर्ण की दूरी करीब 79 किमी दूर है। आप मणिकर्ण पहुंचकर कसोल भी जा सकते हैं। कसोल और मणिकर्ण की बीच की दूरी करीब 20 मिनट की है। मनाली घूमने वाले लोगों को कसोल भी आना चाहिए। क्योंकि यह जगह मनाली से 100 किमी से भी कम दूरी पर स्थित है। अगर आपको ट्रैफिक नहीं मिलेगा, तो आपको यहां पहुंचने में करीब 2 घंटे का समय लगेगा। मनाली से कसोल की दूरी करीब 75 किमी है। बता दें कि कसोल और कसोली 2 अलग-अलग जगहें हैं। जिसमें कसोल ऊंचाई पर स्थित है और यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह जगह अपनी सुकून और शांति के लिए जाना जाता है। मनाली के पास सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह रोहतांग पास है। मनाली घूमने जाने वाले लोग रोहतांग पास घूमने जरूर जाते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि मनाली से अधिक दूर नहीं है। इसलिए लोगों को यहां पर पहुंचने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है। मनाली से रोहतांग पास की दूरी करीब 50 किमी है। आप यहां पर 2 घंटे में

# महादेवा से दुर्गापूजा तक महिला अफसरों की जुगलबंदी बनी अमन-चैन की गारंटी

## मिशन शक्ति की छवि बनीं महिला अफसर, नवदुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों का संभाला मोर्चा

विकास तिवारी

बाराबंकी । श्रावण मास में महादेवा महोत्सव की सफलता के बाद अब रामनगर क्षेत्र में होने वाले नवदुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार प्रशासनिक मोर्चे पर बेटियों की बहादुरी और जिम्मेदारी दोनों ही कसौटी पर होंगी। मिशन शक्ति की भावना को साकार करती उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल और पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत के कंधों पर सुरक्षा और शांति की बड़ी जिम्मेदारी है।

महादेवा मेले में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने की जो ऐतिहासिक मिसाल इन अफसर बेटियों ने कायम की, उसने प्रशासनिक कार्यशैली को नई ऊँचाई दी। संवेदनशीलता और कठोर अनुशासन का संगम उनकी कार्यप्रणाली की पहचान बन चुका है। श्रावण मास के दौरान महादेवा में हर चुनौती को दोनों महिला अफसरों ने जिस संयम और हिम्मत से संभाला, वह उनकी पहली अग्निपरीक्षा थी, जिसे उन्होंने





शानदार सफलता में बदल दिया।

इसी कड़ी में सिरौलीगौसपुर की एसडीएम प्रीति सिंह ने भी धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रशासनिक दक्षता और सुरक्षा तंत्र की मजबूती से यह साबित किया कि महिला अफसर अब सिर्फ प्रबंधन का ही नहीं बल्कि बहादुरी और दूरदर्शिता का भी उदाहरण बन रही हैं।

आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर महिला अफसरों ने अभी से होमवर्क शुरू कर दिया है। पीस कमेटी की बैठकों में आयोजक मंडलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आपसी सौहार्द बनाए रखें और कोई भी गतिविधि अमन-चैन में खलल डालने वाली न हो। मूर्ति विसर्जन सहित सभी कार्यक्रमों के लिए प्रशासन ने गाइडलाइन के पालन पर जोर दिया है।

दरअसल, प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान का यह सशक्त स्वरूप है, जिसमें महिला अफसर अपनी जिम्मेदारी, ईमानदारी और हिम्मत से न सिर्फ सुरक्षा प्रबंधन कर रही हैं बल्कि समाज को यह संदेश भी दे रही हैं कि महिला नेतृत्व किसी भी स्तर पर पुरुष नेतृत्व से कम नहीं।

> महिला शक्ति का असली रूप वही है जो निडर होकर नेतृत्व करे और संवेदनशीलता के साथ समाज को दिशा दे।
>
> **सुश्री गुंजिता अग्रवाल**
> **ज्वाइंट मजिस्ट्रेट**
>
> कठिन हालात ही असली परीक्षा होते हैं, और एकजुट होकर हर चुनौती को आसान बनाया जा सकता है।
>
> **सुश्री गरिमा पंत**
> **सीओ**
>
> जिम्मेदारी हमें मजबूत बनाती है, और बहादुरी हमें सफल करती है।
>
> **प्रीति सिंह**
> **एसडीएम**

महादेवा महोत्सव से लेकर नवदुर्गा पूजा महोत्सव तक गुंजिता, गरिमा और प्रीति जैसी अफसर बेटियां मिशन शक्ति की असली ब्रांड एम्बेसडर बन चुकी हैं, जो बहादुरी, संवेदनशीलता और मजबूत प्रशासनिक इच्छाशक्ति का जीवंत उदाहरण हैं।

# स्वास्थ्य मेले में उमड़ा जनसैलाब

## आयुष्मान भारत से गरीबों को मिल रही मुफ्त इलाज की सुविधा : शरद अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। भाजपा सरकार में जाति, बिरादरी और मजहब से ऊपर उठकर सभी वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब कोई भी गंभीर बीमारी से जूझ रहा मरीज पैसों के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहेगा। यह बातें पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित स्वस्थ नारीऽसशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सीएचसी रामनगर में आयोजित स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं।पूर्व विधायक ने कहा कि गंभीर बीमारियों से ग्रसित गरीब परिवारों के इलाज हेतु आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, सांसद-विधायक निधि और विधान परिषद सदस्यों की निधि से भी गरीब मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सीएचसी और पीएचसी पर भी मरीजों का मुफ्त इलाज हो रहा है। डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी मानवीय संवेदना के साथ सेवा दें ताकि मरीजों का आशीर्वाद मिले और समाज में उनका सम्मान बढ़ेमुख्य अतिथि ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। मेले में दंत, नेत्र, चर्म रोग, खून जांच सहित कई स्वास्थ्य संबंधी स्टॉल लगाए गए। आंगनबाड़ी विभाग द्वारा पौष्टिक खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। मेले में सैकड़ों मरीजों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाएं व परामर्श प्रदान किया गया। नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क चश्मे और क्षय रोग से पीड़ितों को पुष्टाहार किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक प्रणव कुमार श्रीवास्तव और डॉक्टरों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक और स्थानीय पत्रकारों ने अस्पताल परिसर में अमरूद, नीम, जामुन सहित छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया और धरा को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, महामंत्री अयोध्या प्रसाद अवस्थी, पुष्कर मिश्रा, निर्मल मिश्रा, देवेंद्र सिंह, डॉ. सीमा वर्मा, डॉ. प्रियंका, डॉ. अंकुर, डॉ. बीपी राज, समीर अहमद, यशपाल सिंह, रामानुज सिंह, स्टाफ नर्स सविता यादव, संजय मिश्रा, विनोद मौर्या, विजय वर्मा, पूनम पटेल, रविकांत सहित भारी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे ।

# डिप्टी सीएम ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, सफाई कर्मियों का वेतन काटा





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने गुरुवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। परिसर में गंदगी, मरीजों की बदहाली व स्टाफ की निरंकुश कार्यप्रणाली से वह एक बार फिर रूबरू हुए। मरीजों ने जब डिप्टी सीएम से सीधा शिकायतें कीं तो उन्होंने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव को फटकार लगाई और सख्त निर्देश दिए। सफाई कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश भी वहीं से जारी कर दिया।

**मरीज द्वारा वसूली का आरोप**

एक मरीज ने इमरजेंसी के फार्मासिस्ट पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। डिप्टी सीएम ने तुरंत जांच का आदेश दिया और साफ कहा कि दोषी पाए जाने पर बख्शा नहीं जाएगा।

**हृदय रोग विशेषज्ञ अनुपस्थित**

ब्लड बैंक का हाल और भी शर्मनाक रहा। हृदय रोग विशेषज्ञ और अल्ट्रासाउंड चिकित्सक महीनों से अनुपस्थित पाए गए। इस पर बृजेश पाठक ने नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द डॉक्टरों की तैनाती करने का आदेश दिया।

डिप्टी सीएम ने अस्पताल परिसर और सीएमओ कार्यालय की अव्यवस्थित वायरिंग और बैठने की कमी पर भी चिंता जताई और कहा कि मरीजों की सुरक्षा व सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**पत्रकारों से की बातचीत**

बृजेश पाठक ने कहा– ''अस्पतालों की बदहाली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और लापरवाह अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई तय है। ''डिप्टी सीएम आज पहली बार निरीक्षण करने नहीं आए इससे पूर्व कई बार पहले भी हो धमाका कर चुके हैं। इस बार उनकी फटकार कितनी असरकारिक होगी देखना होगा।

# पुलिस की बड़ी सफलता : शातिर चोर गिरफ्तार चोरी का परचून का सामान व नकदी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। थाना लोनीकटरा पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए एक शातिर चोर को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया परचून का सामान, नकदी व घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड बरामद किया है।थाना प्रभारी लोनीकटरा के निर्देशन में पुलिस टीम ने दिनांक 18 सितम्बर 2025 को मुकदमा बीएनएस से संबंधित अभियुक्त दुर्गेश रावत पुत्र रामसमुझ निवासी मदाराबाद मजरे दुन्दीपुर थाना लोनीकटरा को मकनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 10 पैकेट पुकार पान मसाला, 02 पैकेट राजश्री पान मसाला, 10 पैकेट पान बहार गुटका, 02 पैकेट सिग्नेचर पान मसाला, 10 पैकेट स्टार बीड़ी, कुल 1738 रुपये नकद एवं एक लोहे का रॉड बरामद किया गया। बरामद रॉड का प्रयोग अभियुक्त ने चोरी की घटना के दौरान किया था। थानाध्यक्ष अभय मौर्य ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उक्त सामान उसने ग्राम मकनपुर मोड़ स्थित एक परचून की दुकान से चोरी किया था। पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।पुलिस टीम की इस सफलता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## आमिर किदवई बने सांसद प्रतिनिधि



निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष आमिर अय्यूब किदवई को लोकसभा सांसद तनुज पुनिया ने निंदूरा ब्लाक में अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस संबंध में सांसद द्वारा जारी पत्र की प्रति बीडीओ सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों को भी भेजी गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि आमिर अय्यूब किदवई निंदूरा क्षेत्र से संबंधित जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु समय-समय पर अधिकारियों से संपर्क करेंगे। आमिर को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। गई। मंगल जायसवाल, सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश वर्मा, नरेंद्र, विजय बहादुर, कय्यूम, मोहम्मद हफीज आजाद, रमेश कश्यप और शिव बालक आदि बधाई ज्ञापित की है।

## अज्ञात से शव बरामद

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार की सुबह गोंडा लखनऊ रेलवे मार्ग पर स्थित रफीनगर रेलवे स्टेशन के निकट एक 50 वर्षीय अज्ञात महिला का क्षतविक्षत शव रेलवे पटरी पर बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर जीआरपी एवं क्षेत्रीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## लगातार बढ़ी चोरिया, पुलिस के हाथ खाली

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोठी थाना क्षेत्र लगातार चोरियों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है वही कोठी पुलिस के हाथ लगातार खाली है दिन प दिन चोरों के खुला चैलेंज और दबंगई क्षेत्र में देखने को मिल रही है जहां पर ताबड़तोड़ चोरियां करके खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं और कोठी पुलिस हाथ पैर हाथ धरे बैठी है अमशेरुआ गांव में एक अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया है वही कोठी पुलिस की लगातार सुस्त कार्यशैलियों की वजह से क्षेत्र में घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं और यूं कहा जाए की गस्त और पेट्रोलिंग की पोल खुल गई है बीती रात अज्ञात चोरों ने एक गरीब बुजुर्ग राधेश्याम रावत के घर घटना को आजम दिया अज्ञात चोर घर के पीछे पेड़ के सहारे छत पर से अंदर दाखिल हुए और घर के अंदर रखा बक्शा का ताला तोड़कर अज्ञात चोर तीन अंगूठी एक जोड़ी पायल तीन 3 जोड़ी बिछिया लेकर फरार हो गए हैं घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है कोठी थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया के चार्ज संभालते ही चोरों ने घटना को अंजाम दिया चोरी होने के बाद उसके बाद भी चोरी की घटनाओं का कोई खुलासा नहीं किया गया कहीं ना कहीं देखा जाए तो थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया की पुलिसिंग करने में फ़ेल होते नजर आ रहे हैं और क्षेत्र में सक्रिय चोरों के द्वारा लगातार घटना पर घटना करके अंजाम दिए जा रहा लेकिन ना ही क्षेत्र में ग़स्त की जा रही है नहीं पेट्रोलिंग चोरों ने पोल खोल कर रखती है कोठी थाना की कमान अमित सिंह भदोरिया से नहीं संभाल रही है

## सेल्समैन से लूट, 48 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर जनपद के सेल्समैन से बाइक सवार बदमाशों द्वारा 83 मोबाइल फोन लूट मामले में जांबाज पुलिस के हाथ अभी भी खाली है।सेल्समैन की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल की बात कह रही है। मालूम हो कि सीतापुर जनपद के थाना महमूदाबाद के कस्बा पैंतेपुर निवासी प्रमोद कुमार महमूदाबाद स्थित महराजा मोबाइल की दुकान पर सेल्समैन है। मलिक के कहने पर प्रमोद बुधवार को करीब 83 मोबाइल फोन लेकर डिलीवरी के लिए निकला था। वह कुर्सी थाना क्षेत्र के सेमरी गांव मोड़ के निकट पहुंचा था कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे ओवर टेक कर रोक लिया।बदमाशों ने असलहा के दम पर सेल्समैन से मोबाइल बैग लूट लिया और फरार हो गए। प्रमोद ने तत्परता बरती और 112 नंबर पर काल किया। परंतु बदमाशों की पुलिस घेरा बंदी नहीं कर पाई।कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की माने तो मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिये बढ़ाया सर्राफा संघ ने हाथ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंजाब में भारी बारिश से लोगो का जीवन और रहन सहन अस्त व्यस्त हो गया बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिये पूरनपुर सर्राफा संघ और के लोगों ने 51000 रूपये की सहयोग राशि पूरनपुर ब्लॉक रोड गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंच कर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी जी के हाथों से भेट कराई गई जिससे पीड़ितों को थोड़ी राहत मिल सके इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी,सर्राफा संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, राजू खंडेलवाल, राजेश रस्तोगी, विवेक वर्मा, कमल वर्मा, मुकेश वर्मा, रितेश गुप्ता, चतविंदर सिंह, नरेश रलहन, सिंह सभा के अध्यक्ष रजीत सिंह, संरक्षक बलजीत सिंह खैरा, सचिन गुप्ता, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्य फाउंडेशन ने निबंध प्रतियोगिता व पौध वितरण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी पूर्व माध्यमिक विद्यालय कबूलपुर में लक्ष्य फाउंडेशन के तत्वावधान में कार्यक्रम संयोजक आदर्श अवस्थी ''सोनू'' के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6, 7 व 8 के 160 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैयरमैन आलोक तिवारी ने प्रतिभागियों को प्रणाम पत्र, कॉपी, पेन और बैग देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि धरती पर हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए लक्ष्य फाउंडेशन लगातार कार्य कर रहा है। आदर्श अवस्थी ''सोनू'' इन कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन नई परंपरा की शुरुआत है जिससे युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर महिमापुर गांव में फलदार पौधों का वितरण भी किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्य फाउंडेशन के अध्यक्ष पियूष प्रकाश मिश्रा, प्रधानाचार्य मनोकामनी गुप्ता, प्रमोद कुमार, रंजना गुप्ता, लवकुश कुमार, ब्रजेश शुक्ला, अरविन्द कुमार, हर्षवर्धन सिंह, एडवोकेट अरमान कुरैशी, आलोक कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ में दुर्गापूजा पर्व को लेकर सीओ समीर सिंह ने की बैठक

## अमेठी व रायबरेली से आने वाली प्रतिमाओं के विसर्जन पर हुई गहन चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । आगामी दुर्गापूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराने तथा शांति-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपाधीक्षक हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह ने अपने कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में पड़ोसी जनपद अमेठी व रायबरेली के थाना प्रभारियों ने भी हिस्सा लिया।बैठक में यह तय किया गया कि अमेठी जिले के शिवरतनगंज, महाराजगंज तथा रायबरेली जिले के शिवगढ़, इन्हौना थाना क्षेत्रों से आने वाली दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन हैदरगढ़ क्षेत्र के अवशनेश्वर घाट एवं टिकारमन घाट पर संपन्न कराया जाएगा।सीओ समीर सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि घाटों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था व गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित कराई जाएगी। बैठक में थाना हैदरगढ़ सहित सभी संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षकों ने आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र से आने वाली प्रतिमाओं के जुलूस पर लगातार नजर रखेंगे तथा अन्य जनपद से आने वाले भक्तों को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि दुर्गापूजा पर्व आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि प्रशासन व पुलिस को सहयोग करते हुए नियमों का पालन करें और शांति बनाए रखें।

# 40 वर्षो बाद मिला न्याय, आदर्श प्रशासक का उदाहरण डीएम शशांक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।एक साधारण से व्यक्ति की असाधारण पहल और उसकी आभार व्यक्त करने की भावना दिल छू गई। एक महिला जो 40 वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रही थी, और जब उसे न्याय मिल गया तो उसने जिला अधिकारी को धन्यवाद देने के लिए समय निकाला, यह उसकी सच्चाई और आभारी होने की भावना को दर्शाता है।

''महिला और उसके सहयोगी पैरोकार की इस पहल और आभार व्यक्त करने की भावना ने ना सिर्फ मुझ चश्मदीद को प्रभावित किया बल्कि जिलाधिकारी कार्यालय में गुरुवार को आए तमाम फरियादी भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहे,जब न्यायमूर्ति जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आभार जताने आए नौसिया खातून के सहयोगी एवं पैरोंकार को इस बात के लिए धन्यवाद यह कह कर दिया कि जिनका काम हो जाता है वह बताने भी नहीं आते, और आप तो आभार जताने आए हैं। डीएम शशांक का यह



सहजभाव भी हृदय स्पर्शी था। एक वह महिला जो 40 वर्षों से न्याय की प्रतीक्षा कर रही थी, और जब उसे न्याय मिला तो उसने जिला अधिकारी को धन्यवाद देने के लिए सहयोगी रिश्ते में भाई को जिलाधिकारी साहब से मिलकर आभार जताने के लिए भेजा।यह उसकी सच्चाई और आभारी होने की भावना को दर्शाता है।'' इस प्रकार के कार्यो से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है और लोगों को प्रेरित करता है। प्रकरण जनपद अयोध्या ग्राम सेवढारा परगना मवई तहसील रुदौली का है। वाद है धारा 9 ए (2) भूमि संबंधी। मुकदमा 40 वर्षों से प्रचलित था।

### दिल छू गया, नौसिया का नायाब शुकराना

हनीफ उर्फ बग्घे की पुत्री नौसिया खातून के नाम वरासत महज इसलिए नहीं हो रही थी कि परिवार का ही एक व्यक्ति बाधक था और वह यह कह रहा था कि माबिया खातून ने पति हनीफ की मृत्यु पश्चात दूसरी शादी कर ली थी। परंतु विवाह का कोई प्रमाण अब तक नहीं सुलभ हो सका। तारीख दर तारीख चकबंदी अधिकारी के यहां मिलती गई और गुजर गए 40 बरस रुदौली तहसील पहुंच गई फैजाबाद यानी आज के अयोध्या जनपद। नौसिया जब करीब 35 वर्ष की थी तब से यह मुकदमा लड़ रही है। अब वह करीब 75 वर्ष की हुई और न्याय का देवता जब डीएम के रूप में मिल गया, तब न्याय मिला। बकौल नौसिया खातून बीते 23 जून को वह डीएम साहब बहादुर से मिली थी और उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया और एसओसी चकबंदी को आवश्यक कार्यवाही का हुक्म दिया था।

# गवाही देना पड़ा महंगा, आरा मशीन बनी बलि का बकरा

## सीज हुई आरा मशीन, गवाही की कीमत चुकानी पड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । वन विभाग का खेल अब राजनीति से भी ज्यादा रोचक हो चला है। जो गवाही देगा, वही फँसेगा–ये नया फार्मूला अब विभागीय गलियारों में खूब चल रहा है। मामला वही है जिसमें 28 अगस्त को लकड़ी से लदे ट्रक को वन दरोगा और कटान सेल प्रभारी मिलकर रोक लाए थे और फिर डीएफओ ऑफिस में खड़ा करके मोटी रकम वसूल कर मामला निपटाने की कहानी बनी थी। चार दिन में ट्रक मालिक से 1.50 लाख रुपये वसूल लिए गए, लेकिन रसीद मांगने पर विभागीय बाबुओं का पारा ऐसा चढ़ा कि व्यापारी को ही धमकाने लगे। ऊपर शिकायत पहुँची तो जांच का डमरू बजा, मगर सुर वही बजा जो विभाग को बचा सके। जांच की जिम्मेदारी रेंजर मोहित श्रीवास्तव को थमा दी गई और अब गवाही देने वालों के लिए मुसीबतों का नया



पिटारा खुल चुका है। मुख्य गवाह चंद्रेश कुमार की आरा मशीन को 'जांच के बहाने' सीज कर दिया गया। न नोटिस, न सूचना, न कोई बरामदगी–सीधे सीज। पूछो तो जवाब मिलता है कि ह्लमानक के अनुरूप कार्रवाई की गई हैङ्क। मगर यह मानक गवाही दबाने का है या न्याय दिलाने का, ये सवाल अब लोगों की जुबान पर है। हैरानी की बात यह है कि असंद्रा थाना क्षेत्र में नीम के पेड़ धड़ल्ले से काट दिए गए, ठूठ तक जेसीबी से उखाड़ फेंके गए, मगर वहां न कोई रेंजर पहुँचे, न कोई कार्रवाई हुई। मिर्चिया गांव में भी यही हाल–पेड़ कटा, जेसीबी चली, मगर विभाग ने आँख मूँद ली। लगता है गवाही देने वालों से लड़ना ज्यादा आसान है, पेड़ काटने वालों से उलझना शायद विभाग को भारी पड़ जाता है। जब इस पूरे प्रकरण पर डीएफओ आकाश दीप बाधवान से सवाल किया गया तो उन्होंने वही किया जो हर बड़े अफसर का प्रिय खेल है–ह्लपल्ला झाड़ूङ्क। उनका कहना रहा कि सचिन पटेल को हटा दिया गया है, तुषार कुमार तैनात कर दिए गए हैं और रेंजर ने मानक के मुताबिक कार्रवाई की होगी। यानी जनता यह समझ ले कि विभाग में सब कुछ 'मानक' के हिसाब से ही हो रहा है–बस मानक कौन सा है, ये सिर्फ विभाग ही जानता है।

# भारत बनाम ओमान: सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

एजेंसी

दुबई। पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी।

भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज़ शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है।





कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है। पाकिस्तान और यूएई के खिलाफ ओमान के दो मैचों में उनकी बल्लेबाजी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ नहीं थी। उनकी हालत ऐसी रही है कि दो मैचों में एक भी बल्लेबाज़ 30 का व्यक्तिगत स्कोर पार नहीं कर पाया। हम्माद मिर्ज़ा ने पाकिस्तान के खिलाफ 27 रन जबकि आर्यन बिष्ट ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर 24 रन बनाए जो इन मैच में उसकी तरफ से सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज रहे। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है। इससे टीम को अर्शदीप सिंह को परखने का भी मौका मिलेगा। टीम प्रबंधन इस मैच में वरुण और कुलदीप में से किसी एक को विश्राम देकर हर्षित राणा को भी मौका दे सकता है। इस मैच में सूर्यकुमार अपने बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं।

# सिरसा: सीडीएलयू में महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

एजेंसी



सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में गुरुवार को महिला इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 11 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए सीडीएलयू के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. सुरेश कुमार गहलावत ने खिलाडि़यों से खेल भावना को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक तंदुरुस्ती को बनाए रखते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। प्रो. गहलावत ने प्रतिभागी छात्राओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। खेल परिषद की अध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर खिलाडि़यों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि महिला खिलाडि़यों की बढ़ती भागीदारी विश्वविद्यालय की खेल संस्कृति को और समृद्ध बना रही है। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। पहला मैच सीआरडीएवी ऐलनाबाद व एमएचडी ओढ़ां के मध्य हुआ जिसमें सीआरडीएवी ऐलनाबाद ने मैच जीता। इस प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों और विद्यार्थियों ने भी खिलाडि़यों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर ईश्वर मलिक, डॉ. जगदीश भादू, डॉ. शमशेर कासनिया, डॉ. राजेश व महाविद्यालयो के टीम इंचार्ज मौजूद रहे।

# नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज टी20 टीम में पांच नए चेहरे, अकील होसैन होंगे कप्तान

एजेंसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने नेपाल के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज़ के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। नियमित कप्तान शाई होप सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। टीम की कमान पहली बार लेफ्ट-आर्म स्पिनर अकील होसैन को सौंपी गई है। टीम में शामिल पांच नए खिलाड़ी, टॉप ऑर्डर बल्लेबाज़ अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, लेग स्पिनर ज़िशान मोटारा, लेफ्ट-आर्म तेज़ गेंदबाज़ रैमॉन सिमंड्स और विकेटकीपर-बल्लेबाज़ अमीर जंगू हैं। इनके अलावा बल्लेबाज़ करीमा गोर को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने अमेरिका के लिए आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं, लेकिन वेस्टइंडीज के लिए अब तक पदार्पण नहीं किया है। करीमा गोर ने चल रही कैरेबियन प्रीमियर लीग में अपनी फ्रेंचाइज़ी एंटिगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स के लिए 11 मैचों में 219 रन बनाए और चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अनुभवी खिलाड़ियों में फैबियन एलन, जेसन होल्डर और काइल मेयर्स भी टीम का हिस्सा हैं। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 में वेस्टइंडीज 'ए' टीम नेपाल दौरे पर गई थी, जहां मेज़बानों ने सीरीज़ हारने के बावजूद दो मैचों में जीत दर्ज की थी। सीरीज़ का पहला टी20 मैच 27 सितंबर को खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मैच 29 और 30 सितंबर को शारजाह में होंगे। वेस्टइंडीज टीम (नेपाल टी20 सीरीज़ के लिए): अकील होसैन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, अकीम ऑगस्टे, नवीन बिदाईसी, जेडियाह ब्लेड्स, केसी कार्टी, करीमा गोर, जेसन होल्डर, अमीर जंगू, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, ज़िशान मोटारा, रैमॉन सिमंड्स और शमार स्प्रिंगर।

# चाइना मास्टर्स 2025: सिंधु, सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को शेन्ज़ेन में सीधे गेमों में जीत के साथ चाइना मास्टर्स टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने छठी रैंकिंग वाली थाई प्रतिद्वंद्वी पोर्नपावी चोचुवोंग को सिर्फ़ 41 मिनट में 21-15, 21-15 से हरा दिया। इस जीत के साथ, 14वीं रैंकिंग वाली सिंधु ने चोचुवोंग के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 कर लिया। 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी क्वार्टर फ़ाइनल में एन से यंग से भिड़ेंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ी ने सिंधु को अपनी सभी सात मुकाबलों में हराया है। इनमें से छह मुकाबलों का अंत सीधे



गेमों में हुआ है। हाल ही में संपन्न हांगकांग ओपन के पहले दौर में ही बाहर हुईं सिंधु सीधे गेम में मिली जीत से खुश हैं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद सिंधु ने कहा, ''मैं जीत से खुश हूँ और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद ज़रूरी था। वह (चोचुवोंग) एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने इंडोनेशिया ओपन में उनके साथ खेला थी; उस समय मुकाबला काफी कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद, मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। उन्होंने आगे कहा, ''अंक बराबर होने वाले थे, इसलिए मेरे लिए उनके करीब रहना बहुत ज़रूरी था, क्योंकि हर अंक मायने रखता है। मुझे खुशी है कि मैं जीत रही हूँ और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीतते हैं, तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधी जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि आप तेज़ गति से दौड़ें। उन्होंने कहा, ''यह (कार्य संबंध) बहुत अच्छा है। वह एक बहुत अच्छे कोच हैं। जब हमने शुरुआत की थी, तो ज़ाहिर है हमें पता था कि इसमें समय लगेगा। हमने समन्वय किया और पता लगाया कि क्या करने और बदलने की ज़रूरत है। एक कोच के तौर पर वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं, और एक एथलीट के तौर पर यह मेरा भी कर्तव्य है।

## एशिया कप जीतना भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान के लिए राहत की बात होगी: गुलबदीन नायब

दुबई। अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी गुलबदीन नायब ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम हाल में आए भूकंप से हुई तबाही से जूझ रहे देश में खुशी लाने के लिए एशिया कप जीतना चाहती है। अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नर्गल जिले में 31 अगस्त को आए भूकंप में 2000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। नायब ने कहा, ''अफगानिस्तान में भूकंप से जो हालात बने। जिसमें कई लोगों की जान चली गई। उसे याद करके काफी दुख होता है। यह बहुत मुश्किल दौर है। वहां सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा, ''लेकिन फिर भी, अगर हम यह टूर्नामेंट जीत गए तो यह हमारे लिए, हमारे लोगों के लिए बहुत खुशी का मौका होगा। हम उन्हें कुछ खुशी दे सकते हैं। अफगानिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात में काफी क्रिकेट खेली है और वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है।

# मून ने महिला पोल वॉल्ट में बरकरार रखा अपना खिताब

एजेंसी

टोक्यो। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बुधवार को जापान नेशनल स्टेडियम में एक और दिन शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका की केटी मून ने महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा और इटली के मटिया फुरलानी ने पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में खिताब जीता।

34 वर्षीय मून ने अपने अंतिम प्रयास में 4.90 मीटर की छलांग लगाकर लगातार तीसरी बार विश्व महिला पोल वॉल्ट खिताब जीतकर अपनी विरासत को और मजबूत किया।

चार साल पहले इसी स्थान पर ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने हमवतन सैंडी मॉरिस को हराया था, जिन्होंने 2017 के बाद से अपना चौथा विश्व चैंपियनशिप रजत पदक 4.85 मीटर की छलांग लगाकर जीता। स्लोवेनिया की टीना सुतेज ने 4.80 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। मून ने कहा, ''मेरे सभी पदक खास हैं, लेकिन यह पदक सबसे ज्यादा मायने रखता है। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, यह उतना ही मुश्किल होता जाता है। जब तक मैं स्वस्थ रहूंगी, मुझे पता है कि मैं कूदती रह सकती हूँ। इटली के 20 वर्षीय सनसनी मटिया फुरलानी ने अपने पांचवें प्रयास में 8.39 मीटर की छलांग लगाकर पुरुषों की लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने 2019 के विश्व चैंपियन जमैका के ताजय गेल को पछाड़ दिया, जिन्होंने रजत पदक के लिए अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ 8.34 मीटर के प्रदर्शन की बराबरी की। चीन के शी युहाओ ने सीजन के सर्वश्रेष्ठ 8.33 मीटर के प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि हमवतन झांग मिंगकुन छठे स्थान पर रहे। फुरलानी ने कहा, ''आज रात मैं बहुत अच्छी स्थिति में थी और मुझे पूरा विश्वास था कि मैं यह कर सकता हूँ। यह स्वर्ण पदक एक बेहतरीन साल का प्रतीक है। मैंने इस पल के लिए कड़ी मेहनत की थी। केन्या की फ़ेथ चेरोटिच ने 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप और 2024 पेरिस ओलंपिक में जीते कांस्य पदकों के आधार पर महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज में शानदार जीत हासिल की।

चेरोटिच ने गत चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बहरीन की विनफ्रेड यावी को पछाड़ दिया, जिन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि इथियोपिया की सेम्बो अल्मायू ने कांस्य पदक जीता।

पुर्तगाल के आइज़ैक नादेर ने पुरुषों की 1,500 मीटर दौड़ में सबको चौंका दिया और 2022 के विश्व चैंपियन ब्रिटेन के जेक वाइटमैन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। केन्या के रेनॉल्ड चेरुइयोट ने कांस्य पदक जीता। पांच दिनों के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में सबसे आगे है, उसके बाद केन्या (4-1-2) और कनाडा (3-0-0) का स्थान है।

# मंधाना के साथ स्वाभाविक समझ है, प्रयास करने की जरूरत नहीं: प्रतीका रावल

एजेंसी

मुल्लांपुर (चंडीगढ़)। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल का मानना है कि स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ उनकी स्वाभाविक समझ है, जिसके कारण वे भारत को लगातार अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने पिछले साल दिसंबर में वनडे में पदार्पण किया था और वह बहुत कम समय में शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में से एक बन गई हैं। उन्होंने कहा कि मंधाना भी उनकी तरह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनके बीच बहुत अच्छा तालमेल है। प्रतीका ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में मंधाना के साथ शतकीय साझेदारी की और दूसरे मैच में भी इस स्टार क्रिकेटर के साथ पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े थे। भारत ने यह मैच रिकॉर्ड 102 रन से जीता। भारतीय टीम में जगह बनाने के बाद से छह अर्धशतक और एक शतक जड़ने वाली इस 25 वर्षीय क्रिकेटर ने जियो हॉटस्टार से कहा, ''मुझे लगता है कि यह (समझ) काफी आसान और स्वाभाविक है। हमें पारी के बीच में ज्यादा बात नहीं करनी पड़ती। वह वही करती है जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ है और मैं वही करती हूं जिसमें मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। हमारे बीच एक समझ है जो स्वाभाविक लगती है, बनावटी नही। उन्होंने कहा,''मैदान के बाहर भी, वह (मंधाना) अंतर्मुखी हैं और मैं भी, इसलिए हमें एक दूसरे को समझने के लिए अतिरिक्त प्रयास नहीं करने पड़ते हैं। हम पहले से ही एक दूसरे को लेकर अच्छी समझ रखते हैं। प्रतीका ने कहा कि उन्हें मंधाना के साथ बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है और दोनों खिलाड़ी गेंद दर गेंद पारी को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। उन्होंने कहा, ''खेलते समय हमारा ध्यान केवल अगली गेंद पर होता है। मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करने में मजा आता है। जिस तरह से वह खेलती है उससे काफी प्रेरणा मिलती है।

# संक्षिप्त समाचार

## यूएई टीम में कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं, हम एक परिवार हैं: कप्तान मुहम्मद वसीम

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम पर कोई असर नहीं पड़ा है जिसकी टीम में इन दोनों देश के खिलाड़ी शामिल हैं। यूएई क्रिकेट टीम में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बराबर संख्या में खिलाड़ी हैं। सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पाराशर और अलीशान शराफू भारतीय जबकि दूसरी तरफ मुल्तान में जन्मे कप्तान मुहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान पाकिस्तानी मूल के हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था जिससे विवाद पैदा हो गया था लेकिन वसीम ने कहा कि यूएई की उनकी टीम एक परिवार की तरह है। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा तनाव का टीम के भीतर पारस्परिक संबंधों पर कोई प्रभाव पड़ा है या इस बारे में कोई बातचीत हुई है, वसीम ने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''नहीं, हम उस (भारत-पाक तनाव) बारे में बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि हम साथ में काफी क्रिकेट खेलते हैं। हम यहां एक परिवार की तरह हैं। यहां कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं है। हम यूएई टीम के लिए खेलते हैं। हम एक परिवार की तरह खेलते हैं और एक परिवार की तरह रहते है। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के रिश्तो में खटास तब बढ़ गई जब रविवार को मैच में टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद मैच समाप्त होने पर भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाए। इससे पाकिस्तान तिलमिला गया था और उसने टूर्नामेंट से हटने तक की धमकी दे डाली थी। पाकिस्तान की टीम बुधवार को यूएई के खिलाफ मैच खेलने के लिए देर से स्टेडियम पहुंची थी। पाकिस्तान के कारण हुई देरी के बाद वसीम की टीम वॉकओवर की अपील कर सकती थी, क्योंकि मेजबान टीम निर्धारित समय से दो घंटे पहले स्टेडियम में पहुंच गई थी। हालांकि, पाकिस्तान में जन्मे वसीम ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी इस बारे में नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले तो यह हमारी ज़िम्मेदारी या हमारा काम नहीं है।

## पेप्सिको के सीईओ की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात भारत के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई

**नयी दिल्ली।** भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए पेप्सिको के वैश्विक सीईओ और चेयरमैन रेमन लगुआर्टा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय बाजार के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर चर्चा की। पिछले छह महीनों में लगुआर्टा की यह दूसरी भारत यात्रा है। इससे एक बाजार के रूप में भारत के महत्व का पता चलता है। इस यात्रा के दौरान उनके साथ कंपनी की वैश्विक कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं। पेप्सिको ने बुधवार को लिंक्डइन पर पोस्ट किया, कल, हमारे चेयरमैन और सीईओ रेमन लगुआर्टा ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिलकर सम्मानित महसूस किया। इस मुलाकात में उन्होंने भारत के प्रति पेप्सिको की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को मजबूत करने और विनिर्माण, स्थिरता, नवाचार और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। लगुआर्टा की प्रधानमंत्री के साथ यह पहली मुलाकात थी, हालांकि वे लगभग सात वर्षों से पेप्सिको के बोर्ड के प्रमुख हैं। पेप्सिको इंडिया के सीईओ जागृत कोटेचा भी इस बैठक में शामिल हुए। कंपनी भारत में दो नए संयंत्रों में निवेश कर रही है- असम में एक खाद्य संयंत्र और मध्य प्रदेश में एक कंसंट्रेट संयंत्र। पेप्सिको ने उत्तर प्रदेश में मथुरा के पास स्नैक्स के लिए अपने नए संयंत्र में भी महत्वपूर्ण निवेश किया है।

## अमेरिकी वित्त पोषण कम होने पर वैश्विक खाद्य निकाय ने भारत से सहयोग बढ़ाने को कहा

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र (सीआईएमएमवाईटी) के लिए अमेरिकी सरकार का वित्त पोषण कम होने पर इस वैश्विक अनुसंधान संस्था ने भारत और मेक्सिको जैसे देशों से वित्त पोषण बढ़ाने का आग्रह किया है। मेक्सिको स्थित सीआईएमएमवाईटी ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए नया वित्तपोषण मॉडल बनाने की बात भी कही है। संस्था के महानिदेशक ब्रैम गोवार्ट्स ने एक विशेष साक्षात्कार में भारत की हरित क्रांति में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के कारण बाढ़ और सूखे की समस्या बढ़ रही है।

# शहरी उपभोग आंकड़ों से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में: मुख्य आर्थिक सलाहकार

एजेंसी

कोलकाता। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भले ही आंकड़ों में शहरी मांग में कमजोरी दिख रही है लेकिन वास्तविकता इससे कहीं बेहतर है।

उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या और छोटे उद्यमों पर खर्च में बढ़ोतरी उपभोग की मजबूती को दर्शाती है। नागेश्वरन ने उद्योग मंडल 'मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि खर्च का रुझान गैर-सूचीबद्ध कंपनियों और छोटे कारोबारों की तरफ बढ़ा है, जो आंकड़ों में पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं होता है। उन्होंने कहा, ''सतह के स्तर पर भले ही शहरी मांग कमजोर दिखती है, लेकिन वास्तविक उपभोग हमारी सोच से कहीं अधिक टिकाऊ है। उन्होंने अपने इस दावे के समर्थन में रेस्तरां, बेकरी एवं उपयोगिता खंडों के भीतर पिछले 13 महीनों में यूपीआई लेनदेन सालाना आधार पर दहाई अंक में बढ़ने का जिक्र भी किया। नागेश्वरन ने बताया कि कर कटौती, जीएसटी रियायतें, रोजगार प्रोत्साहन और कम खाद्य मुद्रास्फीति ने शहरी उपभोग को सहारा दिया है। इसके साथ ही मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि ग्रामीण मांग भी वेतन वृद्धि, अधिक फसल बुवाई और ट्रैक्टर एवं दोपहिया वाहनों की मजबूत बिक्री के चलते बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बैंक ऋण अच्छे स्तर पर है और पिछले छह साल में पूंजी बाजार से संसाधन जुटाने में 28.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। नागेश्वरन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। समूचे वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जिसमें ऊपरी स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है।

# तीस सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना का विकल्प चुने कर्मचारी: वित्त मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुने ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान हो सके। सरकार ने एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की सुविधा मिलेगी। एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है। मंत्रालय ने बयान में कहा, ''सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अंतिम समय में आने वाली किसी भी कठिनाई से बचने और अपने अनुरोधों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिए समयसीमा से पहले ही अपना विकल्प चुन लें। जो कर्मचारी एनपीएस में बने रहने का विकल्प चुनते हैं, वे इस तिथि के बाद यूपीएस का विकल्प नहीं चुन सकते। बीस जुलाई तक केंद्र सरकार के लगभग 31,555 कर्मचारियों ने यूपीएस का विकल्प चुना था और इस योजना के तहत जुड़ने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। साथ ही, वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को कर्मचारियों को यूपीएस से पुनः एनपीएस से जुड़ने की सुविधा दी। यह सुविधा एकबारगी मिलेगी और उन्हें दोबारा यूपीएस में जाने का विकल्प नहीं मिलेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि यूपीएस से एनपीएस में एकबारगी एकतरफा स्विच सुविधा उन सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी जिन्होंने यूपीएस का विकल्प चुना है। मंत्रालय ने कहा, ''यूपीएस विकल्प चुनने वाले किसी भी समय इस सुविधा का उपयोग सेवानिवृत्ति की तिथि से एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में सेवानिवृत्ति की निर्धारित तिथि से तीन महीने पहले, जैसा भी लागू हो, कर सकते हैं। सरकार ने यूपीएस के तहत 'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ दिया है। इसके अलावा, एनपीएस के तहत यूपीएस का विकल्प चुनने वाले सरकारी कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु या अशक्तता अथवा विकलांगता के आधार पर उसकी सेवामुक्ति की स्थिति में केंद्रीय सिविल सेवा (सीसीएस) (पेंशन) नियम, 2021 या सीसीएस (असाधारण पेंशन) नियम, 2023 के तहत वे लाभ प्राप्त करने के विकल्प के लिए भी पात्र होंगे। सरकार ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत यूपीएस को भी एनपीएस की तरह कर लाभ दिया है।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत की दुनिया में सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी पहचान

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले एक दशक से भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, संघर्षों और कोविड-19 महामारी जैसे अभूतपूर्व संकटों से जूझ रही दुनिया के बीच मोदी सरकार ने अपने दृढ़ ,समावेशी और व्यवाहारिक फैसलों से भारत को सशक्त राष्ट्र की पहचान दिला कर इसकी साख बढ़ाई है और अब देश महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय निर्णयों में शामिल होकर विश्व व्यवस्था को आकार देने में योगदान कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छह महाद्वीपों के करीब 60 देशों की यात्रा कर दुनिया को भारत की लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक परंपराओं और विविधता में एकता की शक्ति से अवगत कराते हुए दुनिया को एक परिवार मानने के भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन से रूबरू कराया है। उन्होंने 'भारत प्रथम' की नीति पर चलते हुए अनेक महत्वपूर्ण स्थितियों में दृढ़ फैसले लेकर अपनी अलग पहचान बनायी है तथा देश और दुनिया में लोकप्रियता हासिल की। मोदी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 24 देश उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाज चुके हैं।

मोदी सरकार की विदेश नीति में जहां पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को तरजीह दी गयी वहीं बड़े और विकसित देशों के साथ संबंधों को रणनीतिक साझेदारियों का दर्जा देकर दीर्घकालिक हितों की रक्षा के कदम उठाये गये हैं। भारत के दुनिया के ज्यादातर देशों के साथ व्यापार और रक्षा सहित अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में परस्पर सहयोग पर आधारित संबंध हैं। संयुक्त राष्ट्र, जी-20, जी-7, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, आसियान और क्वाड जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी भारत ने मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा है। कोविड महामारी के दौरान भारत ने दुनिया के अनेक देशों को वैक्सीन उपलब्ध कराकर दुनिया के सामने देश के समावेशी दृष्टिकोण का भी परिचय दिया। भारत ने यूक्रेन-रूस और इजरायल-फिलस्तीन जैसे संघर्षों के समाधान के लिए बातचीत पर जोर देकर निष्पक्ष और तटस्थ नीति अपनायी तथा सकारात्मक समाधान के प्रयासों का पुरजोर समर्थन किया। श्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों से मिल कर संघर्ष खत्म करने की अपील की है। सरकार ने योग के जरिये दुनिया को स्वस्थ शरीर का मंत्र देते हुए अपनी 'सॉफ्ट डिप्लोमेसी' का लोहा मनवाया जिसके चलते वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में इस संबंध में जो प्रस्ताव रखा उसे रिकॉर्ड 177 देशों ने समर्थन दिया जिसके बाद दुनिया भर में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की अहमियत को समझते हुए सरकार ने 'पड़ोसी प्रथम की नीति' पर चलते हुए पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी। विशेष रूप से नेपाल, भूटान, बंगलादेश, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव के साथ संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में अनेक कदम उठाये गये। सरकार ने बंगलादेश के साथ ऐतिहासिक भूमि सीमा समझौता कर 1974 से चले आ रहे विवाद को सुलझाया और द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम दिया। आसियान और पूर्वी एशियाई देशों के साथ संबंधों को नयी ऊर्जा देने के लिए सरकार ने पहले से चली आ रही 'लुक ईस्ट' नीति को आगे बढाते हुए 'एक्ट ईस्ट' नीति बनायी जिससे इन देशों के साथ संबंध प्रगाढ़ हुए और सहयोग के क्षेत्रों का दायरा भी बढ़ा। हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व पर अंकुश लगाने तथा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर भारत ने अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के साथ मिलकर क्वाड समूह में सक्रिय भागीदारी निभायी।

# इस बार दो तिहाई बहुमत से बिहार में राजग की सरकार बनानी है: शाह

एजेंसी



डेहरी ऑन सोन। बिहार के रोहतास जिले में आयोजित एक सभा में भारत सरकार के गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरुवार को विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को संबधित करते हुए कहा कि इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनानी हैद्य

गृह मंत्री श्री शाह ने रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन में बिहार के दस जिलों के चुनिंदा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए आज कहा कि इस बैठक से संकल्प लेकर जाना है कि इस क्षेत्र की 80 प्रतिशत सीट राजग के पास हो।

श्री शाह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उनसे आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चल रही विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं, ऑपरेशन सिंदूर में प्रदर्शित देश की शक्ति, जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने, 125 यूनिट फ्री बिजली देने,ममता, आशा कार्यकर्ताओ के मानदेय की बढ़ोतरी,सासाराम पटना, दिल्ली कोलकता एक्सप्रेस वे के निर्माण समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सूचना बूथ स्तर तक जा कर मतदाताओं तक पहुचाये। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लालू राबड़ी के कार्यकाल में लैंड फार जॉब, चारा व अलकतरा घोटाला हुआ द्य ऐसे लोग सिर्फ अपने परिवार की सोचते हैं, इसने बिहार का कोई भला होने वाला नहीं है उन्होंने कहा कि अभी राहुल बाबा यात्रा करके गए हैं और उनकी यात्रा का विषय शिक्षा, बिजली, सड़क, रोजगार नहीं बल्कि घुसपैठियों को बचाना था। श्री शाह ने कहा कि सिर्फ भाजपा एक पार्टी है जहां बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता हैद्य उन्होंने कहा कि मैं बहुत पहले पार्टी में बूथ अध्यक्ष ही थाद्य उन्होंने कहा कि आप संकल्प लेकर जाइए कि बिहार में बड़े बहुमत से राजग की सरकार बनानी है। सभा को प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने भी संबोधित कियाद्य इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,मंत्री प्रेम कुमार, संतोष कुमार,विनोद तावड़े भी मौजूद थे।

## गोयल ने यूएई के साथ की निवेश संबंधों के विस्तार पर प्रतिनिधिमंडल स्तर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर गये वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वहां अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हामिद बिन जायद अल नाहयान के साथ निवेश पर भारत-यूएई उच्च-स्तरीय संयुक्त कार्यबल की 13वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में दोनों पक्षों में द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा की और समुद्री और अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश सबंध पर बातचीत की। श्री गोयल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को कहा कि इस बैठक में, जिसमें यूएई के विदेश व्यापार मंत्री, डॉ थानी बिन अहमद अल ज़ेयोऊदी भी शामिल हुये। उन्होंने बताया की बैठक में भारत-यूएई व्यापारक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की सफलता का और लाभ उठाने के उपायों पर चर्चा हुई, ताकि द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया जा सके। वाणिज्य मंत्री ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से समुद्री और अंतरिक्ष क्षेत्रों में, निवेश और सहयोग के नये क्षेत्रों पर चर्चा की है, संभावनाओं का पता लगाया है।

## भगोड़े ललित मोदी का भाई समीर मोदी दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने भगोड़े कारोबारी ललित मोदी के भाई समीर मोदी को दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न, ब्लैकमेलिंग और आपराधिक धमकियों जैसे गंभीर आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने समीर के खिलाफ यह कार्रवाई 10 सितम्बर को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की है। प्राथमिकी के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2019 से लेकर 2025 तक समीर मोदी ने अपने प्रभाव और ऊंचे पद का दुरुपयोग करते हुए उसका यौन शोषण किया। पीड़िता ने बताया कि फैशन और लाइफस्टाइल उद्योग में करियर बनाने के लिए वह प्रयासरत थी तभी समीर मोदी ने नौकरी और व्यावसायिक अवसर दिलाने का लालच देकर उसे अपने जाल में फंसा लिया। शिकायत में दर्ज है कि आरोपी ने कई मौकों पर अपने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली स्थित निवास और दफ़्तर में पीड़िता को बुलाकर जबरन दुष्कर्म किया।

# मोदी से 75 साल की आयु के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए कहना नैतिक अधिकार नहीं : पवार

एजेंसी



कोल्हापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी से 75 साल की आयु के बाद प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए कहने का उन्हें कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि उन्होंने (श्री पवार ने) खुद इस उम्र के बाद काम करना बंद नहीं किया है।

श्री पवार ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के जन्मदिन की 75वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं और कहा, ''मैं 75 साल के बाद नहीं रुका, इसलिए मुझे उन्हें रोकने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को उन किसानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिनकी कृषि भूमि राज्य में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है और उन्हें तत्काल सहायता प्रदान करनी चाहिए। श्री पवार ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना से मिलकर बने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के तहत हर जगह एक साथ चुनाव लड़ना जरुरी नहीं है तथा आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में गठबंधन पर निर्णय स्थानीय स्थिति को देखते हुए लिया जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि यह भी अच्छा होगा यदि श्री उद्धव ठाकरे और श्री राज ठाकरे अपनी-अपनी स्थिति मज़बूत करने के लिए एक साथ आएं। हैदराबाद गजट के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इसकी जानकारी नहीं है लेकिन उन्होंने बताया कि जहां अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) संगठन ने गजट का विरोध किया था, वहीं मराठा संगठन इसके कार्यान्वयन की पुरजोर मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समुदायों के बीच एकता का बंधन नहीं टूटना चाहिए और ओबीसी और मराठा समुदायों के बीच कटुता नहीं बढ़नी चाहिए तथा सद्भाव को मजबूत करना चाहिए। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को सही ठहराते हुए श्री पवार ने कहा, ''श्री गांधी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग को अपनी विश्वसनीयता मजबूत करनी चाहिए लेकिन उसने लोगों का विश्वास जीतने के लिए कुछ नहीं किया है।

## भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन, शेखावत ने किया सांस्कृतिक संवाद का नेतृत्व

नयी दिल्ली। रामालय फाउंडेशन ने डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नयी दिल्ली में 'एटरनल कृष्णाः धर्म, भक्ति और भाग्य एक उभरती दुनिया में' शीर्षक से एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के नेता, चिंतक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व एकत्र हुए और भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं की शाश्वत प्रासंगिकता पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि योगी प्रभु अनुपम दासजी ने अपने आध्यात्मिक उद्बोधन से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। सभा को संबोधित करते हुए श्री शेखावत ने कहा, ल्लभगवान कृष्ण करुणा, साहस और धर्मनिष्ठा के प्रतीक हैं। गीता के उनके उपदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने सदियों पहले थे। यह सुखद संयोग है कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, जिनका नेतृत्व भी सेवा और सांस्कृतिक गौरव के मूल्यों पर आधारित है, के जन्मदिवस पर इन शाश्वत सत्यों पर विमर्श कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री शेखावत ने 'श्रीकृष्ण लीला कलेक्शन' का औपचारिक समर्पण भी किया गया। यह अनूठा संग्रह भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं को श्रद्धा, संस्कृति और सुगंध के माध्यम से प्रस्तुत करता है। इस समर्पण को कार्यक्रम की ऐतिहासिक उपलब्धि माना गया, क्योंकि यह भारत की आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक प्रस्तुति में विश्व मंच तक पहुँचाने का संकल्प प्रतीक है। श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने परंपरा और आध्यात्मिकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ल्लकृष्ण की लीलाएँ केवल कथाएँ नहीं हैं, बल्कि साहस, प्रेम और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। रामालय फाउंडेशन का यह प्रयास हमें याद दिलाता है कि अध्यात्म जीवन से अलग नहीं बल्कि उसका अभिन्न हिस्सा है। यह प्रधानमंत्री के उस दृष्टिकोण से भी मेल खाता है, जिसमें भारत की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच तक पहुँचाने का संकल्प निहित है ड्ड अपने विचार रखते हुए श्री दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा, ल्लराष्ट्र तभी प्रगति करता है जब वह अपनी सभ्यतागत शक्ति को साथ लेकर चलता है। ऐसे कार्यक्रम इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि आधुनिकता की राह पर बढ़ते हुए भी हम धर्म और परंपरा से जुड़े रहें।

## सऊदी अरब-पाकिस्तान रणनीतिक रक्षा समझौते पर भारत की नजर: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच पारस्परिक रणनीतिक रक्षा समझौते तथा इसके संभावित असर पर उसकी कड़ी नजर है और वह अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस समझौते के संबंध में मीडिया के एक प्रश्न के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेगा। सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ल्ल हमने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर की खबरें देखी हैं। सरकार को इस बात की जानकारी थी कि यह घटनाक्रम, जो दोनों देशों के बीच एक दीर्घकालिक समझौते को औपचारिक रूप देता है पहले से विचाराधीन था। उन्होंने कहा, ल्ल हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस घटनाक्रम के प्रभावों का अध्ययन करेंगे। सरकार भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान और सऊदी अरब ने नाटो की तर्ज पर पारस्परिक रक्षा रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि किसी भी एक देश पर हमले को दूसरे के खिलाफ हमले की तरह देखा जाएगा।

## मुठभेड़ में पांच लाख की इनामी महिला नक्सली बुस्की ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को सुकमा जिले के गादीरास थाना क्षेत्र के गुफड़ी जंगल में हुई एक भीषण मुठभेड़ में पांच लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली बुस्की को मार गिराया है। घटना स्थल से उसका शव बरामद किया गया है और सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चाव्हाण ने बताया कि 10 से 12 माओवादियों के मौजूदगी की गुप्त सूचना पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया था। डीआरजी, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। सर्च ऑपरेशन टीम पर माओवादियों की ओर से फायरिंग की गई थी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों को सफलता मिली। एसपी के मुताबिक महिला नक्सली मारी गई है। मृत महिला माओवादी के ऊपर पांच लाख का इनाम घोषित था।

## देश में बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतंत्र पर प्रहार कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अस्थिरता पैदा कर बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं।

पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने यहां श्री गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 90 चुनाव हारने में बाद कांग्रेस और उनके प्रमुख नेता हताश हैं जिसके चलते निराधार आरोप लगाना श्री गांधी की अब आदत बन गयी है।

श्री ठाकुर ने कहा कि श्री गांधी का चुनाव आयोग पर ताजा आरोप ''हाइड्रोजन बम की जगह फुलझड़ी'' साबित हुआ है क्योंकि आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी का वोट नही काटा जा सकता है।

# पेज एक का शेष

### नेपाल में शांति...

अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने पर श्री मोदी ने श्रीमती कार्की को भेजे बधाई संदेश में नेपाल की समृद्धि की कामना करते हुए नेपाल में नागरिक सरकार के गठन का स्वागत किया था। गौरतलब है कि नेपाल में 'जेन जेड' के आंदोलन और उसके परिणामस्वरूप हुई हिंसा के मद्देनजर, सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने 9 सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 12 सितंबर की रात पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। राष्ट्रपति पौडेल ने संसद (प्रतिनिधि सभा) को भंग करते हुये 5 मार्च 2026 को आम चुनाव कराने की घोषणा की थी।

### जीएसटी दरों में ...

केवल आम नागरिक की गाड़ी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा, नए रोजगार उत्पन्न होंगे और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। टैक्स प्रणाली हुई और पारदर्शी मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के लिए टैक्स रजिस्ट्रेशन ऑटो-अप्रूव कर दिया गया है। टैक्स रिफंड की प्रक्रिया भी तेज की गई है। साथ ही रिस्क-आधारित कंप्लायंस और श्रम सुधार भी लागू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी से पहले देश का टैक्स संग्रह केवल 7 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 22.8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। टैक्स पेयर्स की संख्या भी 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। टैक्स सुधार से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में टैक्स संग्रह की ऐतिहासिक वृद्धि से देश के हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट और रक्षा उत्पादन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। 2014 के पहले देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे, अब 160 हैं। मेट्रो नेटवर्क 248 किमी से बढ़कर 1,013 किमी हो गया। वंदे भारत ट्रेनों की संख्या 144 तक पहुंची है। रक्षा उत्पादन 46,000 करोड़ से बढ़कर 1,27,000 करोड़ रुपये हो गया। रक्षा निर्यात 686 करोड़ से बढ़कर 23,600 करोड़ रुपये तक पहुंचा। गरीब कल्याणकारी योजनाओं तक सीधा लाभ मुख्यमंत्री ने कहा कि टैक्स सुधारों का लाभ गरीब कल्याणकारी योजनाओं में भी साफ दिखता है। वर्ष 2014 में केवल 7,000 करोड़ रुपये की डीबीटी होती थी, आज 6.83 लाख करोड़ रुपये की डायरेक्ट ट्रांसफर गरीबों तक पहुंच रही है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ परिवारों को घर मिले हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन मिल रहा है। यूपी को मिलेगा सबसे ज्यादा फायदा मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार होने के नाते उत्तर प्रदेश को जीएसटी सुधारों का सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले यूपी में वैट और सेल टैक्स से केवल 49,000 करोड़ रुपये का राजस्व आता था। 2017 के बाद यह बढ़कर 1.15 लाख करोड़ रुपये हो गया। केंद्र से जो शेयर मिलता है वो अलग। यही नहीं, प्रदेश में एक्सप्रेसवे, मेट्रो और एयरपोर्ट नेटवर्क का विस्तार भी टैक्स सुधार से संभव हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को खासतौर पर पिपरमेंट, फुटवियर, रेडीमेड वस्त्र और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट उद्योगों से लाभ होगा। सिंथेटिक मेंथॉल पर 18 फीसदी टैक्स और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर केवल 5 फीसदी टैक्स लगाया गया है, जिससे यूपी के किसान और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। मांग बढ़ने से यूपी में बड़े पैमाने पर सृजित होंगे रोजगार मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2017 के बाद से आज सात एक्सप्रेसवे बन चुके हैं और छह पर कार्य जारी है। वर्ष 2017 से पहले किसी भी शहर में मेट्रो नहीं चलती थी, जबकि आज छह शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। वर्ष 2017 से पहले केवल दो एयरपोर्ट क्रियाशील और दो आंशिक थे, वहीं आज 16 एयरपोर्ट संचालित हैं और गौतमबुद्ध नगर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट इस वर्ष के अंत तक चालू हो जाएगा। प्रदेश के परंपरागत उद्योगों और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिला है। अब उनके उत्पादों पर केवल 5 फीसदी जीएसटी लगेगा, जिससे बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली का जरदोजी, जालौन का कागज उद्योग और फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग जैसे क्षेत्र फलेंगे-फूलेंगे। इससे न केवल उत्पादन और मांग बढ़ेगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यापारी कल्याण बोर्ड के माध्यम से प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहित किया है और टैक्स देने वाले व्यापारियों को एक लाख का सुरक्षा बीमा कवर भी उपलब्ध कराया है। अब तक 1063 परिवारों को ?152 करोड़ से अधिक की बीमा राशि वितरित की जा चुकी है। इसके साथ ही हर वर्ष 29 जून को ईमानदारी से टैक्स देने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया जाता है।

### दिशा पाटनी के घर...

घटना के समय दिशा पाटनी मुंबई में थीं जबकि घर पर उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी (रिटायर्ड डीएसपी), मां पद्मा पाटनी और बहन खुशबू पाटनी मौजूद थीं। गोलीबारी के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने मौके से कारतूस बरामद कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्ध रूट की जांच कर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। दिशा पाटनी के पिता ने इस घटना की जानकारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी दी थी। मुख्यमंत्री ने परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए पुलिस को मामले की तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### मुख्य सचिव के...

नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग था। अब वह प्रमुख सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग का प्रभार संभालेंगे। संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। उनके पास अब प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क, गृह, गोपन, वीजा, पासपोर्ट, सतर्कता, नागरिक उड्यन और राज्य संपत्ति पहले की तरह रहेगा। अजय चौहान के पास प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग के साथ ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उपशा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आलोक कुमार-3 को प्रमुख सचिव, उ0प्र0 पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग तथा निदेशक, हिन्दी संस्थान के पद से अवमुक्त कर उन्हें नोडल अधिकारी, जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश अभियान का प्रभार दिया गया है। पी गुरूप्रसाद को प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग के पद से अवमुक्त कर उन्हें प्रमुख सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग का प्रभार दिया गया है। मनीष चौहान को प्रमुख सचिव केल एवं युवा कल्याण विभाग से अब प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, उ0प्र0 पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग तथा निदेशक, हिन्दी संस्थान, उत्तर प्रदेश का प्रभार दिया गया है। रणवीर प्रसाद को खाद्य एवं रसद और उपभोक्ता मामलों के साथ ही प्रमुख सचिव राजस्व विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। श्रीमती अनामिका सिंह को खाद्य एवं रसद का आयुक्त बनाया गया है। पिछले तबादले में उन्हें सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद से बरेली का मंडलायुक्त बनाया गया था। अब भूपेन्द्र एस चौधरी बरेली का मंडलायुक्त बनाया गया है। उनके पास अभी तक आयुक्त खाद्य एवं रसद का पद था। ''

### 10 जिलों के कप्तान...

प्रयागराज कमिश्नरेट में डीसीपी, बलिया में प्रोन्नत होकर आईपीएस बने अनिल कुमार झा को आगरा रेलवे का एसपी, सीतापुर में 27 वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र को प्रयागराज चौथी वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है।

### दो साल पहले ...

गया जिनमें से केवल 24 आवेदन सही पाए गए और शेष 5,994 आवेदन गलत पाए गए। श्री गांधी के आवेदन हटाने के आरोप पर आयोग ने स्पष्ट किया कि इनमें से 24 आवेदन स्वीकार किए गए और 5,994 गलत आवेदन खारिज कर दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया इन आवेदनों को हटाया नहीं गया सिर्फ खारिज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस बारे में मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने के बाद, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कर्नाटक ने जांच अधिकारी और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के साथ बैठकें कीं ताकि जांच की प्रगति की समीक्षा की जा सके। उन्होंने श्री गांधी द्वारा आयोग पर लगाये सभी आरोपों को गलत बताया और कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कर्नाटक लगातार जांच एजेंसी को इस मामले में आवश्यक मदद कर रहा है।

### वोट चोरी एक संगठित...

बनाकर उसके सशक्त बूथों पर वोट चोरी हो रही है और आलंद विधानसभा क्षेत्र में उसके गढ़ कहे जाने वाले 10 प्रमुख बूथों पर सबसे ज्यादा नाम हटाये गये हैं। इन बूथों पर 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने 10 में से आठ बूथों पर जीत दर्ज की थी। वोट चोरी का यह खेल संयोग नहीं है बल्कि सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। चुनाव आयोग को वोट चोरी करना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबूत हैं कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सॉफ्टवेयर, कॉल सेंटर का इस्तेमाल हुआ है। इस पूरी 'वोट चोरी' में मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। 'वोट चोरी' का मास्टरमाइंड कौन है। सबको पता चल जाएगा। उनका कहना था कि वह सबूत के साथ बता रहे हैं कि जो नाम हटाये गये हैं - वो सॉफ्टवेयर, कॉल सेंटर के जरिये किये गये। श्री गांधी ने कहा, ''यह केंद्रीयकृत आपराधिक अभियान है जो वोट चोरी के लिए शुरु किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत ऑटोमेटिक रूप से ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं और कर्नाटक से बाहर के मोबाइल नम्बर का इस्तेमाल कर कांग्रेस के वोटों को निशाना बनाया जा रहा है। चुनाव आयोग को वोट चारों की रक्षा नहीं करनी चाहिए और उसे एक सप्ताह में कर्नाटक सीआईडी को जवाब देना चाहिए।'' मुख्य चुनाव आयुक्त पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, ''श्री ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं। मैं जो भी बोल रहा हूं, वो शत-प्रतिशत सबूत के साथ बोल रहा हूं। कर्नाटक सीआईडी ने मामला दायर किया और चुनाव आयोग को 18 पत्र लिखकर यह बताने को कहा कि उसे गंतव्य यानि डेस्टिनेशन आईपी, डिवाइस गंतव्य पोर्ट, ओटीपी ट्रोल्स, फ़ोन नंबर और उन फोन नंबर के मालिकों के नाम बताये जायें। फरवरी 2023 में प्राथमिकी होती है और मार्च में कर्नाटक सीआईडी चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ब्यौरा मांगता है। अगस्त 2023 में आधी-अधूरी जानकारी दी जाती है, ताकि जांच आगे न बढ़ सके, जिसके बाद पूरी जानकारी के लिए चुनाव आयोग को 18 बार फिर से पत्र भेजे गये। मार्च 2025 में कर्नाटक के चुनाव अधिकारी ने भी चुनाव आयोग से विवरण मांगा और आखिरी पत्र सितंबर में भेजा गया है लेकिन कोई जवाब नहीं आया। ये सारे सबूत हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं और ये सब 'ब्लैक एंड वाइट' सबूत हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह साजिश कौन कर रहा है इसकी जानकारी उसको नहीं है जिनके नाम काटे जा रहे हैं। इनमें नागराज जी को देखिए जिन्होंने 36 सेकंड में दो फॉर्म भर दिये। इसमें ख़ास बात यह है कि नागराज जी, सुबह चार बजे उठे, 36 सेकंड में दो फॉर्म भरे और फिर दो वोट काटकर सो गए। इसी तरह से सूर्यकांत जी ने 12 मतदाताओं के नाम को 14 मिनट में हटाया लेकिन जब हमने इनसे पूछा कि आपने ये कैसे किया तो उन्होंने कहा कि हमने नाम नहीं हटाये, हमें इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं है। एक और सबूत गोदाबाई का है। गोदाबाई जी के नाम पर 12 वोटर हटाये गये हैं, जिनके बारे में गोदाबाई को कोई जानकारी नहीं है। सवाल है-जिन नंबर से 12 वोटर हटाये गये , वो किसके नंबर हैं। ये मोबाइल नंबर किसने और कहां से ऑपरेट किये जा रहे हैं। इन नंबरों का आईपी एड्रेस क्या था। नाम हटाने के लिए ओटीपी किसको गया। जब इन नंबरों पर फोन किया जाता है, तो कोई जवाब नहीं आता हमारा सवाल था कि क्या चुनाव आयोग सोया हुआ है लेकिन ऐसा नहीं है- वो जगे हुए हैं और वोट चोरी में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जी से हमारी मांग है कि आप अपना काम कीजिए, क्योंकि आपने शपथ ली है। हमारी मांग है कि कर्नाटक की सीआईडी जो सबूत मांग रही है, आप उन्हें सात दिन के अंदर सबूत दे दीजिए। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो पूरा हिंदुस्तान मान लेगा कि आप संविधान की हत्या में शामिल हैं और वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं।''

# चमोली जिले में टूटा आपदा का पहाड़ : मुख्यमंत्री ने बचाव अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

■ मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के सचिव से ली चमोली में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी

देहरादून। उत्तराखंड में के चमोली जिले की तहसील नंदानगर के ग्राम कुन्तरी लगाफाली, ग्राम कुन्तरी लगा सरपाणी एवं ग्राम-धुर्मा में अतिवृष्टि के कारण भारी मलबा आने से काफी नुकसान हुआ है। इस आपदा में कई लोग लापता हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के सचिव से चमोली जनपद में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के सचिव विनोद कुमार सुमन से बचाव अभियान की जानकारी ली औरविभिन्न घटनाओं में घायल लोगों का बेहतर से बेहतर उपचार करने व लापता लोगों की खोज के लिए बचाव अभियान को तत्परता से संचालित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य संचालित करने, प्रभावितों को तत्काल मदद पहुंचाने व प्रभावित लोगों को असुरक्षित स्थानों से सुरक्षित स्थानों में पहुंचने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। जिन भाई-बहनों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके रहने, भोजन के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द बिजली तथा पानी की आपूर्ति बहाल करने और क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए



हैं। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि बीती देर रात चमोली जनपद के तहसील नंदानगर के ग्राम कुन्तरी लगाफाली, ग्राम कुन्तरी लगा सरपाणी एवं ग्राम-धुर्मा में अतिवृष्टि के कारण भारी मलबा आने से नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आज प्रातः 3 बजे तहसील नदांनगर अंतर्गत ग्राम-कुन्तारी लगाफाली में अतिवृष्टि के कारण आठ व्यक्तियों के लापता होने तथा मलबे में दबने एवं 15-20 भवन व गौशाला के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि मलबे में दबे तीन लोगों को जिनमें दो महिलाओं एवं एक बच्चा शामिल है, को बचाव दल ने रैस्क्यू किया है। लगभग 150-200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नंदानगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना स्थल पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं आईटीबीपी गौचर 8वीं वाहिनी की टीमों को बचाव कार्य हेतु भेजा गया है। भारी वर्षा एवं मार्गों में जगह-जगह भूस्खलन होने के कारण रैस्क्यू टीमों को घटना स्थल पर पहुंचने में विलंब हो रहा है। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने वाली है।

# दिल्ली में 502 पालनाघर आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्रों का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को न्यू अशोक नगर स्थित दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में 502 पालनाघर आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्रों (शिशु गृह) का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि दिल्ली में 502 पालना आंगनवाड़ी सह क्रेच केंद्र का शुभारंभ कामकाजी और मेहनतकश माताओं के जीवन में सुकून की नई रेखा है। ये केंद्र नन्हे बच्चों के पोषण और देखभाल का भरोसा है। अब माताएं निश्चिंत त होकर अपने सपनों और जिम्मेदारियों को संतुलित कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली की माताओं को यह अमूल्य उपहार मिला है। ये 502 केंद्र नन्हे बच्चों के पोषण और देखभाल का संबल बनेंगे तथा कामकाजी व मेहनतकश माताओं को अपने रोजगार और जिम्मेदारियों को सहजता से निभाने में सहयोग देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी और क्रेच कार्यकर्ताओं को अब नए नाम मौसी से पुकारा जाएगा जो मां जैसा स्नेह, ममता और देखभाल का प्रतीक है। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, विधायक रविकांत, रवि नेगी, जिला अध्यक्ष विजेंद्र धामा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




# जाले विधानसभा 2025 : ब्राह्मण समीकरण और बदलता जनमत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दरभंगा। 2020 के चुनाव में जाले विधानसभा सीट पर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी जीवेश कुमार ने कंाग्रेस के मस्कूर अहमद उस्मानी को लगभग 21,800 वोटों से हराया। भाजपा को 51.66% और कंाग्रेस को 38.78% मत मिले। 2015 में भाजपा ने जदयू के ऋषि मिश्र को मात्र 4,600 वोटों से हराया था, जबकि 2020 में यह अंतर कई गुना बढ़ा। यह भाजपा की बढ़ती पकड़ का संकेत था, पर 2025 की तस्वीर पहले जैसी आसान नहीं दिखती।

**भाजपा में गहराता असंतोषः** जीवेश मिश्रा की छवि हाल के वर्षों में फीकी पड़ी है। स्थानीय कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उन्होंने चाटुकारों को बढ़ावा देकर ईमानदार पार्टी कार्यकर्ताओं को हाशिये पर धकेल दिया। पत्रकार पर हमले जैसी घटनाओं ने संगठनात्मक छवि को भी चोट पहुंचाई है। विकास कार्यों की गति और पारदर्शिता पर जनता के सवाल बढ़ रहे हैं। उनके खिलाफ यह धारणा भी बनी कि वे ब्राह्मण समाज की एकता का लाभ तो उठाते हैं, पर पार्टी के भीतर किसी नए नेतृत्व को पनपने नहीं देते।

**जातीय संतुलन और ब्राह्मण मतदाताः** जाले सीट ब्राह्मण बहुल होने के कारण हर चुनाव में ब्राह्मण वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। 2015 में जदयू के ब्राह्मण प्रत्याशी ऋषि मिश्र ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। 2020 में विपक्ष ने ब्राह्मण चेहरा नहीं उतारा, जिससे भाजपा को सीधा लाभ मिला। 2025 में यह समीकरण बदल सकता है। यदि महागठबंधन एक मजबूत ब्राह्मण प्रत्याशी उतारता है तो मुकाबला कंाटे का होगा।

**ऋषि मिश्रः नई उम्मीद का चेहराः** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्र के पोते और पूर्व सांसद विजय मिश्र के पुत्र ऋषि मिश्र पहले से ही जाले में मजबूत पहचान रखते हैं। भले ही उनकी राजनीति में अवसरवाद के आरोप लगते रहे हों, पर बीते वर्षों में उन्होंने जाले के लोगों से गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनाया है। बाहरी होने के बावजूद उन्होंने जनता के बीच सतत उपस्थिति दर्ज कराई, जो उनकी सबसे बड़ी ताकत है। ब्राह्मण समाज ही नहीं, युवा और बौद्धिक तबके में भी उनका संवाद गहरा है।

**विपक्ष की रणनीतिः** 2020 में महागठबंधन ने कंाग्रेस प्रत्याशी मस्कूर उस्मानी को टिकट देकर प्रयोग किया था, परंतु उस्मानी को हिंदू बहुल ब्राह्मण मतदाताओं का समर्थन नहीं मिला। अब माहौल बदलने का मौका है। यदि राजद ऋषि मिश्र को उम्मीदवार बनाता है तो ब्राह्मण वोट बैंक और भाजपा विरोधी लहर का स्वाभाविक फायदा मिल सकता है। संगठन को मज़बूत करना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना महागठबंधन की अगली चुनौती होगी।

**2025 का संकेतः** भाजपा को संगठनात्मक नाराज़गी दूर कर कार्यकर्ताओं का विश्वास लौटाना होगा। अन्यथा जीवेश मिश्रा की ब्राह्मण छवि भी उन्हें नहीं बचा पाएगी। जातीय समीकरण साधने और विकास कार्यों को रफ्तार देने में भाजपा की नाकामी महागठबंधन के लिए अवसर है।

यदि राजद/महागठबंधन ने ऋषि मिश्र को उम्मीदवार बनाया, तो जाले की राजनीति में नया समीकरण बन सकता है और भाजपा के लिए 2020 जैसी प्रचंड जीत दोहराना कठिन हो जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने धार्मिक न्यास समागम का किया उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित बापू सभागार में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा आयोजित धार्मिक न्यास समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियो का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद




के अध्यक्ष डॉ रणवीर नंदन, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य सायन कुणाल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, साधु-संत, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अमृतसर में 25 किलो हेरोइन, पिस्तौल बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और मादक द्रव्य रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) ने सीमा पार तस्करी के खिलाफ एक उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए, बुधवार देर रात एक संयुक्त नाके के दौरान अमृतसर के बेहरवाल गाँव के पास मादक पदार्थों की भारी खेप के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, संयुक्त टीम ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका और सवार को हिरासत में लिया, जो एक मादक पदार्थ तस्कर निकला। उसके बैग में से 125 करोड़ रुपए की 25.9 किलोग्राम और दो मैगज़ीन वाली एक पिस्तौल बरामद हुई। मोटरसाइकिल के अलावा एक आईफोन 14 भी बरामद किया गया। अधिकारी ने संदेह व्यक्त किया कि यह प्रतिबंधित पदार्थ सीमा पार से ड्रोन के ज़रिए गिराया गया था।

# भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के वैज्ञानिकों ने किया भीमगोड़ा भूस्खलन क्षेत्र का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। भीमगोड़ा क्षेत्र में पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन के उचित प्रबंधन के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर आज उत्तराखंड भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र के भूवैज्ञानिक टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर हो रहे भूस्खलन के उचित प्रबंधन के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीनियर भूवैज्ञानिक डॉ रुचिका टंडन ने बताया कि भीमगोड़ा क्षेत्र के मेजर भूगर्भीय समस्या है। यह रॉक मड स्टोन का पहाड़ है, जो बहुत कमजोर है। उन्होंने कहा कि यहां के स्टोन का परीक्षण कराया जायेगा, परीक्षण उपरांत ही भूस्खलन क्षेत्र के उचित प्रबंधन के लिए व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने



कहा कि इसकी जांच रिपोर्ट जल्द ही प्रशासन को उपलब्ध कराई जाएगी तथा इस संबंध में जो भी ट्रीटमेंट प्लान तैयार किया जाएगा उसके लिए वन विभाग, रेलवे, लोक निर्माण विभाग एव आपदा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की जाएगी। निरीक्षण के दौरान भूवैज्ञानिक डॉ रघुबीर, उप निर्देशक राजाजी पार्क अजेय नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक कुमार, सहायक अभियंता लोनिवि गणेश जोशी, सुनील कुमार एवं रेंजर वीरेंद्र तिवारी, चौकी इंचार्ज हरकी पौड़ी संजीत कंडारी आदि मौजूद रहे।

## बेतिया में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ शुभारंभ

**बेतिया।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उत्तरवारी पोखरा पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया, सांसद प्रतिनिधि वैभव चौबे और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद शहाबुद्दीन के उपस्थिति में गुरुवार को हुआ। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थान में आने वाले सभी महिलाओं का ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दाँत की जांच, गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, एनीमिया का स्तर, टीबी जांच, परिवार नियोजन, एचपीवी टीकाकरण की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने एसआईआर कार्यक्रम का किया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को चुनाव आयोग के शुरू किए गए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्यक्रम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वोट हम सबका अधिकार है और फर्जी वोट प्रजातंत्र पर बदनुमा दाग है। प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने आज पत्रकारों से बातचीत में आम आदमी पार्टी और कंाग्रेस पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षो से उन्होंने लुभावने वादों के जरिए फर्जी वोट बनवाने और घुसपैठियों को वोटर लिस्ट में शामिल करने का काम करती रही हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में अचानक 13 लाख वोट बढ़े और 2020 के चुनाव तक यह संख्या 8 लाख से अधिक बढ़ गई। उन्होंने कहा कि जांच में पाया गया है कि फुटपाथ पर नकली घर नंबर डालकर अल्पसंख्यक वोट बनाए गए। सचदेवा ने कंाग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल पर एसआईआर कार्यक्रम का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका यह विरोध सिर्फ उन घुसपैठी वोटरों को बचाने के लिए है जो इनके वोटर बन सकते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग की नई प्रक्रिया के बारे में बताया कि 2002 की वोटर लिस्ट को आधार मानकर विशेष पुनरीक्षण होगा। जिनका नाम 2002 की सूची में है उन्हें केवल एन्यूमरेशन फॉर्म भरना होगा और जिनका नाम नहीं है, वे अपने माता-पिता के नाम की प्रति लगाकर नामांकन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि वोटर लिस्ट पूरी तरह दिल्ली के वास्तविक मतदाताओं की हो और उसमें कोई फर्जी या घुसपैठिया नाम न रहे।

# मुख्यमंत्री ने मसूरी रोड व किमाड़ी में आपदाग्रस्त इलाकों का किया निरीक्षण

■ बोले-तत्काल सुनिश्चित करें वैकल्पिक व्यवस्थाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मसूरी रोड और किमाड़ी क्षेत्र में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्य सड़कों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें यातायात के लिए सामान्य बनाया जाए और आवश्यकतानुसार लोगों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाएं।

गुरुवार को राज्य आपदा परिचालन केंद्र से प्रदेशभर में अतिवृष्टि से नुकसान की जानकारी और राहत व बचाव कार्यो की समीक्षाकरने के बाद मुख्यमंत्री धामी मसूरी



रोड और किमाड़ी क्षेत्र में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन को शीघ्र सामान्य करने के लिए सभी संबंधित विभागों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित परिवारों को आपदा मानकों के अनुसार त्वरित आर्थिक सहायता एवं मूलभूत सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरंतर हो रही वर्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में आवागमन अवरुद्ध हुआ है,, वहां प्राथमिकता के आधार पर वैकल्पिक मार्ग एवं राहत शिविर स्थापित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा की इस घड़ी में पूरी संवेदनशीलता के साथ आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है और प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन को जल्द से जल्द सामान्य बनाने के लिए सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिल्ला, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह और जिला प्रशासन के अधिकारी भी थे।

## मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा ने शुरू किया सेवा पखवाड़ा

चंडीगढ़। चंडीगढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आज सेक्टर-21 स्थित गवर्नमेंट मॉडल स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में पार्टी ने 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान चंडीगढ़ सहित पूरे देश में समाजहित और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों में पौधारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान और मैराथन रेस शामिल की गयी हैं। इन आयोजनों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया जायेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह पखवाड़ा केवल उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि समाज को सेवा, सहयोग और सकारात्मक दिशा देने का प्रयास है। पार्टी प्रवक्ताओं ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों और इलाकों में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित होंगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063